हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

www.ksnewsupdates.com
धनबाद, रविवार 20 अक्टूबर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 197, मूल्य : 2 रूपए
धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube
Subscribe
Koylanchal sambad news

## संक्षिप्त खबरें

### लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पहुंचे रांची, सीएम हेमंत ने की मुलाकात



रांची : लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार को रांची पहुंचे. इसके बाद वे होटल रेडिशन ब्लू पहुंचे. वहां सीएम हेमंत सोरेन, बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सहित इंडि गठबंधन में शामिल दलों के नेताओं से भी मुलाकात की. राहुल गांधी रांची के शौर्य सभागार में आयोजित संविधान सम्मान सम्मेलन में हिस्सा लेंगे. राहुल गांधी के रांची पहुंचने पर एयरपोर्ट पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित कई कांग्रेस ने नेताओं ने उनका स्वागत किया. बताते चलें कि वहां बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी इसी होटल में ठहरे हुए हैं.

### डीजीपी पद से हटे अनुराग गुप्ता अजय सिंह बने डीजीपी



रांची(ईएमएस)।चुनाव आयोग के निर्देश के बाद 1990 बैच के आईपीएस अनुराग गुप्ता से झारखंड डीजीपी पद का प्रभार वापस ले लिया गया और उन्हें निर्देश दिया गया कि झारखंड पुलिस हाउसिंग के एमडी के पद पर पदस्थापित अजय कुमार को यह प्रभार सौंपे। इसको लेकर शनिवार की शाम गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई।

### बिहार के आईएएस संजीव हंस को 29 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेजा

पटना,(ईएमएस)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजीव हंस को गिरफ्तार कर लिया है। संजीव के करीबी और बिजनेस पार्टनर आरजेडी के पूर्व विधायक गुलाब यादव को भी ईडी ने गिरफ्तार किया है। इन दोनों की गिरफ्तारी मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत की गई है। संजीव हंस और गुलाब यादव के ऊपर आय से अधिक संपत्ति और अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप है। संजीव के पटना स्थित सरकारी घर पर ईडी की टीम मौजूद पहुंची थी और उन्हें गिरफ्तार किया था। उधर गुलाब यादव को दिल्ली के एक रिसॉर्ट से गिरफ्तार किया। संजीव हंस को बिहार के सीएम नीतीश कुमार का पसंदीदा आईएएस अधिकारी माना जाता है और उन्हें नीतीश सरकार में लंबे वक्त से महत्वपूर्ण पद मिलते रहे हैं। संजीव हंस बिहार कैडर के ऐसे पहले आईएएस अधिकारी हैं जिन्हें ईडी ने गिरफ्तार किया है। ईडी ने संजीव हंस को विशेष कोर्ट में पेश किया। जहां से 29 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्हें बेऊर जेल भेजा गया है जबकि पूर्व विधायक गुलाब को शनिवार को दिल्ली से पटना लेकर गई। बता दें कि ईडी की पहल पर बिहार की विशेष निगरानी इकाई ने संजीव हंस और पूर्व विधायक गुलाब यादव के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया हुआ है। विशेष निगरानी की कार्रवाई के आधार पर ईडी ने कुछ दिन पहले ही आईएएस संजीव हंस व पूर्व विधायक गुलाब यादव, संजीव हंस की पत्नी समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ मनी लांड्रिंग का मामला दर्ज किया था।

### राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष बनी विजया रहाटकर

मुंबई, (ईएमएस)। भाजपा की राष्ट्रीय सचिव विजया रहाटकर को राष्ट्रीय महिला आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। विजया रहाटकर महाराष्ट्र महिला आयोग की अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। इसके बाद अब केंद्र सरकार ने उनकी नियुक्ति कर दी है। वह राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष बनने वाली पहली मराठी व्यक्ति बन गई हैं। उन्हें केंद्रीय राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त होगा। आपको बता दें कि संवैधानिक दर्जा प्राप्त राष्ट्रीय महिला आयोग के पास बहुत व्यापक शक्तियाँ हैं। इसमें मुख्य रूप से महिलाओं की उन्नति के लिए संवैधानिक और कानूनी मुद्दों की समीक्षा करना, संसदीय-विधायी सिफारिशें करना, महिला नीतिगत मुद्दों पर केंद्र और राज्य सरकारों को सलाह देना, महिलाओं के मुद्दों पर शोध करना, उनकी बाधाओं को दूर करने के लिए कार्रवाई करना आदि शामिल है। 1992 में एक विशेष कानून के तहत स्थापित इस आयोग के पास सिविल कोर्ट की शक्तियां हैं।

विजया रहाटकर का महाराष्ट्र बीजेपी युवा मोर्चा की उपाध्यक्ष से लेकर बीजेपी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष और अब बीजेपी की राष्ट्रीय सचिव तक का सफर रहा है। वह लंबे समय तक भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्य भी रही हैं। फिलहाल वह राजस्थान बीजेपी की संयुक्त प्रभारी के तौर पर काम कर रही हैं। राजस्थान विधानसभा में भाजपा की सफलता में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### आज वाराणसी के दौरे पर पीएम मोदी चर्चा में 10 हाथों वाला बैनर

वाराणसी (ईएमएस)। भाजपा के स्टार प्रचारक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 अक्टूबर को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दौरे पर जाएंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी में कई परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करने वाले है। पीएम मोदी के वाराणसी आगमन को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है। भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा लोग भी प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर बेहद खुश दिख रहे हैं। वाराणसी की सड़कों पर पीएम मोदी के 10 हाथों वाला बैनर भी जगह-जगह लगाया गया है। इस बैनर में पीएम मोदी को युग पुरुष के तौर पर दिखाया गया है। बैनर में पीएम मोदी स्वच्छता अभियान का संदेश दे रहे हैं। उनके एक हाथों में श्री राम मंदिर को दिखाया गया है, वहीं अन्य में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चलाई गई योजनाओं की झलक देखने को मिल रही है। मेक इन इंडिया से लेकर, आर्टिकल 370, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, डिजिटल इंडिया, स्मार्ट सिटी मिशन, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जैसी योजनाएं इस बैनर में प्रदर्शित की गई हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के वाराणसी दौरे को लेकर भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमन सोनकर ने बताया कि 20 अक्टूबर को प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी आ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर जिला स्तर के भाजपा कार्यकर्ता व लोगों में उत्साह का माहौल है।

# झामुमो और कांग्रेस 70 सीटों पर लड़ेगी चुनाव : सीएम हेमंत



रांची : इंडि गठबंधन में सीट शेयरिंग फाइनल स्टेज में है. शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झामुमो और कांग्रेस 70 सीटों पर चुनाव लड़ेगी. शेष सीटों पर सहयोगी दल चुनाव लड़ेंगे. इस हिसाब से 11 सीटों का बंटवारा राजद और माले के बीच होगा. सीएम ने कहा कि फिलहाल पहले चरण में ये बातें तय की गई हैं.

#### सीट शेयरिंग में हर पहलू पर रखा गया है ध्यान

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि सीट शेयरिंग में हर पहलू पर ध्यान रखा गया है. उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी गठबंधन अपने-अपने ताल ठोक रहे हैं. कौन कहां से चुनाव लड़ेगा, इसकी जिज्ञासा बनी रहती है. इंडि गठबंधन ने चुनाव को गंभीरता से लेते हुए हर पहलू को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया है. अब लेफ्ट पार्टी की भूमिका अहम होगी. जल्द ही नाम भी तय कर लिए जाएंगे कि कौन कहां से लड़ेगा.

#### 43 से 45 सीट आ सकती है झामुमो के खाते में

जानकारी के अनुसार, झामुमो के खाते में 43 से 45 सीटें आ सकती हैं. वहीं कांग्रेस के खाते में 28 से 30 सीट आने की संभावना है. चर्चा यह है कि शेष 11 सीटों में सात राजद और चार माले के खाते में जाने की संभावना है.

#### जल्द ही उम्मीदवारों के नामों का होगा ऐलानः मीर

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि सीट शेयरिंग लगभग फाइनल है. पार्टी उम्मीदवारों का नाम फाइनल करने में जुटी है. जल्द ही इसका ऐलान कर दिया जाएगा.

#### 2019 के चुनाव में कौन कितनी सीट पर लड़ा था चुनाव

• झामुमो- 43, • कांग्रेस- 31, • राजद- 07, • झामुमो ने 30 सीटों पर जीत हासिल की थी. कांग्रेस ने 16 सीटों पर जीत हासिल की थी राजद ने एक सीट जीती थी.

## भाजपा की पहली लिस्ट में 66 उम्मीदवारों का नाम जारी

### बाबूलाल मरांडी धनवार से और सीपी सिंह रांची से लड़ेंगे चुनाव




रांची (ईएमएस)। झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने पहली लिस्ट जारी कर दी है। भाजपा की पहली लिस्ट में 66 उम्मीदवारों के नाम जारी है। वहीं पहली लिस्ट जो जारी हुई है, उसमें कई दिग्गजों के नाम हैं। जेएमएम से भाजपा में शामिल सीता सोरेन, चंपाई सोरेन और उनके बेटे बाबूलाल सोरेन पर पार्टी ने विश्वास जताते हुए टिकट दिया है।

राजमहल- अनंत ओझा, बोरियो- लोबिन हेंब्रम, लिट्टीपाड़ा-बाबूधान मुर्मू, महेशपुर- नवनीत हेंब्रम, शिकारीपाड़ा- परितोष सोरेन, नाला- माधवचंद्र महतो, जामताड़ा- सीता सोरेन, दुमका- सुनील सोरेन, जामा- सुरेश मुर्मू, जरमुंडी-देवेंद्र कुंवर, मधुपुर- गंगानारायण सिंह, सारठ- रंधीर सिंह, देवघर-नारायण दास, पौड़ैयाहाट- दवेंद्रनाथ सिंह, गोड्डा- अमित मंडल, महगामा-अशोक भगत, कोडरमा-नीरा यादव, बरकट्ठा-अमित यादव, बरही- मनोज यादव, बड़कागांव- रोशन लाल चौधरी, सिमरिया- उज्जवल दास, हजारीबाग- प्रदीप प्रसाद, बगोदर-नागेंद्र महतो, जमुआ- मंजू देवी, गांडेय- मुनिया देवी, गिरिडीह- निर्भय शाहाबादी, बेरमो- रवींद्र पांडेय, बोकारो- विरंची नारायण, चंदनक्यारी-अमर बाउरी, सिंदरी- तारा देवी, निरसा-अर्पणा सेन गुप्ता, धनबाद- राज सिन्हा, झरिया-रागिनी सिंह, बाघमारा- शत्रुध्न महतो, बहरागोड़ा- दिनेशानंद गोस्वामी, घाटशिला- बाबूलाल सोरेन, पोटका- मीरा मुंडा, जमशेदपुर पूर्वी- पूर्णिमा दास, सरायकेला- चंपाई सोरेन, चाईबासा- गीता बलमुचू, मझगांव- बड़कुंवर गगरई, जगन्नाथपुर-गीता कोड़ा, चक्रधरपुर-शशिभूषण समड, खरसांवा- सोनाराम बोदरा, तोरपा- कोचे मुंडा, खूंटी-नीलकंठ सिंह मुंडा, खिजरी-रामकुमार पाहन, धनवार- बाबूलाल मरांडी, रांची- सीपी सिंह, हटिया-नवीन जायसवाल, कांके-जीतू चरण राम, मांडर- सन्नी टोप्पो, सिसई-अरूण उरांव, गुमला- सुदर्शन भगत, विशुनपुर- समीर उरांव, सिमडेगा- श्रद्धानंद बेसरा, कोलेबिरा- सुजान जोजो, मनिका- हरेकृष्ण सिंह, लातेहार-प्रकाश राम, पांकी- शिवपूजन मेहता, डालट्नगंज- आलोक चौरसिया, विश्रामपुर- रामचंद्र चंद्रवंशी, छत्तरपुर- पुष्पा भुईंया, हुसैनाबाद- कमलेश सिंह, गढवा- सत्येंद्र तिवारी, भावनाथपुर- भानू प्रताप शाही

## 50 हजार तक नकद रुपये लेकर चलने की छूट : के रवि कुमार

रांची : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार शनिवार को निर्वाचन सदन में प्रेस वार्ता की. इसमें रवि कुमार ने बताया कि प्रथम चरण के विधानसभा चुनाव के नामांकन के दूसरे दिन शनिवार को सिर्फ एक व्यक्ति ने हटिया से अपनी उम्मीदवारी का पर्चा दाखिल किया है. इसे लेकर अब तक विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में दाखिल नामांकनों की कुल संख्या 4 हो गयी है. उन्होंने बताया कि 20 अक्टूबर को रविवार का अवकाश होने के कारण नामांकन पत्र दाखिल नहीं होंगे.

एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि नकद 50 हजार रुपये लेकर चलने पर कोई पाबंदी नहीं है. 50 हजार से 10 लाख रुपये तक नकद लेकर चलने पर उसे जब्त कर संबंधित डीडीसी की कमेटी में यह परीक्षण होगा कि यह राशि चुनाव कार्य या आपराधिक गतिविधि से जुड़ा है या नहीं. अगर इससे जुड़ा मिला, तो उसे जब्त कर कानूनी कार्रवाई होगी. कमेटी अगर आश्वस्त होती है कि राशि वैध है, तो उसे संबंधित व्यक्ति को सौंप देगी. वहीं अगर किसी को बैंक आदि में रुपये जमा करना होता है, तो वह डीडीसी की पूर्वानुमति लेकर बिना रोक टोक ऐसा कर सकता है. 10 लाख से ऊपर की जब्त राशि के मामले को आयकर विभाग देखेगा.

उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक तीन करोड़ 15 लाख से अधिक के अवैध सामान और नकदी जब्त की गयी है. 49.61 लाख की सर्वाधिक जब्ती पाकुड़ में हुई है. इसी प्रकार धनबाद में 46.72 लाख, दुमका में 34.23 लाख और पलामू में अब तक 29.04 लाख रुपये मूल्य के अवैध सामान और नकदी की जब्ती हुई है.

### कल्पना सोरेन का केंद्र सरकार पर हमला, कहा

## झारखंड के 1.36 लाख करोड़ रुपए दबाकर बैठी है सरकार



गिरिडीह (ईएमएस)। गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने शनिवार को केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि केंद्र की मोदी सरकार झारखंड के एक लाख 36 हजार करोड़ रुपए दबाकर बैठी है।यदि ये रुपए देती, तो झारखंड में विकास की गति और तेज हो जाती।कल्पना सोरेन डुमरी प्रखंड के आदिवासी बहुल पारगो तिलैया में झामुमो की सभा को संबोधित कर रही थीं।कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य में पीएम आवास बंद कर दिया, तो हेमंत सोरेन सरकार ने अबुआ आवास योजना लाकर राज्य के जरूरतमंदों को तीन कमरों वाला आवास दिया।राज्य सरकार ने मंईयां सम्मान योजना लाकर सूबे की आधी आबादी को सम्मान दिया है।इसी तरह सावित्री बाई फुले, सर्वजन पेंशन,बिरसा हरित ग्राम सहित दर्जनों योजनाएं शुरू कर झारखंडियों को उनका हक देने का काम किया है। सीएम हेमंत सोरेन झारखंड व झारखंडियों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए पूरी संवेदनशीलता से जुटे हैं।उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही दिसंबर से मंईयां सम्मान की राशि बढ़कर ढाई हजार रुपए हो जाएगी।

### टंडवा, बड़कागांव, पिपरवार और केरेडारी थाना प्रभारी को डीआईजी का आदेश

## टीपीसी संगठन पर करें कड़ी कार्रवाई



रांची : हजारीबाग रेंज के डीआईजी सुनील भास्कर ने टीपीसी उग्रवादी संगठन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए हैं. शनिवार को डीआईजी ने टंडवा स्थित एनटीपीसी गेस्ट हाउस में टंडवा, बड़कागांव, पिपरवार, बुढ़मू और केरेडारी थाना प्रभारी और एसडीपीओ के साथ समीक्षा बैठक की. इस दौरान डीआईजी में थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि क्षेत्र में सक्रिय टीपीसी उग्रवादी के खिलाफ एक्शन प्लान बनाकर कड़ी कार्रवाई करें. इसके अलावा डीआईजी ने कहा, जिन नंबरों से कोयला कारोबारी समेत कई कारोबार से जुड़े लोगों को धमकी आ रही है,उसका अनुसंधान करें. साथ ही घटित कांड का त्वरित अनुसंधान करने के आदेश दिए. हजारीबाग और चतरा में कोल ट्रांसपोर्टिंग में लगे हाइवा चालकों को टीपीसी उग्रवादी संगठन ने बीते दिनों चेतावनी दी थी. संगठन ने प्रेस नोट जारी कर हाइवा चालकों को वाहन नहीं चलाने को कहा था. संगठन ने जारी प्रेस नोट में कहा था, कि बड़कागांव केरेडारी से टंडवा, टंडवा से पिपरवार तक हाइवा चलाने वाले सभी चालकों और उपचालकों को कड़ी हिदायत के साथ चेतावनी दी जा रही है. पहले भी कई बार चेतावनी दी गयी है. पहली चेतावनी सदाबह नदी के पास गोलीबारी करके दी गयी थी. फिर भी कंपनी ने संगठन से बात नहीं किया. इस वजह से केरेडारी में आगजनी और गोलीबारी के साथ चालकों के साथ मारपीट की गयी. फिर भी कंपनी को कोई फर्क नहीं पड़ा. इसलिए आप सभी हाइवा चालकों और उपचालकों से निवेदन है कि आप इस कंपनी में गाड़ी नहीं चलाए.

# चीन के टाइप-15 टैंक से भी 10 टन हल्का है भारत का जोरावर

नई दिल्ली : हाल ही में भारतीय सेना के लिए बनाए गए लाइट माउंटेन टैंक जोरावर का राजस्थान के रेगिस्तानी इलाके जैसलमेर में फील्ड ट्रायल किया गया था। शुरुआती ऑटोमोटिव ट्रायल्स में जोरावर ने अलग-अलग रेंज के टारगेट्स पर बिल्कुल सटीक निशाने साधे। इसके बाद लद्दाख के माइनस जीरो डिग्री तापमान में भी इसके ट्रायल किए जाएंगे। जोरावर के ट्रायल्स 2026 तक चलेंगे। जिसके बाद उसका प्रोडक्शन शुरू किया जाएगा। जोरावर को डीआरडीओ और एलएंडटी ने ढाई साल की मेहनत के बाद तैयार किया है। जोरावर के साथ सबसे खास बात यह है कि यह टी-72 या टी-90 जितना भारी नहीं है। चीन के टाइप 15 लाइट टैंक की तुलना में बेहद हल्का है और इसका वजन मात्र 25 टन है। जबकि चीन के टैंक का वजन 35 टन है। सूत्रों ने बताया कि चीनी टैंक के मुकाबले इसका वजन कम रखने के पीछे कई वजह हैं।

#### ऑपरेशनल जरूरतों को रखा ध्यान

भारतीय सेना की प्रोविजनल स्टाफ क्वालिटेटिव रिक्वायरमेंट्स ने चीन के टाइप 15 लाइट टैंक के मुकाबले के लिए हल्के टैंक की मांग की थी। ताकि वास्तविक नियंत्रण रेखा और अन्य सुपर हाई एल्टीट्यूड इलाकों में इसकी तैनाती की जा सके। वहीं इसका वजन चीनी टैंक के मुताबले जानबूझ कर 25 टन रखा गया। जबकि इस कैटेगरी के टैंकों का वजन 33-36 टन तक होता है। सैन्य सूत्रों ने बताया कि परंपरागत तौर पर टैंक की फायरपावर और आर्मर पर फोकस किया जाता है। लेकिन जोरावर के मामले में ऐसा नहीं था। बल्कि इसमें परंपरागत जरूरतों के साथ ऑपरेशनल आवश्यकताओं को भी ध्यान में रखा गया। जोरावर प्रोजेक्ट से जुड़े भारतीय सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, जोरावर को डिजाइन करते वक्त कई चीजों को ध्यान में रखा गया। उन्होंने बताया कि जोरावर को जिन इलाकों में तैनात किया जाना है, वहां के जमीनी हालात और मौसमी परिस्थितियां ही कुछ ऐसी हैं।




#### गलवां संघर्ष से पहले ही चीन ने तैनात कर दिए थे टाइप-15 टैंक

सूत्रों ने बताया कि जोरावर का वजन 25 टन रखने के पीछे यह भी थी कि भारतीय सेना को ऐसा टैंक चाहिए था, जिसकी तैनाती फटाफट की जा सके। खास तौर पर हाई एल्टीट्यूड एरिया। 2020 में भारत-चीन के बीच हुए गलवां संघर्ष के बाद कुछ ऐसे ही हालात थे। उस समय पूर्वी लद्दाख में 90 से ज्यादा टैंकों को तुरतफुरत एलएसी तैनात किया गया था, जिनमें टी-72 टैंक प्रमुख थे। उस समय 6 टी-90 टैंक भी तैनात किए गए थे। बाद में एलएसी पर टी-72 टैंकों की संख्या बढ़ कर 200 तक पहुंच गई थी। वहीं, चीन ने 2020 से पहले ही ZTQ टाइप-15 टैंक एलएसी पर तैनात कर दिए थे। चीन के पास ऐसे 500 टैंक हैं।

सूत्रों ने बताया कि चूंकि टी-72 (44 टन) और टी-90 टैंक (46 टन) जोरावर के मुकाबले भारी हैं और उस दौरान हाई एल्टीट्यूड इलाकों में इन्हें पहुंचाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। वहीं, जोरावर का वजन 25 टन होने से इसे भारतीय वायु सेना के C-130J सुपर हरक्यूलिस और C-17, IL-76 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट से आसानी से एयरलिफ्ट किया जा सकता है। किसी भी तनावपूर्ण स्थिति में लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश जैसे हाई एल्टीट्यूड इलाकों में इसकी तुरंत तैनाती होने से यह युद्ध में गेमचेंजर साबित हो सकता है।

#### लॉजिस्टिक सप्लाई पर नहीं पड़ेगा कोई बोझ

सूत्रों के मुताबिक हाई एल्टीट्यूड इलाकों में जहां कई जगहों पर सड़क संपर्क न के बराबर होता है, वहां ऑपरेशनल रेडिनेस में एयरफोर्स की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। आज के हालात को देखते हुए चीनी टाइप-15 टैंकों के भारी होने के चलते डिप्लॉयमेंट में देरी हो सकती है, लेकिन जोरावर की तैनाती में बिल्कुल भी देरी नहीं होगी। सूत्रों के मुताबिक युद्ध में जैसे हालात में जब आज भी एलएसी पर शांति तो लेकिन वह स्थाई नहीं है, ऐसे में उस दौरान आपको टैंकों के अलावा अपने जवानों और बाकी हथियारों का भी डिप्लॉयमेंट करना होता है। जिससे डिप्लॉयमेंट में देरी होने की संभावना बढ़ जाती है। अकेले गलवां संघर्ष के बाद भारतीय वायुसेना के विमानों ने भारतीय सेना के कई डिवीजन को एयरलिफ्ट किया था, जिसमें कुल 68,000 से अधिक सैनिक, 90 से अधिक टैंक, 330 बीएमपी लड़ाकू वाहन, राडार प्रणाली, तोपें और कई अन्य साजो-सामान शामिल थे। उस समय वायुसेना ने ट्रांसपोर्ट जहाजों ने 9,000 टन की ढुलाई की थी। ऐसे में टैंकों की का नंबर कब आएगा, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। इस लिए जोरावर को 25 टन पर रखकर, भारतीय सेना ने सुनिश्चित किया कि ऐसे हालात में लॉजिस्टिक सप्लाई पर बिना कोई बोझ डाले, टैंकों का तेजी से डिप्लॉयमेंट किया जा सके। सूत्रों ने बताया कि भारतीय वायुसेना के सी-17 ग्लोबमास्टर में एक बार में दो जोरावर टैंक ले जाए जा सकते हैं।

सूत्रों ने बताया कि हाई एल्टीट्यूड इलाकों में नदी-नाले भी बड़ी संख्या होते हैं और जहां भी पूर्वी लद्दाख में जहां भी वास्तविक नियंत्रण रेखा है, ऐसे इलाकों से घिरी हुई है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### अगर मैं सत्ता में आ गया तो जाति को गाली देने वालों को राजनीति नहीं करने दूंगाः पप्पू यादव

छपरा,(ईएमएस)। पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव सारण और सिवान में जहरीली शराब से हुई मौतों के बाद पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे। पप्पू यादव ने पीड़ितों के परिजनों से मुलाकात कर दस-दस हजार की आर्थिक मदद दी है।सांसद पप्पू यादव ने कहा कि जो लोग नफरत पैदा कर रहे हैं और जाति को गाली दे रहे हैं, उनसे मेरा आग्रह है कि त्रिशूल और जाति को गाली देना बंद कीजिए। ये बिहार है। सबको सिखा देता है। मैं जिस दिन सत्ता में आ गया तो जाति को गाली देने वालों को राजनीति नहीं करने दूंगा। न उनको कभी टिकट देंगे। कानून लाएंगे कि कोई भी दल ऐसे लोगों को टिकट नहीं दे सकेगा।पप्पू यादव ने जहरीली शराब से हुई मौतों की घटना पर कहा कि इससे बड़ी दुखद घटना नहीं हो सकती है। यह मौत नहीं है, बल्कि हत्या है। इस हत्या में जो भी शामिल हैं, उनके खिलाफ केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना की तर्ज पर कानूनी कार्रवाई कर आजीवन कारावास की सजा दी जाए। इसके पहले भी इस तरह की घटनाओं में केस कमजोर किया गया है। इसके पहले भी ऐसी घटना में मैं आया था, उसमें न थाने पर कार्रवाई, न किसी पदाधिकारी पर कार्रवाई और न बेचने और बनाने वालों पर कोई कार्रवाई हुई। उन्होंने कहा कि मैं सरकार से मांग करता हूं कि बेचने और बनाने वालों को आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान हो। उनको कभी भी जमानत नहीं मिले. ऐसी घटना से जुड़े जिम्मेदार पदाधिकारी को नौकरी से बर्खास्त कर देना चाहिए और उसके ऊपर हत्या का केस दर्ज होना चाहिए। पप्पू यादव ने कहा एक नेता ने कहा कि लोग तो मरते रहते हैं। मैं उस नेता से पूछना चाहता हूं कि जब बिहार में शराब चालू थी, तब ऐसा नहीं हो रहा था क्या। तब भी तो लोग मर रहे थे। इस जहरीली शराब पर कब बैन लगेगा। उन्होंने कहा कि ये लोग शराब पीकर नहीं, बल्कि जहरीली शराब पीकर मरे हैं. आप नेतागिरी मत कीजिए। औकात और हैसियत है तो आकर लोगों की मदद कीजिए। जिस दिन मैं आ जाऊंगा, एक छटांक भी जहरीली शराब नहीं बनने दूंगा जिस इलाके में इस तरह की घटना होगी, उस इलाके के पदाधिकारियों को 48 घंटे में बर्खास्त किया जाएगा।

### दर्दनाक हादसाः गंगा जल लेकर आ रहे कांवरियों को ट्रक ने कुचला

बांका (ईएमएस)। बिहार के बांका जिले में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। फूलीडूमर थाना क्षेत्र के नगरडीह गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रक अचानक कांवरियों के झुंड में घुस गया। इस घटना में 5 कांवरियों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। सभी कांवरिये सुल्तानगंज से गंगा जल लेकर गौरनाथ महादेव मंदिर की ओर यात्रा कर रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। कांवर यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा-अर्चना के लिए यात्रा पर थे, जब तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और घायलों की सहायता की। घटना के बाद इलाके में शोक और आक्रोश की लहर दौड़ गई है। घटनास्थल पर पहुंचकर प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई की और घायलों को अस्पताल भेजा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और ट्रक चालक की तलाश जारी है।

### प्रशांत किशोर की सभा में बवाल उपचुनाव में प्रत्याशियों के चयन पर भिड़े कार्यकर्ता, कुर्सियां फेंकी गईं

गया (ईएमएस)। जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर के नेतृत्व में गया जिले के बेलागंज विधानसभा क्षेत्र में आयोजित एक सभा हंगामे का शिकार हो गई। यह सभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन को लेकर बुलाई गई थी, जहां कार्यकर्ताओं के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि कुर्सियां फेंकी गईं। इस हंगामे के बीच प्रशांत किशोर मौके से निकल गए।बेलागंज विधानसभा क्षेत्र में अल्पसंख्यक समुदाय से प्रत्याशी उतारने की योजना थी, जिसके तहत मोहम्मद अफजल हसन और खिलाफत हुसैन के नाम प्रमुखता से सामने आए थे। प्रशांत किशोर ने जैसे ही एक प्रत्याशी का नाम घोषित करना शुरू किया, वैसे ही दूसरे प्रत्याशी के समर्थकों ने हंगामा शुरू कर दिया। प्रशांत किशोर माइक से समझाने की कोशिश करते रहे कि वे दबाव में काम नहीं करेंगे, लेकिन स्थिति बिगड़ती चली गई।सभा के दौरान प्रशांत किशोर की अपील का कोई असर नहीं हुआ और उग्र समर्थकों ने कुर्सियां फेंकनी शुरू कर दीं। प्रशांत किशोर मंच छोड़कर वहां से चले गए, जिसके बाद कार्यकर्ताओं ने तोड़फोड़ मचानी शुरू कर दी। हालांकि, प्रशांत किशोर ने इस सभा के दौरान कहा कि वह दबाव में राजनीति नहीं करेंगे और जल्द ही प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से दोनों विधानसभा के प्रत्याशियों के नाम की घोषणा करेंगे।इस सभा में अल्पसंख्यक समुदाय के प्रत्याशियों में से मो. अमजद हसन और खिलाफत हुसैन के नाम पर चर्चा हो रही थी। इसके अलावा मो. दानिश मुखिया और प्रो. सरफराज खान ने भी अपने नाम आगे रखे थे, लेकिन बाद में दानिश मुखिया और सरफराज खान ने अपने नाम वापस ले लिए। हंगामे के बावजूद, प्रशांत किशोर ने स्पष्ट कर दिया कि वह पार्टी के उम्मीदवारों का चयन दबाव के तहत नहीं करेंगे। सभा के बाद भी पार्टी कार्यकर्ताओं में तनाव बना रहा और विवाद का समाधान नहीं हो सका।

### एयरपोर्ट पर स्पाइसजेट की फ्लाइट में संदिग्ध सामान मिलने की सूचना से हड़कंप

दरभंगा : दरभंगा एयरपोर्ट पर दरभंगा से दिल्ली और दरभंगा से हैदराबाद जाने वाली फ्लाइट में कुछ संदिग्ध समान मिलने की खबर से हड़कंप मच गया है। सीआईएसएफ सहित सभी एजेंसियों सहित जिला पुलिस भी सतर्क हो गई है। आज विभिन्न जगहों से उड़ान भरने वाली नौ विमानों में विस्फोटक होने की खबर मिलने की जानकारी मिलते ही हड़कम्प मचा हुआ है। हालांकि दरभंगा एयरपोर्ट पर खड़े दोनों विमान में से कोई भी आपत्तिजनक सामान नहीं मिला। दरभंगा से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली 8477 और दरभंगा से दिल्ली 6ई417 को उड़ाने की धमकी मिलने की बात कही जा रही है। इस सूचना पर सदर एसडीओ विकास कुमार सदर डीएसपी अमित कुमार सहित कई थानों की पुलिस एयरपोर्ट पर जांच में जुट गई है। घटना की पुष्टि करते हुए सदर एसडीओ विकास कुमार ने कहा कि दरभंगा से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसकी जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन सीआईएसएफ सहित कई एजेंसियों की टीम जांच में जुट गई है। धमकी मिलने के कारण अभी जिला पुलिस के सहयोग से सीआईएसएफ सहित कई एजेंसियो के जांच के कारण एयरपोर्ट पर दो विमानों को रोक कर रखा गया है। सभी यात्रियों को जांच के दौरान विमान से उतार दिया गया। बतादें को चार दिन पूर्व भी मुम्बई स दरभंगा को उड़ान भरने वाली स्पाइजेट के विमान को धमकी मिली थी। इसके बाद विमान की जांच की गई जिसमें कोई संदेहास्पद सामान नहीं मिला था।

### सड़क हादसे में पिता-पुत्री की मौत

सीतामढ़ी : सीतामढ़ी में सड़क हादसे में पिता और पुत्री की मौत हो गई। दोनों बाइक से दरभंगा से लौट रहे थे। स्टेट हाईवे 87 सुरसंड-पुपरी मुख्य पथ पर तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। मामला सुरसंड थाना क्षेत्र के धनारी मोर और कोवारी के बीच की है। मृतक पिता की पहचान जिले के परिहार थाना क्षेत्र के बराही गांव निवासी राजा राम साह के रूप में की गई है। वहीं उनकी पुत्री मधु प्रिया (18) के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक राजा राम साह अपने पुत्री मधु प्रिया को परीक्षा दिलाने के लिए दरभंगा गए थे। इसी दौरान परीक्षा देकर सुरसंड स्थित घर पर लौट रहे थे, तब बीती रात एसएच 87 पर दुर्घटना के शिकार हो गए। इसके कारण उन दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बता दे कि राजा राम साह वर्तमान में सुरसंड के बराही पेट्रोल पंप के सटे बगल में छोटा सा पान की दुकान चलाते थे। उसी से अपने बच्चे और परिवार का भरण पोषण करता थे। इस घटना की सूचना मिलते ही बराही गांव से भी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि समाजसेवी मृत्युंजय नाथ ओझा सहित दर्जनों ग्रामीण पहुंचे और स्थानीय थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर सुरसंड थानाध्यक्ष धनंजय पांडेय, अवर निरीक्षक राजेश कुमार साह, पुलिस जवान के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सीतामढ़ी सदर अस्पताल भेज दिया।

# ओवर ब्रिज के नीचे माता-पिता कर रहे थे सड़क की सफाई, इतने में हो गया बच्चे का अपहरण

गोपालगंज : गोपालगंज जिले के थावे ओवर ब्रिज के नीचे शनिवार सुबह संजय बांसफोर के ढाई साल के बच्चे का अपहरण कर लिया गया। यह घटना तब हुई जब बच्चे के माता-पिता सड़क की साफ-सफाई कर रहे थे। इस घटना के बाद परिवार ने तुरंत थावे थाने में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन पुलिस की धीमी प्रतिक्रिया से नाराज होकर परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया।




#### दुकान के पास सो रहा था बच्चा

जानकारी के मुताबिक, यह घटना शनिवार सुबह करीब पांच बजे की है। तब संजय बांसफोर, उनकी पत्नी काजल बांसफोर और मुना बांसफोर थावे ओवर ब्रिज के नीचे सड़क की सफाई कर रहे थे। इस दौरान उनका ढाई साल का बेटा कृष्णा एक दुकान के पास सो रहा था। सफाई के दौरान अज्ञात लोग बच्चे का अपहरण कर फरार हो गए।

#### परिवार ने पुलिस पर सुस्ती का लगाया आरोप

बच्चे की मां काजल बांसफोर ने बताया कि घटना के बाद वे तुरंत थावे थाने पहुंचे। लेकिन पुलिस की कार्रवाई न होने के चलते वे एसपी कार्यालय पहुंचे। वहां से वापस थाने भेजे जाने के बावजूद पुलिस ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। पुलिस की इस सुस्ती से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने थावे ओवर ब्रिज के नीचे आगजनी कर मुख्य सड़क को जाम कर दिया।

#### ग्रामीणों ने किया उग्र प्रदर्शन

पुलिस के देरी से पहुंचने और कार्रवाई में ढिलाई को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश था। उन्होंने सड़क पर आगजनी कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। जाम की सूचना मिलने पर थावे थानाध्यक्ष धीरज कुमार और अपर थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे, लेकिन ग्रामीणों का गुस्सा कम नहीं हुआ। काफी समझाने और मशक्कत के बाद पुलिस जाम हटवाने में सफल हो पाई।

#### पुलिस की जांच और कार्रवाई

पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने का काम शुरू कर दिया। थावे थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि पुलिस घटना की जांच कर रही है और जल्द ही अपहरणकर्ताओं का सुराग लगाने की कोशिश की जा रही है।

### घर में सो रहे अधेड़ किसान पर तेजाब से हमला

गोपालगंज : गोपालगंज में अपराधियों ने शुक्रवार की देर रात घर के दरवाजे पर सो रहे अधेड़ किसान पर तेजाब से हमला कर दिया। तेजाब के हमले में किसान गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी किसान को परिजनों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल गोपालगंज के इमरजेंसी वार्ड में लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया। यह घटना जादोपुर थानाक्षेत्र के जादोपुर दुखहरण गांव में शुक्रवार की देर रात की बताई जा रही है। पीड़ित किसान की पहचान दिवंगत भभीछन सिंह के बेटे रामेश्वर सिंह (50) के तौर पर हुई है। जानकारी के मुताबिक, तेजाब से हमला करने वाले शख्स का नाम उदय सिंह है। इससे पहले भी जमीन विवाद में उसने अपने भाइयों पर तेजाब से हमला किया था। पुलिस घटना की गंभीरता को देखते हुए हमलावर की गिरफ्तारी करने में जुट गई है। घटना के बाद से पीड़ित किसान का परिवार काफी डरा सहमा हुआ है।

# घर से पांच किलोमीटर दूर ले जाकर हिटलर की हत्या

मधेपुरा : मधेपुरा में शनिवार को एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना गम्हरिया थानाक्षेत्र के परवाहा गांव की है। मृतक की पहचान जोगबनी वार्ड-14 निवासी शशि शेखर कुमार के बेटे रोशन कुमार उर्फ हिटलर (21) के रूप में हुई है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि मृतक रोशन कुमार भी आपराधिक प्रवृत्ति का था। मृतक के फुफेरे भाई विकास कुमार ने बताया कि शनिवार की अहले सुबह लगभग चार बजे कार सवार बदमाशों ने रोशन को घर से बाहर बुलाकर चार पहिया वाहन पर बैठा लिया। इसके बाद घर से करीब पांच किलोमीटर दूर ले जाकर उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। उन्होंने बताया कि रोशन को चार गोलियां मारी गई हैं। कनपटी में दो और सीने और



पेट में एक-एक गोली मारी गई है। घटना के बाद शव को सड़क किनारे फेंक कर बदमाश गाड़ी लेकर भाग निकले। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी परिजन और पुलिस को दी। वहीं, मौके पर पहुंची गम्हरिया थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मधेपुरा सदर अस्पताल भेज दिया। घटनास्थल पर एफएसएल की टीम भी पहुंची और सबूत जुटाए। एएसपी प्रवेंद्र भारती ने बताया कि गम्हरिया थानाक्षेत्र के परवाहा गांव में एक युवक की गोली मारकर हत्या हुई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। मृतक युवक भी आपराधिक प्रवृत्ति का था। उसपर पहले से कई केस दर्ज हैं।

# प्रेमी जोड़े को रात में नदी किनारे मिलना पड़ा महंगा, ग्रामीणों ने जबरन कराई शादी

जमुई : जमुई जिले के मलयपुर थानाक्षेत्र में शुक्रवार की रात एक प्रेमी जोड़े को नदी किनारे मिलना महंगा पड़ गया। दरअसल, स्थानीय ग्रामीणों ने उन्हें मिलते पकड़ लिया और जबरन उनकी शादी करवा दी। यह घटना पतौना गांव के किऊल नदी के किनारे की है, जहां ग्रामीणों ने दोनों को एक झाड़ी में मिलने के दौरान रंगे हाथों पकड़ लिया। घटना का वीडियो मौके पर मौजूद लोगों ने मोबाइल से रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

#### कई महीनों से संपर्क में थे युवक-युवती

जानकारी के मुताबिक, युवक (प्रेमी) की पहचान खैरा थानाक्षेत्र के मांगो बंदर गांव निवासी शंभू ठाकुर के बेटे रंजन ठाकुर के रूप में हुई है। जबकि युवती (प्रेमिका) मलयपुर थानाक्षेत्र के विनोद ठाकुर की बेटी रितु कुमारी है। बताया जा रहा है कि दोनों कई महीनों से एक-दूसरे के संपर्क में थे और चोरी-छिपे मिलने आते थे। शुक्रवार की रात, जब रंजन अपनी प्रेमिका रितु से मिलने नदी किनारे पहुंचा, तो ग्रामीणों की नजर उन पर पड़ गई।

#### ग्रामीणों ने कराई जबरन शादी

उसके बाद ग्रामीणों ने दोनों को पकड़कर उनकी जमकर पिटाई की और फिर युवक से जबरन युवती की मांग में सिंदूर भरवाया। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे ग्रामीणों के दबाव में दोनों की शादी कराई गई। इसके बाद यह वीडियो वायरल हो गया, जिससे यह घटना चर्चा में आ गई।

#### परिजनों ने की कोर्ट में शादी

घटना की सूचना मिलने के बाद दोनों के परिजन भी मौके पर पहुंचे। अगले दिन, शनिवार की सुबह दोनों पक्षों के परिवार जमुई कोर्ट पहुंचे, जहां हिंदू रीति-रिवाज के साथ विधिवत तरीके से दोनों की शादी संपन्न कराई गई। इस प्रकार इस घटना का अंत पारिवारिक सहमति से हो गया।वहीं, मलयपुर थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि इस मामले में अब तक किसी भी पक्ष से कोई औपचारिक शिकायत नहीं आई है। अगर कोई शिकायत दर्ज की जाती है, तो मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

#### वायरल वीडियो बना चर्चा का विषय

इधर, इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और गांव के लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। हालांकि इस घटना से साफ होता है कि आज भी ग्रामीण इलाकों में प्रेम संबंधों।

# हिंदू स्वाभिमान यात्रा पर वामदल का हमला

नालंदा : केंद्रीय मंत्री व भाजपा के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह पर वामदल के प्रमुख नेताओं ने हमला बोला है। गया में भाकपा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य और नालंदा में विधायक संदीप सौरभ ने उनपर निशाना साधा। दीपांकर भट्टाचार्य ने शनिवार को गया में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि गिरिराज सिंह के हिंदू स्वाभिमान यात्रा के सवाल पर उन्होंने कहा कि वह बिहार में बांग्लादेश-बांग्लादेश कर रहे हैं और बिहार और देश में किसी के पास कोई आंकड़ा हीं नहीं है। सिर्फ अनाप शनाप बोलते है। बांग्लादेशी अगर बिहार में कहीं घुस गए है तो कहां से घुसे, सीमा किसके जिम्मे में है। भारत और बांग्लादेश का बॉर्डर देखने का काम बीएसएफ का है। मोदी सरकार और अमित शाह का हैं। गिरिराज सिंह मंत्री है उनको तो जवाब देना चाहिए कि दिल्ली और पटना में आपकी सरकार चल रही है। जवाब देने के बजाय लोगो को भड़का रहे है गुमराह कर रहे है। पूरे बिहार में नफरत बांट रहे हैं। हिंसा का माहौल बना रहे हैं यह गैरजिम्मेदार और आपत्तिजनक भूमिका है।

#### बिहार के लोग रोजगार की तालाश पलायन कर रहे

दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि बिहार विकास चाहता है। साथ ही बिहार लोकतंत्र और न्याय के रास्ते पर आगे बढ़े। इसके लिए आवश्यकता है बिहार में अमन चैन हो। जो लोग अमन और भाईचारे के दुश्मन है, ऐसे लोग कभी हमदर्द नहीं हो सकते हैं। ऐसे लोग बिहार को नुकसान पहुंचा रहे हैं। किस हिंदू को जगाने की बात कह रहे हैं? बिहार में संजय मांझी का हाथ काट लिया गया, माले नेता सुनील चंद्रवंशी की हत्या, महादलित के घरों को जलाया गया तो क्या यह हिंदू नहीं हैं? क्या,हिन्दू के नाम पर मुस्लिमों के खिलाफ विद्वेष भड़काना, हिंसा भड़काना यह कोई हिंदुओं के लिए काम नहीं कर रहे है। बिहार के लोग रोजगार की तालाश में कोलकाता, सिलीगुड़ी समेत अन्य राज्यों में पलायन कर रहे है। यह कौन है, हिन्दू नहीं है क्या। बिहार के लोगों को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। हिंदू मुस्लिम का चक्कर जहां भी देश में होगा वह विकास और लोकतंत्र के शांति के लिए घातक है। ऐसा वहीं लोग कर सकते है जिनको सिर्फ अपनी सत्ता और राजनीत से मतलब है।

#### दंगे की भाषा बोल रहे हैं केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह

बदलो बिहार न्याय यात्रा की शुरुआत भाकपा माले के विधायक डॉ संदीप सौरव के द्वारा शनिवार को बिहार शरीफ के श्रम कल्याण मैदान से शुरू किया गया। जिसमें भारी संख्या में भाकपा माले के कार्यकर्ता शामिल हुए। संदीप सौरभ ने कहा कि ये जो नफरत का व्यापार करने के लिए भाजपा के केंद्रीय मंत्री पूरे बिहार में घूम करके हिंदू स्वाभिमान यात्रा के नाम पर यह जो दंगे की भाषा बोल रहे हैं। उस पर तत्काल रोक लगे, हेट स्पीच बोलने वाले, नफरत भड़काने वाले के ऊपर कारवाई हो यह बिहार के लिए हमलोग चाहते हैं। बता दें कि भाकपा माले के पालीगंज विधायक डॉक्टर संदीप सौरभ ने कहा कि बदलो बिहार न्याय यात्रा आज हम लोग बिहार शरीफ से शुरू कर रहे हैं। नालंदा के कई प्रखंडों से होते हुए जहानाबाद जाएगा। जहानाबाद के बाद पटना ग्रामीण में और पटना ग्रामीण के बाद पटना शहर पहुंचेंगे।

### जहरीली शराब से मौतों के बीच सीवान में शराब मिल रही

सीवान : सीवान में जहरीली शराब से मौत का सिलसिला जारी है। अब तक 40 से अधिक लोगों की मौत की खबरें सामने आ चुकी हैं। हालांकि प्रशासन ने अब तक केवल 28 मौतों की पुष्टि की है। ताबड़तोड़ कार्रवाई और कई थाना अध्यक्षों के तबादले के बावजूद सीवान में शराब माफियाओं की धंधेबाजी पर अंकुश नहीं लग सका है। इसी बीच, एक और व्यक्ति की जहरीली शराब पीने से मौत हो गई, जबकि दूसरे व्यक्ति का अस्पताल में गंभीर हालत में इलाज चल रहा है। पहली घटना के अनुसार, शुक्रवार 19 अक्तूबर को सीवान शहर के बिंदुसार गांव के झुनापुर निवासी शाकिर मंसूरी की शराब पीने से मौत हो गई। शाकिर मंसूरी 18 अक्तूबर को अपने मामा के गांव बंसोयी गया था और वहीं से शराब पीकर वापस लौटा था। उसके पड़ोसी मोहम्मद गुड्डू आलम के अनुसार, शाकिर शाम करीब चार बजे नशे में धुत होकर घर पहुंचा। उसके घर आने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिवार ने उसे सीवान के सदर अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना के अनुसार, शनिवार 20 अक्तूबर को दिन में करीब 12 बजे एक और व्यक्ति जिसने शराब पी थी, को गंभीर हालत में सीवान के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित ने बताया कि उसने 19 अक्तूबर को सीवान शहर के सिसवन ढाला के पास लक्ष्मीपुर से शराब खरीदी थी। शराब पीने के बाद जब वह सुबह उठा, तो उसकी आवाज चली गई थी और उसे घबराहट महसूस हो रही थी। परिजनों ने उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, उसकी हालत अब स्थिर है और वह धीरे-धीरे बोलने की स्थिति में आ रहा है। जहरीली शराब से लगातार हो रही मौतों ने प्रशासन की कार्रवाई पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पिछले पांच दिनों से जिले में शराब के कारण मौतों का सिलसिला चल रहा है, लेकिन शराब माफियाओं पर पूरी तरह लगाम लगाने में प्रशासन विफल नजर आ रहा है। सवाल यह उठता है कि जब प्रशासन इतनी कड़ी कार्रवाई का दावा कर रहा है, तो 18 अक्तूबर को बंसोयी गांव से शाकिर मंसूरी शराब पीकर कैसे आ गया और 19 अक्तूबर को सीवान के लक्ष्मीपुर में शराब कैसे मिल गई? बिहार में 2016 से शराबबंदी लागू है, लेकिन इसके बावजूद जहरीली शराब का धंधा लगातार फल-फूल रहा है। शराब माफियाओं का नेटवर्क इतना मजबूत हो गया है कि वे कानून की पकड़ से बाहर रहकर भी अपना कारोबार चला रहे हैं। इस मामले ने प्रशासन की सख्ती पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है, क्योंकि जहरीली शराब का सेवन करके लोगों की मौत हो रही है और नशे में धुत लोग सड़क पर गिरते-पड़ते मिल रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने कई थाना अध्यक्षों का तबादला किया है।

### भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

वैशाली : वैशाली में हाजीपुर-महनार मुख्य सड़क मार्ग पर दाऊदनगर के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना उस समय हुई जब एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो खड़े ट्रक से जा टकराई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। उसके बाद पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर के सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक, हादसे में मारे गए युवकों की पहचान हाजीपुर नगर थानाक्षेत्र के अनजानपीर चौक बिनटोली गांव निवासी विजय महतों के बेटे करण कुमार (30) और बिदूपुर थानाक्षेत्र के कंचनपुर गांव निवासी रंजन महतों (28) के रूप में हुई है। हादसे में घायल हुए लोगों में बिनटोली गांव निवासी रंजीत कुमार (35) और आकाश कुमार (13) शामिल हैं, जिनका इलाज हाजीपुर के सदर अस्पताल में चल रहा है। घायल रंजीत कुमार ने बताया कि वे शराब के नशे में थे और देर रात शराब पीने के लिए हाजीपुर से कंचनपुर गए थे। लौटते समय स्कॉर्पियो ने दाऊदनगर के पास खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे यह भीषण हादसा हुआ। घटना के बाद स्कॉर्पियो चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया।

# युवक के मुंह में गोली मारकर फरार हुए बदमाश

मुजफ्फरपुर : मुजफ्फरपुर जिले के पारू थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज घटना में युवक विनय कुमार (26) के साथ पहले जमकर मारपीट की गई। फिर उसके मुंह में गोली मार दी गई। घटना के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल विनय को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के मुताबिक, विनय कुमार बेंगलुरु में मजदूरी करता है। घटना की शुरुआत तब हुई जब देर रात को उसके कुछ जान-पहचान वाले दोस्त बुलाकर ले गए। विनय की मां ने बताया कि दोस्तों ने उसे पार्टी का बहाना बनाकर घर से बुलाया था। कुछ देर बाद पता चला कि विनय के साथ मारपीट की गई और उसे गोली मारी गई। घायल के परिजन और पुलिस दोनों ही इस घटना को आपसी विवाद से जोड़कर देख रहे हैं। एसडीपीओ सरैया कुमार चंदन ने बताया कि शुरुआती जांच में आपसी विवाद की बात सामने आई है। घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों की सूचना के बाद पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। विनय के परिजनों के अनुसार, घटना घर से महज चंद कदम की दूरी पर हुई। पुलिस ने मामले में शामिल सभी संभावित आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# सीएम नीतीश कुमार ने पीएम मोदी को किस बात की दी बधाई

पटना : भारतीय जनता पार्टी से नाराजगी और एनडीए में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है!, इन अपटकलों पर एक बार फिर से सीएम नीतीश कुमार ने विराम लगा दिया। उन्होंने शनिवार को पटना में स्पष्ट कह दिया कि हम हर हाल में एनडीए के साथ ही रहेंगे। सीएम नीतीश मोदी सरकार की खूब तारीफ की। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बिहार के विकास के लिए कई कार्य किए जा रहे हैं। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को बधाई देता हूं। केंद्र सरकार द्वारा राज्य में मत्स्य पालन के विकास के लिए सहायता दी गई है। राज्य सरकार मत्स्य पालन के विकास के लिए भी कई कदम उठा रही है। राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा मत्स्य पालन के क्षेत्र में विकास के लिए उठाए गए कदमों से मत्स्य पालकों को काफी लाभ हो रहा है। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि मत्स्य पालन के क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों का मैं आभार व्यक्त करता हूं कि वे अपने कार्य से अपनी तरक्की के साथ-साथ राज्य की तरक्की में भी योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम शुरू से ही एनडीए में थे और एनडीए में ही रहेंगे। बीच में हम दो बार उनलोगों के साथ चले गए थे, ये हमारी गलती थी अब कभी इधर-उधर नहीं जाएंगे। भाजपा के साथ हमारी पार्टी का शुरू से ही संबंध रहा है। हमलोग मिलकर राज्य और देश का विकास करते रहेंगे। इस कार्यक्रम में मुझे शामिल होने का मौका मिला है इसके लिए मैं आपलोगों का आभार व्यक्त करता हूं और आप सभी को बधाई देता हूं।

#### कृषि, पशुपालन सहित सभी क्षेत्रों का विकास किया गया

दरअसल, पटना के ज्ञान भवन में मत्स्य पालन के क्षेत्र में ड्रोन तकनीक के उपयोग एवं प्रत्यक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसका उद्घाटन सीएम नीतीश ने ही किया। अपने संबोधन के दौरान सीएम ने कहा कि सबसे पहले मैं मत्स्य पालन के क्षेत्र में ड्रोन तकनीक के उपयोग एवं प्रत्यक्षण कार्यक्रम का जो आज शुभारंभ किया गया है उसके लिए केंद्र सरकार और यहां उपस्थित केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को बधाई देता हूं। वर्ष 2005 से पहले बिहार में विकास कार्यों की क्या स्थिति थी सभी को पता है। वर्ष 2005 से पहले मछली उत्पादन बहुत कम था। दूसरे राज्यों से यहां मछलियां मंगाई जाती थी। 24 नवंबर, 2005 को जब हमलोग सरकार में आए तो राज्य के विकास के लिए नीति और कार्यक्रम बनाए गए। कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन सहित सभी क्षेत्रों का विकास किया गया। लोगों की सुविधाओं के लिए कई कदम उठाए गए। साथ ही महिलाओं की तरक्की के लिए कई कार्य किए गए।

#### मछली उत्पादन में बिहार आत्मनिर्भर हो गया है

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2008 से वर्ष 2012 के लिए प्रथम कृषि रोड मैप बनाया गया। वर्ष 2012 से वर्ष 2017 के लिए दूसरा कृषि रोड मैप बनाया गया जिसका शुभारंभ तत्कालीन राष्ट्रपति श्रद्धेय प्रणव मुखर्जी ने किया था। वर्ष 2017 से वर्ष 2023 के लिए तीसरा कृषि रोड मैप बनाया गया जिसका शुभारंभ तत्कालीन राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद जी ने किया था। वर्ष 2024 से चौथा कृषि रोड मैप लागू किया गया है जिसका शुभारंभ राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी ने किया। कृषि रोड मैप के लागू होने से सब्जी, दूध, अंडा, मीट, फल सहित अन्य फसलों का उत्पादन बढ़ा है। चौथे कृषि रोड मैप के लिए एक लाख 62 हजार करोड़ रुपये की राशि की स्वीकृति दी गई। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 में मछली का उत्पादन 2 लाख 88 हजार मीट्रिक टन था जो अब बढ़कर 8 लाख 73 हजार मीट्रिक टन हो गया है। मछली उत्पादन में बिहार आत्मनिर्भर हो गया है। पहले दूसरे राज्य की मछलियां बिहार में मंगाई जाती थीं और अब बिहार की मछलियां दूसरे राज्यों में भेजी जाती हैं।

# विकास को ढूंढ रही एफबीआई, दिल्ली पुलिस उसे पहले कर चुकी थी गिरफ्तार

## अभी जमानत पर है बाहर, पन्नू की हत्या की साजिश रचने का है आरोप

नई दिल्ली,(ईएमएस)। खालिस्तानी आतंकी पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोप में एफबीआई ने जिस विकास यादव को मोस्ट वांटेड घोषित किया है उसे करीब दस महीने पहले दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया था। विकास के साथ एक और शख्स भी गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में मार्च में पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की थी और अप्रैल 2024 में विकास को जमानत मिल गई थी।

बता दें रोहिणी के रहने वाले एक व्यापारी ने दिसम्बर 2023 में पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके एक परिचित ने नवम्बर 2023 में विकास यादव को उससे मिलवाया था और कहा था कि ये एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी हैं। व्यापारी का काम इन्फार्मेशन टेक्नोलॉजीज से जुड़ा है इसलिए उसके कई कांटेक्ट पश्चिम एशिया में भी हैं। व्यापारी ने पुलिस को बताया कि दोनों ने एक-दूसरे से नंबर लिए थे। दोनों के बीच अच्छी दोस्ती हो गई।

व्यापारी ने बताया कि विकास अकसर उसके काम और दोस्तों के बारे में पूछता था। विकास ने उसे ये बताया था कि वो अंडर कवर एजेंट का काम करता है लेकिन काम और दफ्तर की जानकारी कभी साझा नहीं की। व्यापारी की शिकायत के मुताबिक 11 दिसंबर को विकास ने उसे फोन किया और कहा किसी मुद्दे पर बात करनी है और लोधी रोड आ जाओ। जब वह लोधी रोड पहुंचा तो वहां पर विकास के साथ एक और शख्स मौजूद था जिसके बाद वह अपहरण कर डिफेंस कॉलोनी के फ्लैट में व्यापारी को ले गए और वहां पर विकास ने कहा कि लॉरेंस बिश्नोई ने उसे मारने की सुपारी दी है।

इसके बाद विकास के साथी ने व्यापारी के सिर पर मारा और उसकी सोने की चेन और अंगूठियां छीन ली फिर व्यापारी के साथ एक कैफे पर गए और वहां पर जो भी कैश था वह लेकर व्यापारी को सड़क के किनारे छोड़ गए और धमकी दे गए कि अगर किसी से शिकायत की तो ठीक नहीं होगा। इसके बाद व्यापारी ने दिल्ली पुलिस से शिकायत की पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विकास और उसके साथी को 18 दिसंबर को गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ में विकास के साथी ने बताया कि उसका पुरानी गाड़ी का व्यापार है जिसमें उसे नुकसान हुआ जिसकी वजह से वह विकास के साथ साजिश में शामिल हो गया था। वहीं विकास ने कहा कि उसके पिता बीएसएफ में थे। 2007 में उनकी मौत हो गई। विकास ने कहा कि जिस दिन वह व्यापारी से मिला था उसी दिन उसने इसके जरिए पैसे कमाने की योजना बना ली थी। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में मार्च महीने में चार्जशीट दाखिल की और अप्रैल में विकास को बेल मिल गई।





# मोहन सरकार में महिलाओं और बच्चियों के लिए असुरक्षित प्रदेश बनता जा रहा मध्यप्रदेश

### कमलनाथ ने प्रदेश सरकार पर बोला जोरदार हमला




भोपाल (ईएमएस)। मध्य प्रदेश में महिलाओं और बच्चियों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने चिंता जताकर राज्य की मोहन यादव सरकार पर हमला बोला है। कमलनाथ का आरोप है कि राज्य में महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर खतरा खड़ा हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने राज्य में पिछले दिनों हुई घटनाओं का जिक्र कर कहा कि राज्य दिन-प्रतिदिन महिलाओं और बच्चियों के लिए असुरक्षित प्रदेश बनता जा रहा है। पिछले दो माह में जिस तरह से बच्चियों और महिलाओं के साथ बलात्कार एवं सामूहिक दुष्कर्म के मामले सामने आए हैं, उससे महिला सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए है।

पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं से बलात्कार के मामले में मध्य प्रदेश देश में तीसरे स्थान पर है। इस अवधि में मप्र में बलात्कार के 3,029 मामले दर्ज किए गए। इसके अलावा 3,049 महिलाएं छेड़खानी का शिकार हुई और 1445 महिलाएं शारीरिक शोषण का शिकार हुई। प्रदेश में पास्को से जुड़े अपराधों में 5,951 मामले दर्ज हुए इसमें से बलात्कार के 3,641 मामले हैं। महिलाओं और नाबालिग से हुए बलात्कारों को देखने पर प्रदेश में हर दिन 18 बलात्कार हो रहे हैं।

कमलनाथ ने कहा कि महिला अधिकारों के प्रति मोहन सरकार कितनी असंवेदनशील है, यह इस बात से समझा जा सकता है कि पिछले चार वर्ष से राज्य महिला आयोग में अध्यक्ष का पद खाली पड़ा है। महिला आयोग में शिकायतों का अंबार लगा हुआ है लेकिन सुनवाई करने के लिए कोई जिम्मेदार व्यक्ति नहीं है। कमलनाथ ने भाजपा सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाकर कहा कि महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा किसी भी राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

## मुडा मामले से जुड़े सभी लोगों के पासपोर्ट तुरंत जब्त किए जाएंः भाजपा नेता

### याचिकाकर्ता ने मामले में सीबीआई जांच की मांग की

बेंगलुरु (ईएमएस)। कर्नाटक भाजपा ने मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) मामले में शामिल सभी लोगों के पासपोर्ट जब्त करने की मांग कर दी है। कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) आर अशोक ने शनिवार को कहा, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण में हुए करोड़ों रुपये के घोटाले की जांच कर रहा है। ईडी के अधिकारियों ने मैसूर में मुडा और तालुक कार्यालय पर छापेमारी कर दस्तावेजों की जांच की और संबंधित अधिकारियों से पूछताछ की है। उन्होंने कहा, ईडी की जांच तेज होने के साथ ही मामला एक और महत्वपूर्ण चरण में पहुंच गया है। सत्ता के सर्वोच्च पदों पर बैठे लोग, उनके परिवार के लोग और वरिष्ठ अधिकारी इस पूरे भष्ट्राचार के खेल में शामिल हैं, इसलिए यह मामला गंभीर और संवेदनशील हो जाता है।

भाजपा नेता ने मांग की, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच के लिए, मैं ईडी के निदेशक और कर्नाटक के डीजीपी से अपील करता हूं कि वे मामले में शामिल सभी अधिकारियों, आरोपियों और संभावित गवाहों के पासपोर्ट तुरंत जब्त करें।

बता दें कि इस मामले में याचिकाकर्ता स्नेहमयी कृष्णा पहले ही सीबीआई जांच की मांग को लेकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटा चुके हैं। याचिकाकर्ता ने कहा कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने लोकायुक्त अधिकारी नियुक्त किए हैं और वे मुख्यमंत्री और उनके परिवार के खिलाफ कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं कर सकते है। ईडी अधिकारियों ने शुक्रवार को रात 11 बजे तक मुडा कार्यालय में तलाशी और जांच की।

## स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया जैसे अभियानों के जरिए देश औद्योगिक क्षेत्र में वैश्विक छलांग लगाई : मुख्यमंत्री

### बड़ौदा मैनेजमेंट एसोसिएशन के 'स्टार्टअप सिनर्जी-2024' में मुख्यमंत्री की प्रेरक उपस्थिति

वडोदरा (ईएमएस)| मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया और मेड इन इंडिया जैसे अभियानों के जरिए औद्योगिक क्षेत्र में वैश्विक छलांग लगा रहा है। इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि स्टार्टअप के माध्यम से युवा उद्यमी अपने नवोन्मेषी विचार देश और दुनिया के समक्ष रख रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सदैव ही युवाओं को विकसित भारत के निर्माण के लिए 'न्यू एज पावर' के रूप में स्थापित किया है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल वडोदरा में बड़ौदा मैनेजमेंट एसोसिएशन की ओर से आयोजित 'स्टार्टअप सिनर्जी-2024' कार्यक्रम में उद्यमियों को संबोधित कर रहे थे। इस स्टार्टअप सिनर्जी में 300 से अधिक नए उद्यमी हिस्सा ले रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में डिजिटल इंडिया अभियान को गति मिली है। प्रधानमंत्री के 'मिशन लाइफ' (पर्यावरण के लिए जीवन शैली) और 'एक पेड़ मां के नाम' जैसे अभियानों से नागरिक पूरी संवेदना और भावनाओं के साथ जुड़ रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने उद्यमियों से उद्योगों के विकास के साथ-साथ पर्यावरण का संरक्षण और संवर्धन करने का अनुरोध भी किया। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने युवा उद्यमियों को स्टार्टअप से जुड़ने की बात की और यह आश्वासन दिया कि सरकार हर छोटी-बड़ी मुश्किलों में आपके साथ खड़ी है। उन्होंने संस्कार नगरी वडोदरा के नागरिकों से स्वच्छता को सहज स्वभाव बनाकर शहर को हमेशा स्वच्छ रखने का आह्वान किया। भूपेन्द्र पटेल ने विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित गुजरात के माध्यम से हर किसी को अपना योगदान देने को कहा और युवा उद्यमियों को किसी भी परिस्थिति में विचलित हुए बिना चुनौतियों का सामना कर आगे बढ़ने की सीख दी। इस अवसर पर पद्मश्री मनोज जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'विकसित भारत@2047' का स्वप्न छोटे स्टार्टअप्स के जरिए साकार होगा। भारत को वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनाने में स्टार्टअप एक नींव का काम करेगा। उन्होंने कहा कि भारत के युवाओं में जैसी कल्पना

## कोलकाता में महिला पार्षद की मौत जहर से हुई, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से खुलासा

### पुलिस और प्रशासन से मांगी थी सुरक्षा, पति की भी की हुई थी हत्या

कोलकाता,(ईएमएस)। पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में झालदा नगर पालिका में कांग्रेस पार्षद पूर्णिमा कांडू की मौत हो गई थी। उसकी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट ने सबको चौंका दिया है। पार्षद की मौत जहर से हुई थी। खास बात है कि कांग्रेस पार्षद ने पहले ही अपनी जान को खतरा बताया था। पुलिस और प्रशासन से सुरक्षा मांगी थी और हत्या होने की बात भी कही थी। उनके पति की भी हत्या हुई थी। कांग्रेस पार्षद पूर्णिमा का शव राज्य में 11 अक्टूबर रात को उनके घर से रहस्यमय परिस्थितियों में बरामद किया गया था। सूत्रों ने बताया कि शव की शुरुआती पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में उनके पेट में जहरीली चीज होने का पता चला है। डॉक्टर्स ने कहा कि उनकी मौत जहर से हुई है। सूत्रों ने कहा कि यह सवाल अभी भी बना हुआ है कि क्या उन्होंने जहर खाकर आत्महत्या की या किसी और ने उनके खाने में जहर मिलाकर उनकी हत्या की है। पूर्णिमा कांडू दिवंगत कांग्रेस पार्षद तपन कांडू की पत्नी थीं, जिनकी मार्च 2022 में अज्ञात हमलावरों ने सड़क पर गोली मारकर हत्या कर दी थी। अपने पति की मौत के बाद उन्होंने उसी वार्ड से चुनाव लड़ा और जीत हासिल की थी। उनकी मौत के तुरंत बाद उनके परिवार के सदस्यों, खासकर तपन कांडू के भतीजे मिथुन कांडू ने संदेह जताया कि उन्हें जहर देकर मारा गया है। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नेपाल महतो ने भी इसी तरह का संदेह जताया है, जिन्होंने दावा किया कि उनकी मौत अप्राकृतिक लग रही है, क्योंकि उन्हें हाल के दिनों में कोई बड़ी बीमारी नहीं थी। पुलिस ने कहा कि मृतक पार्षद के परिवार के सदस्यों की शिकायतों के आधार पर जांच शुरू करेंगे। तपन की हत्या की जांच सीबीआई ने की। शुरुआत में पुरुलिया पुलिस की एसआईटी ने मामले की जांच की। हालांकि बाद में मामला सीबीआई को सौंप दिया गया था। मामले में एसआईटी और सीबीआई ने कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया था। सबसे पहले गिरफ्तार होने वालों में तपन कांडू का भतीजा दीपक शामिल है। मामले में ट्रायल प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है। ऐसे में रहस्यमय परिस्थितियों में पूर्णिमा का शव बरामद होने से राज्य के राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई है।

# पति की दीर्घायु की कामना का पर्व करवा चौथ आज

### सजना के लिए सजने बाजारों में जमकर खरीददारी



जबलपुर,( ईएमएस)। पति की दीर्घायु की कामना के लिए सुहागिन महिलाएं आज करवा चौथ का निर्जला व्रत रखेंगी और शाम को चंद्रदेव को अर्घ्य देने के बाद ही व्रत का समापन करेंगी। करवा चौथ का व्रत पिछले कुछ वर्षो से बड़े उत्साह और आधुनिकता के साथ इस दिन महिलाएं और युवतियां पूरे साजो श्रंगार के साथ अपने सजना के लिए सजती है। करवा चौथ की पूर्व संध्या पर बाजारों में काफी चहल पहल रही। नई नई साड़ियों के साथ लहंगा चूड़ी बिंदी आदि सौदर्य प्रशाधन की जमकर खरीदारी हुई। दूसरी ओर पूजन समाग्री के लिए करवा और धान की बाली आदि की जमकर बिक्री हुई। ज्योतिष शास्त्रीयों के मुताबिक करवा चौथ के दिन रविवार को चंद्रमा रात 7.30 बजे नजर आएगा। यह पर्व पति की दीर्घायु एवं परिवार की सुख समृद्धि की कामना के लिए रखा जाता है। पंडित पीएल गौतमाचार्य के मुताबिक यह व्रत दाम्पत्य जीवन में मनमुटाव को दूर करने के साथ चंद्रमा के प्रभाव से मन को शीतलता भी प्रदान करता है। करवा चौथ के व्रत में मिट्टी से बने करवा में पूजन सामग्री रखकर भगवान चंद्रदेव को अर्घ्य दिया जाता है। इस दिन माता पार्वती और भगवान जय भोले शंकर पूजन का विधान है। करवा चौथ कार्तिक मास की चतुर्थी को होता है। इस दिन करवे की पूजा की जाती है। यह पर्व पार्वती देवी की आराधना का पर्व है। माता पार्वती जी को स्त्रियों के अक्षत सुहाग का प्रतीक माना गया है। पौराणिक ग्रंथों के मुताबिक माता सीता ने भी मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम को पति के रूप में प्राप्त करने के बाद माता पार्वती की आराधना करते हुए सर्वप्रथम कार्तिक चतुर्थी का व्रत किया था।

### पूजन विधि

करवा चौथ के दिन व्रत रखें और एक पटे पर जल से भरा लोटा रखें। मिट्टी के एक करवे में गेहूं और ढक्कन में चांवल, गुड़ आदि से गणपति की पूजा करें। रोली से करवे पर स्वास्तिक बनाएं और 13 बिंदियां रखें। स्वयं भी बिंदी लगाएं और गेहूं के 13 दाने दांए हाथ में लेकर कथा सुने। कथा सुनने के बाद अपनी सासूजी के चरण स्पर्श करें और करवा उन्हें दे दे। पानी का लोटा और गेहूं के दाने अलग-अलग रख लें। रात्रि में चंद्रोदय होने पर पानी में गेहूं के दाने डालकर उसे अर्घ्य दें फिर भोजन करें। यदि कहानी पंडिताइन से सुनी हो तो गेहूं, चीनी और पैसे उसे दे दे। यदि बहन बेटी हो तो गेहूं चीनी व पैसे उसे दे दे।

## बीजेपी नेता के बेटे की पाकिस्तान जाना थी बारात

### वीजा नहीं मिलने से ऑनलाइन हुआ निकाह

जौनपुर,(ईएमएस)। सीमा हैदर के बाद अब यूपी के जौनपुर में एक पाकिस्तानी दुल्हन आने वाली है, लेकिन इस बार ये दुल्हन बकायदा रिति रिवाजों के साथ आएगी। इंतजार है तो सिर्फ भारत की ओरे से वीजा मिलने का। यहां के एक बीजेपी नेता के बेटे की शादी पाकिस्तान मूल की युवती के साथ हुई है। इसके गवाह सैकड़ों लोग बने। जौनपुर शहर के मखदूम शाहअढ़हन निवासी तहसीन शाहिद बीजेपी के सभासद हैं। तहसीन शाहिद ने अपने बड़े बेटे मोहम्मद अब्बास हैदर की शादी पाकिस्तान के लाहौर में रहने वाली अंदलीब ज़हरा से तय की थी। शादी के लिए 18 अक्टूबर 2024 की तारीख तय हुई। तारीख तय होते ही पाकिस्तान बरात ले जाने के लिए तैयारियां शुरू हो गईं। तहसीन शाहिद ने वीजा के लिए आवेदन दिया।

दूल्हा पक्ष ने पाकिस्तान बरात ले जाने के लिए वीजा के लिए आवेदन तो कर दिया, लेकिन भारत सरकार वीजा नहीं दे रही थी। शादी का दिन नजदीक आ गया। इसी बीच दुल्हन की मां राना यास्मीन जैदी की तबीयत खराब हो गई। उनको आईसीयू में भर्ती कराना पड़ा। दूल्हा पक्ष भी इससे परेशान था। दुल्हन की मां आईसीयू में भर्ती हुईं तो दूल्हा पक्ष भी परेशान हो गया। ऐसी हालत में बीजेपी नेता तहसीन ने लाहौर फोन किया। इसके बाद दोनों तरफ से फैसला लिया गया कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ऑनलाइन निकाह कर लिया जाए। बाद में जब वीजा जारी होगा तो विदाई ले ली जाएगी। ऑनलाइन शादी कराने का फैसला हुआ तो बकायदा बीजेपी नेता के घर से बारात निकली। घोड़े और रोड लाइट की व्यवस्था की गई। देर रात इमामबाड़ा कल्लू मरहूम में बारात पहुंची और यहां उसकी खातिरदारी भी की गई। तहसीन अपने साथ सैकड़ों बारातियों लेकर पहुंचे। ऑनलाइन निकाह की सारी तैयारियां की गई थीं। बड़ी टीवी स्क्रीन पर सभी के सामने निकाह करवाया जाना था। इसके बाद स्क्रीन पर एक तरफ दूल्हे का परिवार और दूसरी तरफ दुल्हन का परिवार दिखाई दे रहा था। इस निकाह को कराने के लिए दूल्हा पक्ष से मौलाना महफूजुल हसन खान शामिल हुए।

# संक्षिप्त खबरें

## मुजफ्फरनगर में मेंहदी जिहाद के खिलाफ सड़कों पर संयुक्त हिंदू मोर्चा

### मेहंदी उनसे लगवाओ जो आपके त्यौहार मनाते

मुजफ्फर नगर (ईएमएस)। मुजफ्फरनगर में हिंदुओं के पावन पर्व शुरू होते ही इस बार संयुक्त हिंदू मोर्चा सड़कों पर उतर गया है। मोर्चे के सदस्य नगर के हर बाजार में हिंदू महिलाओं और लड़कियों को खुलकर बात कर कह रहे हैं कि मेहंदी उनसे लगवाओ जो आपके त्यौहार मनाते हैं। सामान उनसे खरीदों जो सनातनी कहलाते हैं। रविवार को करवा चौथ से पहले ही बाजारों में हिंदू महिलाएं और लड़कियां मेहंदी लगवाने बाजारों में आती हैं। मुजफ्फरनगर में संयुक्त हिंदू मोर्चा के संस्थापक के आह्वान पर शनिवार को पूर्व घोषित घोषणा के अनुसार शिव सेना नेताओं ने करवा चौथ पर मेहंदी जेहाद रोकने के लिए बाजारों में घूम कर महिलाओं और लड़कियों को जागरूक करने का अभियान चलाया। शनिवार को शिव सेना प्रदेश महासचिव डॉक्टर योगेंद्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष लोकेश सैनी, जिला अध्यक्ष बिट्टू सिखेड़ा, मंडल महासचिव राजेश कश्यप, अन्य पदाधिकारियों के साथ नई मंडी बिंदल बाजार, शिव चौक, भगत सिंह रोड पर मेहंदी लगाने वाले स्टालों पर पहुंचे ओर वहां मेहंदी लगा रहे युवकों से पूछताछ कर यह सुनिश्चित किया कि कोई जेहादी युवक तब मेहंदी नहीं लगा रहा। कहीं भी कोई जेहादी नजर नहीं आया। हिंदू नेतओं ने सभी व्यापारी बंधुओं को अभियान में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया एवं मेहंदी लगवा रही अपनी बहन बेटियों से भी पुनः हाथ जोड़कर आग्रह करते हुए कहा कि मेहंदी लगवाने से पहले आप यह सुनिश्चित कर ले कि मेहंदी लगाने वाला व्यक्ति कौन है किस समुदाय का है अपनी संतुष्टि करने के बाद ही मेहंदी लगवाओ।

## बुजुर्ग ने गोल्डन टेंपल में मौजूद सरोवर में लगा दी छंलाग, फिर हुआ क्या

अमृतसर (ईएमएस)। अमृतसर के गोल्डन टेंपल में शनिवार को एक चौंकाने वाली घटना घटित हुई, यहां बुजुर्ग श्रद्धालु ने गुरु राम दास जी के प्रकाश पर्व के मौके पर सरोवर में आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के समय वहां लाखों श्रद्धालु मौजूद थे, जो श्रद्धा से नतमस्तक हो रहे थे। अचानक, बुजुर्ग ने सरोवर में छलांग लगा दी, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। बुजुर्ग को बचाने के लिए टास्क फोर्स और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों ने तुरंत कार्रवाई की। जिसके बाद बुजुर्ग को जल से बाहर निकाला गया। इसके बाद, मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने उन्हें प्राथमिक चिकित्सा देकर होश में लाने का प्रयास किया। हालांकि, अभी तक उनकी पहचान और आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। एसीपी जसपाल सिंह ने जानकारी दी कि बुजुर्ग फिलहाल कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं हैं। उनके नाम, पते और परिवार के बारे में जानकारी भी तब ही सामने आएगी जब वे होश में आएंगे। यह घटना न केवल एक व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य की गंभीरता को उजागर करती है, बल्कि समाज में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की आवश्यकता को भी दर्शाती है।

## राहुल गांधी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी, बीजेपी विधायक पर मामला दर्ज

नई दिल्ली (ईएमएस)। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ जनसभा के दौरान कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में विजयपुरा के विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल पर मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। कांग्रेस नगर पार्षद परशुराम होसामनी की शिकायत पर मामला दर्ज किया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 15 अक्टूबर को यतनाल ने राहुल और कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के खिलाफ अपमानजनक बयान दिए। शिकायत के आधार पर गांधी चौक पुलिस थाने में यतनाल के खिलाफ शांति भंग करने के लिए जानबूझकर अपमान करने और झूठी एवं भ्रामक जानकारी फैलाने का मामला दर्ज किया गया।

## बलवाइयों की कुटाई, दंगाइयों की ठुकाई समाज की सुरक्षा के लिए जरूरी : नकवी

नई दिल्ली,(ईएमएस)। बीजेपी के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने बहराइच में हाल ही में हुई हिंसा और एनकाउंटर को लेकर कहा कि बलवाइयों की कुटाई और दंगाइयों की ठुकाई समाज की सुरक्षा के लिए जरूरी है। बहराइच में हालिया हिंसा में कई लोगों के बीच झड़पें हुईं थी, जिससे प्रशासन और पुलिस को चुनौतियों का सामना करना पड़ा। नकवी ने कहा कि अगर समाज को सुरक्षित करना है, तो इस तरह के बलवाई और दंगाईयों की ठुकाई और कुटाई देश के हित में है। उन्होंने सुरक्षा बलों की कार्रवाई को समाज में शांति स्थापित करने और दंगाइयों को कड़ी सजा देने के लिए जरुरी बताया। उन्होंने बलवाइयों और दंगाइयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जरुरत पर जोर देते हुए कहा कि हमारा समाज जब तक सुरक्षित नहीं होगा, तब तक विकास और शांति संभव नहीं है। नकवी ने यह साफ कर दिया कि ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कदम उठाने से ही समाज में स्थिरता और सुरक्षा स्थापित की जा सकती है। नकवी ने आगे कहा कि बीजेपी जो दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी के साथ महान राष्ट्रवादी पार्टी भी है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों और हिस्सों को साथ लाने की जरुरत पर जोर दिया और कहा कि कुछ हिस्से बीजेपी से एलर्जी को बीजेपी विरोधियों की ऊर्जा बनाकर अपने और समाज के लिए नुकसान कर रहे हैं। नकवी ने ऐसे लोगों को भी बीजेपी के साथ जुड़ने की अपील की, जो किसी कारणवश राजनीतिक पूर्वाग्रह से ग्रसित हैं।

## सलमान को अभेद सुरक्षा देगी यह बुलेटप्रूफ कार, दुबई से करवा रहे इम्पोर्ट बुलेटप्रूफ निसान पैट्रोल एसयूवी की कीमत 2 करोड़

मुंबई (ईएमएस)। बाबा सिद्दीकी के मर्डर के बाद से लेकर सलमान खान की सुरक्षा को लेकर पुलिस और प्रशासन बहुत गंभीर है। सलमान और उनका परिवार गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के निशाने पर है। लेकिन राजनेता और सलमान के करीबी रहे बाबा सिद्दीकी के मर्डर के बाद सलमान को फिर से जान से मारने की धमकियां मिलीं। इसके बाद, उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। लेकिन खबर है कि सलमान की सुरक्षा मुंबई पुलिस की ओर से बढ़ा दी गई है, लेकिन सलमान भी अपनी सुरक्षा को लेकर सतर्क हो गए है। रिपोर्ट के मुताबिक, सलमान ने बुलेटप्रूफ निसान पैट्रोल एसयूवी खरीदी है। यह बुलेटप्रूफ कार भारतीय बाजार में उपलब्ध नहीं है, इसलिए सलमान कथित तौर पर कार का दुबई से इम्पोर्ट करवा रहे हैं। कार की कीमत करीब 2 करोड़ रुपए है। इसके अलावा, कार की भारत में जल्दी डिलीवरी हो जाए इसके लिए और मोटी रकम खर्च की जाएगी। वहीं निसान पैट्रोल एसयूवी की खूबियों की बात करें तब इसमें हाई सिक्योरिटी टूल्स हैं। कार में एक्स्प्लोसिव अलर्ट इंटिकेटर, पॉइंट-ब्लैंक बुलेट शॉट को रोकने के लिए मोटी ग्लास शील्ड और ड्राइवर या पैसेंजर की पहचान को रोकने के लिए ब्लैक शेड कैमफ्लाश है। इसके जरिए बाहर से कोई भी कार में बैठे ड्राइवर या पैसेंजर को नहीं पहचान सकता है। बता दें, सलमान ने पिछले साल भी यूएई से एक बुलेटप्रूफ कार खरीदी और इम्पोर्ट करवाई थी, जब उन्हें और उनके पिता सलीम खान को पहली बार बिश्नोई गैंग से जान से मारने की धमकी मिली थी। सलमान इन धमकियों से नहीं डरते।

## भारत और सिंगापुर ने अपनी पहली साइबर नीति पर की चर्चा

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारत और सिंगापुर ने अपनी पहली साइबर नीति पर बाचतीत की, जो इस साल सितंबर में पीएम मोदी की सिंगापुर यात्रा के दौरान जारी संयुक्त वक्तव्य में शामिल प्रमुख क्षेत्रों में से एक है। सिंगापुर में हुई इस वार्ता की सह-अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्रालय के साइबर कूटनीति के संयुक्त सचिव अमित ए शुक्ला और सिंगापुर की साइबर सुरक्षा एजेंसी के मुख्य कार्यकारी डेविड कोह ने की। मीडिया रिपोर्ट में एक बयान में कहा गया कि बातचीत में दोनों पक्षों ने संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में वैश्विक साइबर संवाद में साइबर खतरे के परिदृश्य, राष्ट्रीय साइबर रणनीतियां एवं नीतियां, खतरों का आकलन और नीतियां एवं विकास पर विचारों का आदान-प्रदान किया। इस संवाद में साइबर खतरे की चेतावनियों और प्रतिक्रियाओं, अनुभवों के आदान-प्रदान और विशेष रूप से महत्वपूर्ण सूचना अवसंरचना और संयुक्त क्षमता निर्माण व प्रशिक्षण गतिविधियों की सुरक्षा में सर्वोत्तम प्रथाओं के संबंध में द्विपक्षीय सहयोग का भी पता लगाया गया है।

# संपादकीय

## कोयलांचल संवाद

## शेर आया जैसी बम की फर्जी धमकियां एक गंभीर समस्या

बचपन में एक झूठे गड़रिये की कहानी शेर आया शेर आया शीर्षक से स्कूल में सुनी और पढ़ी थी। इस कहानी के केंद्र में झूठा गड़रिया था जो गांव वालों का ध्यान आकर्षित करने के लिए शेर आने की झूठी अफवाहें फैलाता था, लेकिन जब वाकई शेर आ गया तो उसकी बात पर किसी को यकीन नहीं हुआ और इस तरह उस झूठे गड़रिये की कहानी का अंत हो गया। यह शिक्षाप्रद कहानी झूठ नहीं बोलने या अफवाह फैलाने से बचने के लिए सबक देती है। इस कहानी की याद इस वक्त इसलिए आ गई कि देश में बम की फर्जी धमकियों के मामलों ने एक रिकॉर्ड बना लिया है। स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल, रेल और सरकारी दफ्तरों में बम होने की झूठी अफवाहें फैलाने वाले अब एयरलाइंस को अपने निशाने में ले रखे हैं। इस साल विभिन्न भारतीय एयरलाइंस की फ्लाइट्स को अभी तक करीब 400 से ज्यादा धमकियां मिल चुकी हैं। इसे लेकर सुरक्षा एजेंसियां कह रही हैं कि इससे पहले तक तो इस तरह के धमकी भरे कॉल इतनी तादाद में कभी नहीं मिले। यह भी अपने आप में एक रिकॉर्ड बनाने जैसा हो गया है। पर इससे क्या, क्योंकि एक बम की फर्जी धमकी भी बहुत ज्यादा नुकसान करने वाली साबित होती है। बम की एक फर्जी धमकी से जहां एयरलाइंस को करीब 3 करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान उठाना पड़ता है, वहीं यात्रियों को बाद में होने वाली परेशानियों का तो आंकलन भी नहीं किया जा सकता है। इस लिहाज से बम की फर्जी कॉल्स एक बेहद गंभीर और खतरनाक समस्या बन गई है। यह न केवल सुरक्षा बलों और प्रशासन के लिए चुनौती उत्पन्न कर रही है, बल्कि व्यापारिक व सामाजिक सामान्य कामकाज को भी बाधित कर रही है। इस प्रकार के धमकीभरे कॉल व संदेश के कारण कई बार सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों, ऑफिसों, और यहां तक कि ट्रेनों व रेलवे स्टेशनों समेत हवाई अड्डों पर अफरा-तफरी मच जाती है। ऐसी स्थितियां न केवल जान-माल के नुकसान की संभावनाओं को जन्म देती हैं, बल्कि अनावश्यक तनाव और भय का माहौल भी पैदा करती हैं।

सामान्य सी बात है कि जब कहीं बम होने की फर्जी सूचना होती है, तो पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां तुरंत हरकत में आती हैं। बम स्क्वॉड और सुरक्षा दल उस स्थान को खाली करवाते हैं और गहन जांच शुरू की जाती है। इस प्रक्रिया में समय, संसाधन और मानवशक्ति की भारी बर्बादी होती है। वास्तविक आपात स्थितियों के लिए तैनात किए जाने वाले बलों का भी एक तरह से दुरुपयोग होता है। ऐसे में अन्य महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा कमजोर पड़ सकती है। सबसे बड़ी और अहम बात यह है कि ऐसी घटनाओं से समाज में सुरक्षा को लेकर अविश्वास और अनिश्चितता की भावना को बढ़ावा मिलता है। स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में तो इस तरह के फर्जी कॉल का प्रभाव विशेष रूप से गंभीर देखने को मिलते है। पढ़ाई रोक कर बच्चों और शिक्षकों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जाना, माता-पिता व अन्य परिजनों का तनावग्रस्त हो जाना। यह सब भी असुरक्षा की भावना भरने जैसी बात होती है। ऐसे हालात से गुजरने वाले मानसिक तनाव का शिकार होते हैं, जिनकी मनःस्थिति भी विकट हो जाती है। इसलिए इस तरह की धमकियों को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है।

विमान में बम की झूठी धमकी से जो परेशानियां होती हैं, उसमें करोड़ों का खर्च हो जाता है। धमकी झूठी होने के बावजूद फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग, फिर पूरे विमान और यात्रियों को जांच प्रक्रिया से गुजारना, इसके बाद विमान को सेवा में वापस लाने के लिए ऑपरेटिंग क्रू की नई जोड़ी की व्यवस्था करना कम चिंता की बात नहीं है। एयरलाइंस अधिकारियों की मानें तो ऑपरेटिंग क्रू, फ्लाइट के जेएफके एयरपोर्ट तक नहीं पहुंचने से यात्रियों को परेशानी होती है। इसी दौरान कोई यदि बीमार है या बीमार हो जाए तो एक अलग तरह की समस्या उत्पन्न हो जाती है। कहते हैं कि पिछले हफ्ते से तो मानों बम की फर्जी धमकियों की बाढ़ सी आ गई है। गुरुवार देर रात तक करीब 40 बम की झूठी धमकियां मिली हैं, जिससे एयरलाइंस को भारी वित्तीय घाटा उठाना पड़ा है। ऐसा नहीं है कि सरकार और सुरक्षा एजेंसियाँ इस दिशा में कुछ नहीं कर रही हैं, लेकिन जो हुआ है अब तो वो नाकाफी साबित हुआ है। यह सच है कि सरकार व सुरक्षा एजेंसियों ने बम की फर्जी कॉलों के प्रति कठोर कदम उठाए हैं। इस तरह के फर्जी कॉल करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाती है, लेकिन मामले कम होने की बजाया और बढ़ते जा रहे हैं, जिससे यह संदेश जा रहा है कि फर्जी धमकी देने वालों का रोकने में कहीं न कहीं हम सभी से चूक हो रही है। कई दफा तो शरारती तत्व या असंतुष्ट व्यक्ति व नाबालिग भी सभी का ध्यान आकर्षित करने के लिए ऐसी कॉल कर देते हैं। इन्हें भी सबक देने और ऐसा नहीं करने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है। इसके लिए समाज को भी जागरूक होने की आवश्यकता है। ऐसे में सभी को बताना होगा कि इस तरह की गतिविधियों में शामिल होना न केवल अपराध है, बल्कि यह समाज के लिए भी हानिकारक है। शेर आया शेर आया जैसी झूठी अफवाहों से बाहर निकलने के लिए सुरक्षा एजेंसियों को सही जानकारी उपलब्ध कराना भी एक सहयोगी कदम हो सकता है।

## समाज के लिए खतरा बनता अपराधियों का महिमामंडन

**दिलीप कुमार पाठक**

किसी हिन्दी फ़िल्म की तरह महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री कई बार के विधायक अभिनेता सलमान खान के क़रीबी नेता बाबा सिद्दीकी की निर्मम हत्या कर दी गई। किसी पूर्व मंत्री की हत्या हो जाना, कानून व्यवस्था की पोल तो खोल ही रहा है साथ ही तमाम तरह के सवाल भी उठ रहे हैं। वहीँ सोशल मीडिया से लेकर मेन स्ट्रीम मीडिया में बाबा सिद्दीकी की हत्या करने की जिम्मेदारी लेने वाले वाले गैंग एवं लॉरेंस बिश्नोई का महिमामंडन भी चल रहा है, जो बेहद ख़तरनाक है। किसी भी समाज एवं समुदाय के लिए हिंसा खतरनाक है, वहीँ इस तरह से अपराधियों का महिमामंडन करना हमारे समाज के युवाओं को भ्रमित कर सकता है। युवावस्था यूँ भी बहुत पेचीदगियों से भरी होती है। इस उम्र में हिंसा युवाओं को आकर्षित करती है। अतः मीडिया एवं हमारे समाज का उत्तरदायित्व हो जाता है कि समाज को एक शांति की राह पर ले जाया जाए। मेनस्ट्रीम मीडिया को विश्नोई समाज से सीखना चाहिए, जब पूरी मीडिया लॉरेंस बिश्नोई को हीरो बनाने पर तुली हुई है, तब विश्नोई समाज़ के अध्यक्ष ने अपने समाज की तरफ़ से बात रखी साथ ही लॉरेंस बिश्नोई को हीरो बनाने वाली सोच की निंदा भी की। विश्नोई समाज किसी भी अपराध का समर्थन नहीं करता है। अगर लॉरेंस बिश्नोई ने बाबा सिद्दीकी की मौत की जिम्मेदारी ली है तो वो गलत है। हमारे समाज का इससे कोई लेना-देना नहीं है। हमारा समाज पेड़ों के लिए कुर्बानी दे सकता है, तो इंसान की हत्या का समर्थन कैसे करेगा ? हमारे समाज का इससे कोई ताल्लुक नहीं है। हर समाज में ऐसे अपराधी होते हैं और सलमान खान के साथ-साथ लॉरेंस बिश्नोई भी अपराधी है। काले हिरण शिकार मामले में सलमान खान का माफी मांगना और नहीं मांगना यह उनका विषय है और वो मामला कोर्ट में है अतः उसका फैसला कोर्ट करेगा लेकिन हत्या के समर्थन में हम नहीं है। बाबा सिद्दीकी की हत्या के छह दिन बाद सलमान खान को पुनः जान से मारने की धमकी मिली है, मुंबई ट्रैफिक पुलिस को सलमान खान के नाम का धमकी भरा मैसेज मिला है। मैसेज करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का करीबी बताया है। मैसेज में ये भी लिखा है कि इसको हल्के में ना लें, वरना सलमान खान का हाल बाबा सिद्दीकी से भी बुरा होगा। देश की कानून व्यवस्था बहुत ही लाचार दिख रही है, यहां कोई भी किसी का मर्डर कर रहा है, कोई भी किसी को धमकी दे रहा है, ये आज के दौर में सबसे ख़राब बात है। रात - दिन मीडिया में ऐसी मानसिकता का महिमामंडन करना बेहद घिनौना है। हो सकता है इससे कुछ दिनों के लिए टीआरपी मिल जाएगी लेकिन इसके दूरगामी प्रभाव बहुत बुरे होने वाले हैं। मुंबई पुलिस पर भी कई तरह के सवाल उठ रहे हैं क्या कोई जेल में बैठकर मुंबई में किसी को भी मरवा सकता है? मुंबई पुलिस निगरानी के नाम पर क्या कर रही है? इस हत्याकांड को लेकर आरोपों के घेरे में जिस तरह के लोग आ रहे हैं, उससे यह भी जाहिर हुआ है कि जेल में बंद कोई अपराधी कैसे आपराधिक साजिशों को आसानी से अंजाम दे लेता है और पुलिस लाचार होकर देखती रहती है। बाबा सिद्दीकी अजीत पवार की अगुआई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के ऐसे नेता थे, जिनकी राज्य की राजनीति और फिल्म उद्योग में खासी पकड़ और पैठ थी। जब इतने ऊंचे कद के नेता की सरेआम हत्या करने में अपराधियों को कोई खास बाधा पेश नहीं आई, तो आम लोग किस आधार पर खुद को सुरक्षित मानें। पकड़े गए आरोपियों के जरिए सामने आ सके ब्योरे यह बताने के लिए काफी हैं कि वारदात को अंजाम देते हुए उनके भीतर पुलिस और कानूनी कार्रवाई का कोई खौफ नहीं था।

# पति की दीर्घायु की कामना का पर्व है करवा चौथ

**डॉ. श्रीगोपाल नारसन**

महिलाएं प्रतिवर्ष अपने पति की लंबी उम्र, स्वास्थ्य और सुखद जीवन और उनकी जीवन रक्षा के लिए करवाचौथ का व्रत करती हैं। यह उपवास निर्जला होता है। इस दिन महिलाएं एक-दूसरे के घर जाकर एकत्रित होती हैं। करवा चौथ पर सुहागिन महिलाएं सूर्योदय से पूर्व व्रत का आरंभ करती हैं और रात को चांद के निकलने पर पूजा-अर्चना करते हुए उपवास समाप्त करती हैं।इस वर्ष यह व्रत 20 अक्तूबर को मनाया जा रहा।करवा चौथ के दिन चंद्रोदय 20 अक्टूबर को शाम 7 बजकर 55 मिनट पर होगा।इस साल कार्तिक माह में कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि का आरंभ 20 अक्टूबर 2024 को सुबह 6 बजकर 46 मिनट से होगा, जो अगले दिन 21 अक्टूबर 2024 को सुबह 4 बजकर 16 मिनट पर समाप्त हो जाएगी।चतुर्थी तिथि 20 अक्टूबर सुबह 06 बजकर 46 मिनट से शुरू होगी और 21 अक्टूबर को सुबह 04 बजकर 16 मिनट पर समापन होगा।सुहागिन महिलाएं करवा चौथ पर निर्जला व्रत रखते हुए शाम को शुभ मुहूर्त में करवा माता की पूजा और कथा सुनती हैं, फिर रात को चंद्रमा के निकलने पर अर्घ्य देकर व्रत खोलती हैं।करवा चौथ के दिन सुबह स्नान आदि करें इसके बाद उपवास संकल्प लें। मम सुखसौभाग्य पुत्रपौत्रादि सुस्थिर श्री प्राप्तये करक चतुर्थी व्रतमहं करिष्ये। इस मंत्र को बोलकर संकल्प लें।यह संकल्प लेकर पूरे दिन निर्जला रहकर व्रत किया जाता है।इस दिन सुहागिन महिलाएं निर्जला उपवास रख चंद्रमा की पूजा करती हैं। इसके साथ ही करवा चौथ पर भगवान शिव, मां पार्वती, गणेश और कार्तिकेय जी के अलावा करवा माता की पूजा का भी विधान है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, करवा चौथ का व्रत रखने और विधि-विधान के साथ पूजा करने से दांपत्य जीवन में मधुरता आती है और पति-पत्नी का रिश्त अटूट होता है। इसके अलावा पति की लंबी आयु के लिए भी करवा चौथ का व्रत रखा जाता है।इसके बाद गेरू से फलक बनाकर पिसे चावलों के घोल से करवा चित्रित करें। इसे वर कहते हैं।इसके बाद आठ पूरियों का अठावरी बनाएं। साथ में कुछ मीठा और पकवान बनाएंइसके बाद पीली मिट्टी से गौरी माता की प्रतिमा बनाएं और उनकी गोद में गणेशजी बनाकर बिठाएं।गौरी की लकड़ी के आसन पर बिठाएं। चौक बनाकर आसन को उसपर रखें। गौरी को चुनरी



ओढ़ाएं। बिंदी आदि सुहाग आदि सामग्री माता पार्वती को अर्पित करें।पूजा के समय जल से भरा एक लोटा रखें।बायना देने के लिए मिट्टी का टोंटीदार करवा लें। करवा में गेहूं और ढक्कन में शक्कर का बूरा भर दें। उसके ऊपर दक्षिणा रखें।रोली से करवे पर स्वास्तिक बनाएं। माता गौरी भगवान गणेश और करवा माता की विधिवत पूजा करें।करवे पर 12 बिंदी रखें और गेहूं चावल के 13 दाने हाथ में लेकर करवा चौथ की कथा कहें या सुनें। कथा सुनने के बाद करवा पर हाथ से पानी घूमाकर अपनी सासुजी के पैर छूकर आशीर्वाद लें और करवा उन्हें दे दें।रात में चंद्रमा निकलने के बाद चंद्रमा को अर्घ्य दें।

इसके बाद पति से आशीर्वाद प्राप्त करे।करवाचौथ का उपवास सूर्योदय से पहले शुरू होता है जिसे चांद निकलने तक रखा जाता है।इस उपवास में सांस अपनी बहू को सरगी देती है।इस सरगी को लेकर बहुएं अपने व्रत की शुरुआत करती हैं।

इस व्रत में शाम के समय शुभ मुहूर्त में चांद निकलने से पहले पूरे शिव परिवार की पूजा की जाती है।चांद निकलने के बाद महिलाएं चंद्रमा को अर्घ्य देती हैं और अपने पति के हाथ से पानी पीकर व्रत खोलती हैं। करवाचौथ पर सुबह सूर्योदय से पहले उठ जाएं। सरगी के रूप में मिला हुआ भोजन करें पानी पीएं और भगवान की पूजा करके निर्जला व्रत का संकल्प लें।करवाचौथ में महिलाएं पूरे दिन जल-अन्न कुछ ग्रहण नहीं करतीं फिर शाम के समय चांद को देखने के बाद दर्शन कर व्रत खोलती हैं।करवाचौथ की एक कथा भी है, एक साहूकार के सात बेटे और उनकी एक बहन करवा थी। सभी सातों भाई अपनी बहन से बहुत प्यार करते थे। यहां तक कि वे पहले उसे खाना खिलाते और बाद में स्वयं खाते थे। एक बार उनकी बहन ससुराल से मायके आई हुई थी।शाम को भाई जब अपना व्यापार-व्यवसाय बंद कर घर आए तो देखा उनकी बहन बहुत व्याकुल थी। सभी भाई खाना खाने बैठे और अपनी बहन से भी खाने का आग्रह करने लगे, लेकिन बहन ने बताया कि उसका आज करवा चौथ का निर्जल व्रत है और वह खाना सिर्फ चंद्रमा को देखकर उसे अर्घ्य देकर ही खा सकती है। चूंकि चंद्रमा अभी तक नहीं निकला है, इसलिए वह भूख-प्यास से व्याकुल हो उठी है।सबसे छोटे भाई को अपनी बहन की हालत देखी नहीं जाती और वह दूर पीपल के पेड़ पर एक दीपक जलाकर चलनी की ओट में रख देता है। दूर से देखने पर वह ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे चतुर्थी का चांद उदित हो रहा हो।इसके बाद भाई अपनी बहन को बताता है कि चांद निकल आया है, तुम उसे अर्घ्य देने के बाद भोजन कर सकती हो। बहन खुशी के मारे सीढ़ियों पर चढ़कर चांद को देखती है, उसे अर्घ्य देकर खाना खाने बैठ जाती है।वह पहला टुकड़ा मुंह में डालती है तो उसे छींक आ जाती है। दूसरा टुकड़ा डालती है तो उसमें बाल निकल आता है और जैसे ही तीसरा टुकड़ा मुंह में डालने की कोशिश करती है तो उसके पति की मृत्यु का समाचार उसे मिलता है। वह बौखला जाती है।उसकी भाभी उसे सच्चाई से अवगत कराती है कि उसके साथ ऐसा क्यों हुआ। करवा चौथ का व्रत गलत तरीके से टूटने के कारण देवता उससे नाराज हो गए हैं और उन्होंने ऐसा किया है।

सच्चाई जानने के बाद करवा निश्चय करती है कि वह अपने पति का अंतिम संस्कार नहीं होने देगी और अपने सतीत्व से उन्हें पुनर्जीवन दिलाकर रहेगी। वह पूरे एक साल तक अपने पति के शव के पास बैठी रहती है। उसकी देखभाल करती है। उसके ऊपर उगने वाली सूईनुमा घास को वह एकत्रित करती जाती है।एक साल बाद फिर करवा चौथ का दिन आता है। उसकी सभी भाभियां करवा चौथ का व्रत रखती हैं। जब भाभियां उससे आशीर्वाद लेने आती हैं तो वह प्रत्येक भाभी से यम सूई ले लो, पिय सूई दे दो, मुझे भी अपनी जैसी सुहागिन बना दो ऐसा आग्रह करती है, लेकिन हर बार भाभी उसे अगली भाभी से आग्रह करने का कह चली जाती है।इस प्रकार जब छठे नंबर की भाभी आती है तो करवा उससे भी यही बात दोहराती है। यह भाभी उसे बताती है कि चूंकि सबसे छोटे भाई की वजह से उसका व्रत टूटा था अतः उसकी पत्नी में ही शक्ति है कि वह तुम्हारे पति को दोबारा जीवित कर सकती है, इसलिए जब वह आए तो तुम उसे पकड़ लेना और जब तक वह तुम्हारे पति को जिंदा न कर दे, उसे नहीं छोड़ना। ऐसा कह कर वह चली जाती है।सबसे अंत में छोटी भाभी आती है। करवा उनसे भी सुहागिन बनने का आग्रह करती है, लेकिन वह टालमटोली करने लगती है। इसे देख करवा उन्हें जोर से पकड़ लेती है और अपने सुहाग को जिंदा करने के लिए कहती है। भाभी उससे छुड़ाने के लिए नोचती है, खसोटती है, लेकिन करवा नहीं छोड़ती है।

अंत में उसकी तपस्या को देख भाभी पसीज जाती है और अपनी छोटी अंगुली को चीरकर उसमें से अमृत उसके पति के मुंह में डाल देती है। करवा का पति तुरंत श्रीगणेश-श्रीगणेश कहता हुआ उठ बैठता है। इस प्रकार प्रभु कृपा से उसकी छोटी भाभी के माध्यम से करवा को अपना सुहाग वापस मिल जाता है।कुंवारी लड़कियां करवा चौथ का व्रत एक अच्छे वर की तलाश में रखती है। जहां सुहागिन इस व्रत में चंद्रमा की पूजा करती है तो वहीं, कुंवारी लड़कियां तारों को पूजती हैं।

# द्वापर युग के बाद पन्ना में होता है सबसे बड़ा रास!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

**महामति प्राणनाथ ने संवत् 1740 में खेजड़ा मंदिर परिसर में बुंदेलखंड की रक्षा के लिए महाराजा छत्रसाल को विजयादशमी के दिन वरदानी तलवार सौंपी थी और वीरा उठाकर संकल्प कराया था कि जब तक जीतकर नहीं आओगे तब तक मैं यहीं ठहरुंगा। परिणाम यह रहा कि महाराजा छत्रसाल ने पूरे बुन्देलखंड पर विजय प्राप्त कर ली और अपना साम्राज्य स्थापित कर पन्ना को राजधानी बनाया था।उन्होंने औरंगजेब के सरदारों को धूल चटा दी थी।इस संदर्भ में तेरस की सवारी का आयोजन पहली बार बुंदेलखंड केसरी महाराजा छत्रसाल ने किया था।**

मध्यप्रदेश की हीरा नगरी पन्ना में प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन होता है। शरद पूर्णिमा की रात्रि में रात करीब एक बजे बंगलाजी से श्रीजी की सवारी ब्रह्म चबूतरे में लाई जाती है। रातभर महारास का उल्लास चलता है, ब्रह्म चबूतरे में पांच दिनों तक यह सवारी रुकती है। इस दौरान पांच दिन तक गरबा सहित विविध धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते है और शरद पूनम की चांदनी रात में प्राणनाथ का सौंदर्य देखते ही मनमोहक हो जाता है। जब चांद पूरा खिला हो,तभी ब्रह्म चबूतरे पर बने बंगलाजी मंदिर से श्रीजी की सवारी को हजारों सुन्दरसाथ नाचते-गाते, गरबा खेलते हुए रासमंडल में पधारते है। इस अवसर पर प्रणामी धर्मावलंबी रास उत्सव का आनंद लेते हुए भक्ति रस के अमृत का पान करते है। महोत्सव में देश-विदेश से हजारों सुंदरसाथ आते हैं। महामति प्राणनाथ ने संवत् 1740 में खेजड़ा मंदिर परिसर में बुंदेलखंड की रक्षा के लिए महाराजा छत्रसाल को विजयादशमी के दिन वरदानी तलवार सौंपी थी और वीरा उठाकर संकल्प कराया था कि जब तक जीतकर नहीं आओगे तब तक मैं यहीं ठहरुंगा। परिणाम यह रहा कि महाराजा छत्रसाल ने पूरे बुन्देलखंड पर विजय प्राप्त कर ली और अपना साम्राज्य स्थापित कर पन्ना को राजधानी बनाया था।उन्होंने औरंगजेब के सरदारों को धूल चटा दी थी।इस संदर्भ में तेरस की सवारी का आयोजन पहली बार बुंदेलखंड केसरी महाराजा छत्रसाल ने किया था। सद्गुरु के सम्मान की प्रतीक इस सवारी को लेकर मान्यता है कि जब बुंदेलखंड को चारों तरफ से औरंगजेब के सरदारों ने घेर लिया था तब महामति प्राणनाथ ने महाराजा छत्रसाल को अपनी चमत्कारी दिव्य तलवार देकर विजयश्री का आशीर्वाद देकर कहा था कि हे राजन जब तक तुम अपने दुश्मनों को धूल चटाकर नहीं आ जाते तब तक मैं इसी खेजड़ा मंदिर में ही रुकूंगा। तेरस को जब महाराजा छत्रसाल अपने दुश्मनों पर विजयश्री पाकर कर लौटे तो सद्गुरुमहामति प्राणनाथ को पालकी में बिठाकर अपने कंधों का सहारा देकर प्राणनाथ मंदिर स्थित गुम्मट बंगला (जिसे ब्रह्म चबूतरा भी कहते हैं) लाए थे।प्राणनाथ गुंबट बंगला में अपने 5 हजार सुंदरसाथ के साथ ठहरे थे। उस समय वे पूर्णिमा की चांदनी रात में सुंदरसाथ के साथ श्रीकृष्ण द्वारा ग्वाल-ग्वालियों के साथ खेले जाने वाले महारास की चर्चा कर रहे थे। इसी दौरान उनके साथ आए सुंदरसाथ ने महामति प्राणनाथ से अखंड महारास का अनुभव कराने का निवेदन किया। तब पूनम की आधी रात शुरू होने वाली थी। इस पर महामति प्राणनाथ ने पांच हजार सुंदरसाथ के साथ महारास खेलना शुरू किया। यह महारास पांच दिन तक बिना रुके, बिना थके चलता रहा। जिसे द्वापर युग के बाद सबसे बड़ा रास कहा जाता है।तभी से यह महारास हर साल मनाया जा जाता है।पवित्र नगरी पन्ना में अंतर्राष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव के आयोजन को 400 साल पूरे हो चुके हैं। बताया जाता है कि शरद पूर्णिमा महोत्सव का पहला कार्यक्रम संवत् 1740 में हुआ था। तब महामति प्राणनाथ ने 5 हजार सुंदरसाथ के साथ पूनम की चांदनी रात में अखंड रास के दर्शन कराए थे। चार सौ साल के लंबे सफर में यह महोत्सव नित नई उंचाइयों को छूता जा रहा है। अब भारत के अलावा, ब्रिटेन, कनाड़ा और अमेरिका सहित विश्व के कई देशों से सुंदरसाथ पन्ना पहुंचते हैं। मंदिर ट्रस्ट के सचिव राकेश शर्मा ने बताया कि वर्ष 1971 में मंदिर में ढाई क्विंटल सोने का कलश चढ़ाया गया था। उस साल सबसे अधिक श्रद्धालु मुक्तिधाम में पहुंचे थे।

उन्होंने बताया, तब पूरे शहर में श्रद्धालु ही श्रद्धालु दिख रहे थे। स्कूलों, कॉलेजों और सरकारी कार्यालयों आदि की छुट्टी कर दी गई थी और सभी जगह श्रद्धालुओं को रुकवाया गया था। तब कोई भी सरकारी भवन ऐसा नहीं बचा था जहां श्रद्धालुओं को नहीं रुकवाया गया हो।

प्राणनाथ मंदिर ट्रस्ट की स्थापना वर्ष 1961 में लाली शर्मा के प्रयासों से हुई थी। तब वे ट्रस्ट के वाइस चेयरमैन बने थे। इसके बाद प्राणनाथ ट्रस्ट ही गुंबटजी, बंगलाजी, गुरु मंदिर, बाईजू राज मंदिर, खेजड़ा मंदिर और चौपड़ा मंदिर आदि का रख-रखाव कर रहा है। जब ट्रस्ट नहीं था तब यहां आयोजन में आने वाले लोगों के लिए हर प्रकार की व्यवस्था करने में काफी परेशानी होती थी। ट्रस्ट बनने के बाद व्यवस्थाओं में सुधार हुआ है। श्रद्धालुओं के लिए ट्रस्ट की ओर से आवास व्यवस्था का विस्तार किया गया है। आज यहां आने वाले ज्यादातार श्रद्धालुओं को ट्रस्ट अपने धर्मशालाओं, आवास गृहों आदि में ठहराता है। यहां चलने वाले लंगर में हर दिन हजारों लोग प्रसाद ग्रहरण कर रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक हर साल शरद पूर्णिमा के आयोजन में ट्रस्ट करीब 50 लाख रुपए खर्च करता है।देश के विभिन्न प्रांतों सहित विदेश से आए हुए श्रद्धालु सर्वप्रथम पन्ना नगर के धाम मोहल्ला स्थित श्री प्राणनाथ जी मंदिर,श्री गुम्मट जी मंदिर, श्री बांग्ला जी मंदिर, श्री सद्गुरु श्रीधनी दास मंदिर, श्री देव चंद जी मंदिर,श्री बाईजू राज (राधिका मंदिर) मैं पूरी श्रद्धा के साथ शीश नवाते हुए धूमधाम से परिक्रमा शुरू करते हैं।यहां भक्तों का मानना है कि पृथ्वी परिक्रमा से उनको एक सुखद अनुभूति एवं शांति मिलती है।

# विन्ध्य की उड़ान को लगे सुनहरे पंख!

**राजेन्द्र शुक्ल**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जब कहते थे कि वह दिन भी अब दूर नहीं जब हमारे देश के हवाई चप्पल वाले लोग भी हवाई जहाज में उड़ान भरेंगे तब विरोधी इसे महज जुमला कहकर बात हवा में उड़ा देते थे। ऐसे लोगों को आज रीवा आकर देखना चाहिए कि सपना किस तरह यथार्थ के धरातल पर उतरकर चरितार्थ होता है।

20 अक्टूबर 2024 की तारीख विन्ध्यक्षेत्र के लिए ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बनने जा रही है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी चिरप्रतीक्षित रीवा हवाई अड्डे का लोकार्पण करने जा रहे हैं। इस अवसर पर लोकप्रिय मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, रीवा के प्रभारी मंत्री श्री प्रह्लाद सिंह पटेल साथ ही विन्ध्य के सांसद-विधायक गण, उद्यमी व नागरिक गण हवाई अड्डे पर आयोजित गौरवमयी ऐतिहासिक समारोह के साक्षी रहेंगे।

माननीय प्रधानमंत्री जी रीवा में एक ऐसे हवाई अड्डे को लोकार्पित करने ने जा रहे हैं जो भविष्य में उत्तरमध्य भारत का सबसे महत्वपूर्ण एयर ट्रैफिक डेस्टिनेशन बनकर उभरेगा ही इस क्षेत्र को विकास के उच्च पायदान पर स्थापित करेगा। औद्योगिक निवेश और पर्यटन के लिए वैश्विक संभावनाओं का पथ प्रशस्त होगा।

दो वर्ष पूर्व इंदौर में आयोजित ग्लोबल इनवेस्टर्स मीट में विश्वभर के उद्यमियों के बीच माननीय ज्योतिरादित्य सिंधिया जी( तत्कालीन नागरिक विमानन व उड्डयन मंत्री) ने सगर्व यह घोषणा की थी कि हम मध्यप्रदेश का छठवे हवाईअड्डे को निर्मित और विकसित करने जा रहे हैं। उनकी इस घोषणा ने दुनियाभर के उन उद्योगपतियों के ध्यान को आकृष्ट किया जो यहाँ पावर व माइनिंग सेक्टर, वाइल्ड लाइफ टूरिज्म, फूड प्रोसेसिंग इन्डस्ट्रीज की संभावनाओं को देखते हैं। शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश करने वालों के लिए यह अवसरों का दरवाजा खोलने वाला है। यह सुयोग है कि 23 अक्टूबर को रीवा में विन्ध्य में इन्वेस्टर समिट और रीजनल इन्डस्ट्रियल कान्क्लेव का आयोजन है। यह हवाई अड्डा विन्ध्यक्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से एक्सीलेटर की भूमिका निभाएगा यह मेरा दृढ़ विश्वास है।मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि रीवा का हवाईअड्डा कई चरणों में विकसित हो रहा है। प्रथम चरण में 72 सीटर यात्री विमान के उड़ान की सुविधा प्रारंभ हो रही है। पाँच साल में रीवा का हवाईअड्डा बोइंग की लैंडिंग और अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए बनकर तैय्यार रहेगा। वह दिन दूर नहीं जब यहां से विदेशों के लिए भी हवाई जहाज उड़ने लगेंगे।रीवा एयरपोर्ट शिलान्यास के बाद रिकॉर्ड समय में बनकर तैयार हुआ है, इस उपलब्धि के लिए भारतीय विमान प्राधिकरण व स्थानीय प्रशासन अभिनंदन का पात्र है। हवाई यातायात की सुविधा की दृष्टि से रीवा अब भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, खजुराहो की श्रेणी में आकर खड़ा हो गया है। भविष्य में हम और भी आगे बढ़ेंगे।

देश में श्री मोदी जी और प्रदेश में डा. मोहन यादव के कुशल और फलदायी नेतृत्व के अनुभव को देखते हुए मैं यह विश्वास पूर्वक कह सकता हूँ कि अगले पाँच वर्षों के भीतर हम-सब का सपना पूर्णरूपेण यथार्थ के धरातल पर उतर जाएगा। यह विन्ध्य की आशाओं के केन्द्र रीवा के विकास का श्रेष्ठ व उन्नत दौर है जो स्वतंत्रता के अमृतकाल में प्रारंभ हो हुआ है।

मैं जब कहता हूँ कि अब रीवा मध्यप्रदेश के ही नहीं देश के समुन्नत और श्रेष्ठ महानगरों की श्रेणी में कदमताल मिलाकर चल पड़ा है तो इसके पीछे ठोस आधार है। 1956 तक रीवा विन्ध्यप्रदेश की राजधानी रहा है और तब इसकी हैसियत भोपाल, लखनऊ, पटना और भुवनेश्वर जैसे शहरों के समकक्ष थी। कांग्रेस सरकार ने राजनीतिक द्वेषवश रीवा से एक प्रदेश की राजधानी का गौरव छीन लिया।

1956 से 2004 तक यह उपेक्षित और अभिशप्त पड़ा रहा। विन्ध्य में आज जो प्राकृतिक संसाधन हैं वो कल भी थे। आम नागरिकों में विकास की ललक और अपेक्षाएं कल भी वैसी ही थीं। केन्द्र में अटलजी और उसके बाद मोदीजी की नेतृत्व की व प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान और अब डा.मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने आहत और उपेक्षित विन्ध्यवासियों की पीड़ा और भावनाओं को समझा है। आज यह क्षेत्र कई मामलों देश में अग्रगण्य है।

जब मैं कहता हूँ कि रीवा एयरपोर्ट उत्तरमध्य भारत का सबसे महत्वपूर्ण एयरपोर्ट होगा तो मेरी दृष्टि के सामने सिंगरौली का पावर काम्प्लेक्स उभरकर सामने आता है। सिंगरौली में थर्मल प्लांटस में 20,000 मेगावाट से ज्यादा विद्युत उत्पादन होता है। देश का यह सबसे बड़ा पावर काम्प्लेक्स है। रीवा से सिंगरौली तक विश्वस्तरीय सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित होकर पूर्णता के करीब है। जो यात्री पाँच घंटे में बनारस पहुँचते थे वे दो घंटे में रीवा एयरपोर्ट के लाउंज में होंगे। विन्ध्य की 29 बड़ी औद्योगिक इकाईयां 225 किमी की परिधि में फैली हैं और प्रायः सभी नेशनल हाइवेज से जुड़ी हैं। अपने रीवा का हाइवेज जंक्शन पहले ही विकसित हो चुका है। इन औद्योगिक इकाइयों के अधिकारियों के लिए रीवा एयरपोर्ट कितनी बड़ी सहूलियत बनने जा रहा है यह अब उनसे ही पूछ सकते हैं। विन्ध्य की वाइल्डलाइफ टूरिज्म का विश्व में स्थान है। यहाँ। का सफेद बाघ दुनियाभर के चिड़ियाघरों में दहाड़ रहा है। टीवी में दिखने वाला हर दूसरा बाघ या तो बांधवगढ़ का है या कि पन्ना का। पर्यटकों के लिए यह कितना आसान हो जाएगा। रीवा में 750 मेगावाट का सोलर पावर काम्प्लेक्स एशिया के बड़े पावर प्रोडक्शन यूनिट में शामिल है। रीवा में खूबसूरत प्रपातों की श्रृंखला है। भगवान राम का तपोवन चित्रकूट और माँ शारदा के धाम मैहर कौन नहीं आना चाहेगा।

बाणसागर का वृस्तित जल प्रक्षेत्र और उसके द्वीप विकसित होने पर हनुवंतिया के आकर्षण से आगे का प्राकृतिक सौंदर्य प्रस्तुत करेंगे। अपना विन्ध्य पावर हब की तरह सीमेंट का भी प्रोडक्शन काम्प्लेक्स है। प्रायः सभी बड़े औद्योगिक घरानों का निवेश यहां आया है। रीवा में नागपुर की तरह मेडिकल फैसिलटी और कोटा की तरह एकडमीज का विस्तार हो रहा है। हम यह गर्व के साथ कह सकते हैं कि देश का हर दसवां घर विन्ध्य में उत्पादित बिजली से रोशन हैं। देश के हर दसवें घर की बुनियादें यहां की फैक्ट्रियों से बनी सीमेंट से बेजोड़ और मजबूत हुई हैं।

अभी तीन लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित हुई है, बाणसागर का पानी जब 9 लाख हेक्टेयर तक पहुँचेगा तब यहाँ के किसानों की स्थिति क्या बनेगी कल्पना की जा सकती है। विन्ध्यवासियों की क्रयशक्ति बढ़ी है और यही सब क्षमता मिलकर रीवा को उत्तरमध्य भारत के सबसे विकसित महानगर बनाने का काम करेगी।

रीवा इंदौर की तर्ज पर आगे बढ़ रहा है। शहरी विकास की रेटिंग एजेंसियां रीवा को संभावनाओं का महानगर बता रहे हैं। इन्हीं सबके आधार पर मैं यह कहता हूँ कि रीवा एयरपोर्ट विन्ध्य के उन्नत उडान के लिए स्वर्णिम पंख लगाने जा रहा है।

रीवा एयरपोर्ट के फलितार्थ होने में भी परिश्रम की पराकाष्ठा शामिल है। मैं आभारी हूँ तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज जी का, मुझे वह तारीख 13 जनवरी 2015 आज भी याद है जब उन्होंने सिविल एविएशन मिनिस्ट्री को रीवा में एयरपोर्ट की संभावनाओं के अध्ययन के लिए पत्र लिखा। इसके बाद वह सिलसिला चल निकला। प्रधानमंत्री जी ने किफायती दरों वाली उडान योजना लांच की तो उन्हीं की कृपा से रीवा उडान में शामिल हो गया। श्री सिंधिया जी ने जब से उड्डयन विभाग की कमान सँभाली रीवा एयरपोर्ट उनकी प्राथमिकता में सर्वोपरि रहा। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने प्रदेश सरकार से कहा कि हमें रीवा के लिए 258 एकड़ भूमि और चाहिए। मुख्यमंत्री जी ने बिना वक्त गँवाए इसके लिए 209 करोड़ रुपये उपलब्ध करा दिए।

जब जनसेवा का भाव और संकल्प प्रबल होता है तब दैवयोग से सभी कार्य ऐसे ही सधते जाते हैं जैसे कि रीवा एयरपोर्ट की कल्पना और उसे अब यथार्थ के धरातल पर उतरते हुए देखना। मैं विन्ध्यजनों की ओर से, रीवा के नागरिकों की ओर से विनयवत हूँ, आभारी और कृतज्ञ हूँ।

## भारत का केमिकल और पेट्रोकेमिकल सेक्टर 300 अरब डॉलर का हो सकता

### केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने जताया अनुमान

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत का केमिकल और पेट्रोकेमिकल सेक्टर 2025 तक बढ़कर 300 अरब डॉलर का हो सकता है। मौजूदा समय में यह 220 अरब डॉलर का है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इसकी जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2040 तक केमिकल की मांग करीब तीन गुना होने का अनुमान है और भारत की पेट्रोकेमिकल इंडस्ट्री एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकती है। केमिकल इंडस्ट्री भारत की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसका सकल घरेलू उत्पाद में योगदान करीब 6 प्रतिशत है और इससे 50 लाख से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा, भारत में पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में अगले दशक में 87 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश आने का अनुमान है, जो वैश्विक पेट्रोकेमिकल वृद्धि का 10 प्रतिशत से अधिक का प्रतिनिधित्व करता है।
भारत में केमिकल की वार्षिक खपत 25 से 30 मिलियन टन है, जो कि प्रति व्यक्ति हिसाब से दुनिया के विकसित देशों से काफी कम है। इस कारण से केमिकल सेक्टर में विकास की प्रबल संभावनाएं बन रही हैं। वैश्विक स्तर पर भारत दुनिया का छठा और एशिया में तीसरा सबसे बड़ा केमिकल उत्पादक देश है। भारत की ओर से केमिकल का निर्यात 175 से अधिक देशों को होता है। केंद्रीय मंत्री पुरी ने जोर दिया कि केमिकल और पेट्रोकेमिकल वैश्विक तेल मांग में वृद्धि को बढ़ावा देंगे, भारत की एकीकृत पेट्रोकेमिकल क्षमता इसकी विस्तारित शोधन क्षमताओं से निकटता से जुड़ी हुई है।

# ह्युंडै के आईपीओ से निवेशक निराश..........निवेश बैंकर मालामाल

मुंबई (ईएमएस)। भले ही ह्युंडै मोटर इंडिया का 27,870 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) निवेशकों को निराश कर गया हो, मगर आईपीओ ने शेयर बिक्री संभालने वाले पांच निवेश बैंकरों की चांदी कर दी है। दक्षिण कोरियाई कार कंपनी ने तथाकथित बुक रनिंग लीड मैनेजर्स (बीआरएलएम) को फीस एवं कमीशन के तौर पर 493 करोड़ रुपये दिए जो कुल निर्गम आकार का 1.77 फीसदी है। यह किसी आईपीओ को संभालने के लिए अब तक का सबसे बड़ा भुगतान है।
पेटीएम की मूल कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस ने नवंबर 2021 में अपने 18,300 करोड़ रुपये के आईपीओ को संभालने के लिए निवेश बैंकरों को फीस के तौर पर 324 करोड़ रुपये का भुगतान किया था। यह रकम कंपनी के कुल निर्गम आकार की 1.77 फीसदी थी। उद्योग के अनुमान के अनुसार, ह्युंडै के भुगतान के बाद चालू कैलेंडर वर्ष में शेयर बिक्री सौदों को संभालने के लिए निवेश बैंकरों की कुल फीस आय 3,000 करोड़ रुपये के पार पहुंच चुकी है। यह किसी एक साल में निवेश बैंकरों को फीस से हुई सबसे अधिक कमाई है। इस साल पूंजी बाजार में तीन बड़े सौदे हुए। ह्युंडै के अलावा अन्य दो सौदों में वोडाफोन आइडिया का 18,000 करोड़ रुपये का एफपीओ और ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का 6,146 करोड़ रुपये का आईपीओ शामिल हैं। निवेश बैंकरों ने वोडाफोन आइडिया के एफपीओ से 287 करोड़ और ओला इलेक्ट्रिक के आईपीओ से 145 करोड़ रुपये कमाए। ह्युंडै का आईपीओ देश में अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ है। इससे प्राप्त आकर्षक फीस को




पांच निवेश बैंकरों में बांटा जाएगा। इस अप्रत्याशित लाभ से उनकी प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी क्योंकि यह सौदा काफी बड़ा है। साल के दूसरे सबसे बड़े शेयर बिक्री सौदे- बजाज हाउसिंग फाइनैंस के 6,560 करोड़ रुपये के आईपीओ के मुकाबले ह्युंडै का आईपीओ करीब चार गुना है। दिलचस्प है कि ह्युंडै से पहले देश का सबसे बड़ा आईपीओ भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का आईपीओ था। एलआईसी के आईपीओ से केंद्र सरकार को 20,557 करोड़ रुपये जुटाने में मदद मिली मगर निवेश बैंकरों को अधिक आमदनी नहीं हुई। एलआईसी के आईपीओ को संभालने के लिए मोदी सरकार ने निवेश बैंकरों को 11.8 करोड़ रुपये दिए इस 16 निवेश बैंकरों के बीच बांटा गया था।
आम तौर पर निवेश बैंकर कम फीस पर सरकारी कंपनियों के बड़े सौदों को संभालने के लिए तैयार रहते हैं क्योंकि इससे उनकी प्रतिष्ठा बढ़ती है। जहां तक निजी क्षेत्र का सवाल है, तब बीआरएलएम का फीस कुल निर्गम आकार का 1 से 3 फीसदी के दायरे में होता है। एक निवेश बैंकर ने बजाज हाउसिंग फाइनैंस का उदाहरण देकर कहा, ह्युंडै आईपीओ जैसे बड़े सौदे के लिए 1.8 फीसदी तक का फीस काफी आकर्षक है। अगर शेयर के लिए बाजार में आकर्षण दिखता है, तब कंपनियां सौदेबाजी कर सकती हैं। यदि निर्गम मूल्य आकर्षक है, तब रोड शो के दौरान अधिक मेहनत भी नहीं करनी पड़ती है।' बजाज फाइनैंस की सहायक कंपनी ने पूंजी बाजार से 6,560 करोड़ रुपये जुटाने के लिए निवेश बैंकरों को बतौर फीस 36 करोड़ रुपये (0.6 फीसदी) का भुगतान किया। कंपनी का शेयर शुरू में 137 फीसदी उछल चुका था।
बहरहाल, इस साल अब तक 66 कंपनियों ने आईपीओ के जरिये पूंजी बाजार से करीब 93,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इससे पहले 2021 में आईपीओ के जरिये 1.19 लाख करोड़ रुपये जुटाए थे। इस साल शापूरजी पलोनजी ग्रुप की कंपनी एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर का 7,000 करोड़ रुपये का आईपीओ और सोलर पैनल बनाने वाली कंपनी वारी एनर्जिज का 4,321 करोड़ रुपये का आईपीओ आने वाला है।

## वित्त मंत्री ने मैक्सिको के वित्त एवं सार्वजनिक मंत्री से व्यापार एवं निवेश बढ़ाने पर चर्चा की

मैक्सिको सिटी (ईएमएस)। केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने यहां मैक्सिको के वित्त एवं सार्वजनिक ऋण मंत्री डॉ. रोजेलियो रामिरेज़ डे ला ओ से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच आपसी व्यापार एवं निवेश बढ़ाने पर चर्चा की। सीतारमण ने डॉ डे ला ओ को लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए बधाई दी तथा विवेकपूर्ण राजकोषीय नीतियों के अनुसरण में पिछले 6 वर्षों में मैक्सिकन अर्थव्यवस्था के मजबूत प्रदर्शन की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत को मैक्सिको सरकार के साथ अपने अनुभव साझा करने तथा भारत के डिजिटल परिवर्तन के आधार पर सहयोग की संभावना तलाशने में खुशी होगी। भारत ने एक अरब से अधिक बैंक खातों, मोबाइल फोन तथा डिजिटल पहचान (आधार), एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई), अकाउंट एग्रीगेटर फ्रेमवर्क तथा प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) की नींव का लाभ उठाकर एक नई डिजिटल अर्थव्यवस्था का निर्माण करने, कमजोर वर्ग के साथ-साथ बड़े समाज को सशक्त बनाने में सफलता प्राप्त की है। डॉ. डे ला ओ ने समग्र रूप से आबादी की मदद करने के लिए मैक्सिकन प्रशासन के आधारभूत स्तंभों को साझा किया। इनमें निम्न आय वाले परिवारों को सहायता, सार्थक बुनियादी ढांचे में विकास, आपूर्ति पक्ष के उपाय शामिल हैं जो राजकोषीय अनुशासन बनाए रखते हुए अत्यधिक लालफीताशाही से निटपने में मदद करते हैं।श्रीमती सीतारमण ने सभी भारतीयों को बुनियादी सुविधायें कम से कम उपलब्ध कराने के मामले में भारत और मैक्सिको के बीच समानताएं बताईं - जैसे खाद्य सुरक्षा, आवास, बिजली, रसोई गैस, तकनीक-संचालित वित्तीय समावेशन, और आय का पूरक आदि। उन्होंने लगभग 1,500 पुराने कानूनों और विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 6,000 अनुपालन विनियमों को हटाकर बुनियादी ढांचे से संबंधित खर्च के साथ-साथ व्यापार करने में आसानी पर भारत के निरंतर ध्यान को भी साझा किया। सीतारमण ने भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम के माध्यम से इंडिया मैक्सकिो के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारी का प्रस्ताव रखा और इस बात पर जोर दिया कि युवा नवोन्मेषी और प्रभावी समाधान लाने में सक्षम हैं, और विचारों के ऐसे आदान-प्रदान से दोनों देशों को मदद मिल सकती है।

# अशनीर ग्रोवर का भारत-पे से अब कोई संबंध नहीं रहेगा

### समझौता पत्र पेश किए जाने के बाद याचिका वापस लेने की अनुमति मिली

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतपे के को-फाउंडर अशनीर ग्रोवर ने नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) में दायर अपनी याचिका को फिनटेक कंपनी के साथ समझौते के बाद वापस ले लिया है। ग्रोवर ने पहले बोर्ड पर दबाव डालने और गलत प्रबंधन (मिसमैनेजमेंट) का आरोप लगाते हुए याचिका दाखिल की थी। एनसीएलटी ने 14 अक्टूबर 2024 को 30 सितंबर 2024 का समझौता पत्र पेश किए जाने के बाद ग्रोवर को याचिका वापस लेने की अनुमति दी। गौरतलब है कि ग्रोवर के वकील ने ट्रिब्यूनल के सामने समझौता पेश कर याचिका वापस लेने की अपील की थी। एनसीएलटी के आदेश में



कहा गया कि दोनों पक्षों के बीच समझौता हो चुका है, इसलिए अशनीर को याचिका वापस लेने की अनुमति दी जाती है और मामला समाप्त कर दिया गया है। इसके बाद, 17 अक्टूबर को अशनीर ग्रोवर ने नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल से भी अपनी याचिका वापस ले ली, जिसमें उन्होंने एनसीएलटी मामले की जल्दी सुनवाई की मांग की थी। पहले दायर याचिका में ग्रोवर ने खुद को फिर से भारत पे का एमडी बहाल करने और रेसिलिएंट इनोवेशन के बोर्ड द्वारा किए गए बदलावों को अवैध घोषित करने की मांग की थी। उन्होंने कंपनी का ऑडिट कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा कराने और अपनी पत्नी माधुरी जैन को फिर से नौकरी पर बहाल करने की भी अपील की थी, जिन्हें कंपनी के बोर्ड ने हटाया था। समझौते के तहत अब अशनीर ग्रोवर का भारत से कोई संबंध नहीं रहेगा।
उनके शेयर एक पारिवारिक ट्रस्ट द्वारा संभाले जाएंगे, जबकि कुछ शेयर कंपनी के फायदे के लिए रेसिलिएंट ग्रोथ ट्रस्ट को ट्रांसफर किए जाएंगे। अशनीर ग्रोवर को मार्च 2022 में एमडी पद से हटा दिया गया था, जिसके बाद उनके और कंपनी के बीच लंबी कानूनी लड़ाई शुरू हो गई थी। इस समझौते के साथ ही उनकी सभी कानूनी विवादों का अंत हो गया है, और ग्रोवर ने आधिकारिक रूप से भारत पे से खुद को अलग कर लिया है।

## एनालॉग डिवाइसेज भारत को अपने आरएंडडी केंद्र के रुप में देखती

मुंबई (ईएमएस)। वैश्विक सेमीकंडक्टर कंपनी एनालॉग डिवाइसेज (एडीआई) भारत को अपने प्रमुख शोध एवं विकास (आरएंडडी) केंद्र के रुप में देखती है। कंपनी के एक प्रमुख अधिकारी ने कहा कि वह देश को न केवल इंजीनियरिंग प्रतिभा के लिए, बल्कि एक उभरते बाजार मौके के रूप में भी मान्यता देते हैं। एनालॉग डिवाइसेज का बेंगलुरू स्थित आरएंडडी केंद्र वैश्विक रूप से सबसे बड़े केंद्रों में शामिल है। एनालॉग डिवाइसेज इंडिया (एडीआई) के भारत में प्रमुख ने बताया कि , "हम भारत को एनालॉग डिवाइस के लिए प्रमुख रणनीतिक आरएंडडी स्थलों में से देखते हैं, और बेंगलुरु वैश्विक स्तर पर हमारे सबसे बड़े आरएंडडी केंद्रों में शामिल है।" उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि एनालॉग डिवाइस में बनने वाली करीब हर चिप में, एडीआई इंडिया ने किसी न किसी तरह से भूमिका निभाई होगी।"
भारत में सेमीकंडक्टर के मौके के बारे में कंपनी के इंडिया प्रमुख ने कहा कि कंपनी इंजीनियरिंग प्रतिभा में भारी निवेश जारी रखने की योजना तैयार कर रही है। साथ ही कंपनी भारत में मौजूद अपार बाजार अवसरों की तलाश भी कर रही है।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली (ईएमएस)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी लगातार जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के भाव में शनिवार को कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

## भारत के पेट्रोकेमिकल सेक्टर 2025 तक 300 अरब डॉलर हो जाएगा: हरदीप पुरी

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत का केमिकल और पेट्रोकेमिकल सेक्टर 2025 तक बढ़कर 300 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। वर्तमान समय में यह 220 अरब डॉलर है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने हाल ही में यह बयान दिया। इंडिया केम 2024 के दौरान पेट्रोकेमिकल पर गोलमेज सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2040 तक केमिकल की मांग लगभग तीन गुना होने का अनुमान है और भारत की पेट्रोकेमिकल इंडस्ट्री एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकती है। केमिकल इंडस्ट्री भारत की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसका सकल घरेलू उत्पाद में योगदान लगभग 6 प्रतिशत है और इससे 50 लाख से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में अगले दशक में 87 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश आने का अनुमान है, जो वैश्विक पेट्रोकेमिकल वृद्धि का 10 प्रतिशत से अधिक का प्रतिनिधित्व करता है। भारत में केमिकल की वार्षिक खपत 25 से 30 मिलियन टन है, जो कि प्रति व्यक्ति हिसाब से दुनिया के विकसित देशों से काफी कम है। इस कारण से केमिकल सेक्टर में विकास की प्रबल संभावनाएं हैं। वैश्विक स्तर पर भारत दुनिया का छठा और एशिया में तीसरा सबसे बड़ा केमिकल उत्पादक देश है। भारत की ओर से केमिकल का निर्यात 175 से अधिक देशों को किया जाता है। पुरी ने इस बात पर जोर दिया कि केमिकल और पेट्रोकेमिकल वैश्विक तेल मांग में वृद्धि को बढ़ावा देंगे, भारत की एकीकृत पेट्रोकेमिकल क्षमता इसकी विस्तारित शोधन क्षमताओं से निकटता से जुड़ी हुई है।

## देश के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट

मुंबई (ईएमएस)। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 11 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 10.75 अरब डॉलर घटकर 690.43 अरब डॉलर रहा। यह हाल के दिनों में मुद्रा भंडार में सबसे बड़ी गिरावट है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.71 अरब डॉलर घटकर 701.18 अरब डॉलर रहा था। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। भारतीय रिजर्व बैंक के जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार 11 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 10.54 अरब डॉलर घटकर 602.10 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 9.8 करोड़ डॉलर घटकर 65.66 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 8.6 करोड़ डॉलर घटकर 18.34 अरब डॉलर रह गया।

## सॉफ्टवेयर सेवा निर्यात पिछले वित्त वर्ष में बढ़कर 205.2 अरब डॉलर पहुंचा: आरबीआई

मुंबई (ईएमएस)। भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों की विदेशी अनुषंगियों द्वारा दी जाने वाली सेवाओं समेत देश का सॉफ्टवेयर सेवाओं का कुल निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 205.2 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक के एक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाओं के निर्यात पर आरबीआई के वार्षिक सर्वेक्षण 2023-24 से पता चलता है कि भारत का सॉफ्टवेयर सेवाओं का निर्यात (विदेशों में वाणिज्यिक उपस्थिति के माध्यम से उनकी बिक्री को छोड़कर) सालाना आधार पर 2.8 प्रतिशत बढ़कर 190.7 अरब डॉलर हो गया। आंकड़ों के मुताबिक अमेरिका 54 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारतीय सॉफ्टवेयर निर्यात का प्रमुख गंतव्य रहा। उसके बाद यूरोप (31 प्रतिशत हिस्सेदारी) का स्थान था जिसमें ब्रिटेन की अहम मौजूदगी रही।सर्वेक्षण में 7,226 सॉफ्टवेयर निर्यात कंपनियों से संपर्क किया गया। इनमें से 2,266 कंपनियों ने जवाब दिए जिनमें अधिकांश बड़ी कंपनियां शामिल थीं। भाग लेने वाली कंपनियों की कुल सॉफ्टवेयर सेवा निर्यात में लगभग 89 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। आरबीआई सर्वेक्षण कहता है कि वित्त वर्ष 2023-24 में कुल सॉफ्टवेयर सेवा निर्यात में कंप्यूटर सेवाओं का हिस्सा दो-तिहाई से अधिक था और आईटीईएस निर्यात में बीपीओ सेवाएं प्रमुख घटक रहीं।

# सोना एक हफ्ते में 2,580 रुपए महंगा दिवाली तक 80,000 तक पहुंचेगा



### जून 2025 तक सोना 85,000 रुपए के आंकड़े को छूने की संभावना

नई दिल्ली (ईएमएस)। सोने की कीमतों में लगातार उछाल देखने को मिल रहा है। पिछले एक हफ्ते में सोना 2,580 रुपए महंगा हो चुका है और अब इसकी कीमत 77,410 रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि दिवाली तक सोने का दाम 80,000 रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकता है। इसके अलावा जून 2025 तक सोना 85,000 रुपए के आंकड़े को छूने की संभावना है। विशेषज्ञों के अनुसार ब्याज दरों में गिरावट और डॉलर की कमजोरी के चलते सोने की मांग में तेजी आई है, जिससे इसकी कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है। मोडिटी विश्लेषकों का अनुमान है कि अगले साल जून तक सोने की कीमत 85,000 रुपए तक जा सकती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना पहली बार 2,700 डॉलर प्रति आउंस से ऊपर निकल गया है। आईबीजेए (इंडियन बुलियन ज्वैलर्स एसोसिएशन) के आंकड़ों के मुताबिक इस साल सोने की कीमत में अब तक 14,164 रुपए का इजाफा हुआ है और पिछले 12 महीनों में 18,127 रुपए की वृद्धि देखी गई है। यानी कि एक साल में सोने का रिटर्न 30.6 फीसदी रहा है, जबकि इसी अवधि में सेंसेक्स का रिटर्न 22.27 फीसदी था। विशेषज्ञों के अनुसार मौजूदा हालात को देखते हुए सोने की कीमतों में तेजी के रुकने के आसार कम हैं। ब्याज दरों में गिरावट और डॉलर की कमजोरी इसकी बड़ी वजह मानी जा रही है। भारत में भी सोने की मांग में भारी इजाफा हुआ है। 2018-19 से लेकर 2023-24 तक, देश में सोने का आयात 45 फीसदी से ज्यादा बढ़ गया है। अनुमान है कि दिवाली से पहले सोने की कीमत 80,000 रुपए तक पहुंच सकती है, और जून 2025 तक यह 85,000 रुपए प्रति 10 ग्राम तक हो सकता है। अमेरिका में 5 नवंबर को राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे आएंगे, और 7 नवंबर को अमेरिकी केंद्रीय बैंक दूसरी बार ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। यदि डोनाल्ड ट्रंप जीतते हैं, तो अनिश्चितता बढ़ेगी, जिससे सोना और महंगा हो सकता है।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे हफ्ते गिरावट रही

### - सेंसेक्स 156 अंक गिरावट के साथ 81,224 पर बंद

### - निफ्टी 110 अंक की गिरावट के साथ 24,854 पर बंद

मुंबई (ईएमएस)। विदेशी निवेशकों की भारतीय बाजार में बिकवाली और उम्मीद से कम दूसरी तिमाही के नतीजों की वजह से घरेलू शेयर बाजार में लगातार तीसरे सप्ताह गिरावट देखी गई। जिस वजह से शुक्रवार को सेंसेक्स 0.19 फीसदी और निफ्टी 0.44 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ। पिछले सप्ताह बाजार के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो सेंसेक्स हफ्ते के पहले कारोबारी दिन शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी हरे निशान पर खुले। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 300 अंकों से अधिक की बढ़त के साथ 81,697 पर खुला और 591.69 अंक उछलकर 81,973.05 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 94 अंक मजबूत होकर एक बार फिर 25000 के पार खुला और 163.70 अंक मजबूत होकर 25,127.95 पर बंद हुआ। मंगलवार को शुरुआती कारोबार में बढ़त हासिल करने के बाद घरेलू शेयर बाजार में बिकवाली हावी होती दिखी। इस दौरान दिन के ऊपरी स्तरों से बेंचमार्क सूचकांकों ने गोता लगा दिया। रिलायंस और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में




बिकवाली के कारण ऊपरी स्तरों से सेंसेक्स 600 अंकों तक नीचे फिसल गया और 152.93 अंकों की गिरावट के साथ 81,667.19 पर बंद हुआ। निफ्टी भी कमजोर होकर 25100 के नीचे खुला और 70.60 अंकों की गिरावट के साथ 25,057.35 पर बंद हुआ। शेयर बाजार में बुधवार को शुरुआती कारोबार में बिकवाली का दौर देखा गया। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 240.75 अंक गिरकर 81,579.37 अंक पर खुला और 318.76 टूटकर 81,501.36 पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 62.7 अंक गिरकर 24,994.65 अंक पर खुला और 86.05 अंक फिसलकर 25000 के नीचे पहुंच गया और 24,971.30 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांकों सेंसेक्स और निफ्टी में गुरुवार को शुरुआती कारोबार में तेजी आई, लेकिन जल्द ही विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी से बाजार कमजोर पड़ गया है और सूचकांक गिरावट के साथ कारोबार करने लगे। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 280.04 अंक चढ़कर 81,781.40 अंक पर खुला और 494.75 अंक गिरकर 81,006.61 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 58.2 अंक की बढ़त के साथ 25,029.50 अंक पर खुला और 58.2 अंक की बढ़त के साथ 25,029.50 अंक पर बंद हुआ। विदेशी फंडों की लगातार निकासी और इंफोसिस के शेयरों में बिकवाली के बीच शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 570.45 अंक गिरकर 80,436.16 पर खुला और 156.61 अंक यानी 0.19 फीसदी की गिरावट के साथ 81,224.75 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी इंडेक्स 84 अंक की गिरावट के साथ 24,664.95 अंक पर खुला और 110.25 अंक यानी 0.44 फीसदी की गिरावट के साथ 24,854 के स्तर पर बंद हुआ।

## सर्वे: ब्याज दर 9 फीसदी से अधिक होने पर मकान खरीदारी पर पड़ेगा असर

### वर्ष 2029 तक 1.04 लाख करोड़ डॉलर का आवासीय बाजार होगा

मुंबई (ईएमएस)। भारत की आर्थिक वृद्धि रियल एस्टेट क्षेत्र में तेजी से बढ़ रही है। आवासीय बाजार हर साल 25.6 फीसदी की दर से बढ़ रहा है, जिसके 2029 तक बढ़कर 1.04 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।



हालांकि, इस वृद्धि में महंगे होम लोन बड़ी बाधा बन सकते हैं। एक मकान खरीदार धारणा सर्वेक्षण सर्वे में शामिल करीब 90 फीसदी उत्तरदाताओं का कहना है कि होम लोन के 9 फीसदी से अधिक होने पर मकान खरीदने पर उनको विचार करना पड़ सकता है। सर्वे में कहा गया है कि 71 फीसदी से अधिक लोग मानते हैं कि अगर ब्याज दर 8.5 फीसदी से कम रहती हैं, तो खरीदारी का फैसला प्रभावित नहीं होगा। 54 फीसदी ने कहा कि ब्याज दर 8.5 फीसदी से 9 फीसदी के बीच होने पर उन्हें अपनी पसंद पर विचार करना पड़ेगा। करीब 98 फीसदी मकान खरीदारों की प्राथमिकता समय पर परियोजनाओं का पूरा होना है। 93 फीसदी लोग बेहतर निर्माण गुणवत्ता चाहते हैं, जबकि 72 फीसदी उत्तरदाता अच्छे हवादार मकान खरीदना चाहते हैं।59 फीसदी से अधिक लोगों के लिए रियल एस्टेट निवेश का पसंदीदा क्षेत्र है। 67 फीसदी से अधिक लोग खुद के इस्तेमाल के लिए मकान खरीदना चाहते हैं। 35 फीसदी से अधिक खरीदारों के लिए 45-90 लाख का बजट पसंदीदा विकल्प है। 28 फीसदी 1.5 करोड़ तक के मकान खरीदना चाहते हैं।

## कोटक महिंद्रा बैंक खरीदेगा स्टेंडर्ड चाटर्ड का भारत में पर्सनल लोन कारोबार

नई दिल्ली। कोटक महिंद्रा बैंक ने कहा है कि वह स्टैंडर्ड चाटर्ड बैंक का पर्सनल लोन कारोबार खरीदने पर विचार कर रहा है। इस सौदे के बाद यूके स्थित स्टैंडर्ड चाटर्ड भारत में अपनी वेल्थ और इन्वेस्टमेंट बैंकिंग पर फोकस करेगी। कोटक महिंद्रा बैंक के मुताबिक स्टैंडर्ड चाटर्ड बैंक का पर्सनल लोन बुक 30 सितंबर तक 4,100 करोड़ (488 मिलियन) का था। भारत का पर्सनल लोन बाजार मजबूत उपभोक्ता मांग के चलते काफी प्रतिस्पर्धी हो गया है। पिछले साल नवंबर में भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों को पर्सनल लोन के लिए अधिक पूंजी रिजर्व रखने के निर्देश दिए थे, क्योंकि बढ़ती मांग के चलते जोखिम बढ़ने की आशंका जताई गई थी। इससे बैंकों के पर्सनल लोन की वृद्धि दर में कुछ गिरावट आई है, जो अगस्त में सालाना 17 फीसदी रह गई, जबकि एक साल पहले यह 18.3 फीसदी थी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### क्यूबा में इलेक्ट्रिक ग्रिड फैल होने से ब्लैकआउट, अंधेरे में रहने को मजबूर हैं लोग

हवाना,(ईएमएस)। कैरिबियाई देश क्यूबा में बिजली संकट छा गया है। पूरा देश अंधेरा में है। मीडिया रिपोर्ट में क्यूबा के ऊर्जा मंत्रालय के मुताबिक इलेक्ट्रिक ग्रिड बंद होने से द्वीप के प्रमुख बिजली संयंत्रों में से एक एंटोनियो गुइटरस पावर प्लांट ठप हो गया है, जिससे देश में ब्लैकआउट हो गया और लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं।जानकारी के मुताबिक हवाना में गाड़ी चालकों ने रात में शहर जाने की कोशिश की, लेकिन कोई स्ट्रीट लाइट नहीं जलने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़कों पर भी पुलिस ही नजर आई। क्यूबा के ज्यादातर लोगों के पास जनरेटर नहीं है। शहर में केवल कुछ ही लोगों के पास यह व्यवस्था है। बता दें कि क्यूबा में ऊर्जा की कमी से सरकार ने बिजली बचाने के लिए कठोर नियम अपनाने के लिए कहा है। इसमें श्रमिकों से घर पर रहने की अपील भी की गई है।बिजली की कमी के कारण स्कूलों में कक्षाएं रद्द कर दी गईं हैं साथ ही नाइट क्लब और मनोरंजन केंद्रों को बंद करने का आदेश दिया गया है। केवल जरूरी काम करने वाले श्रमिकों को ही अपने काम पर जाने के आदेश दिए गए हैं। कम्युनिस्ट शासित द्वीप पर लाखों लोग पिछले कई दिनों से अंधेरे में रहने को मजबूर हैं।क्यूबा के अधिकारियों ने अमेरिकी के आर्थिक प्रतिबंधों के साथ-साथ तूफानों को भी इसके लिये जिम्मेदार ठहराया है। क्यूबा के पीएम मैनुअल मार्रेरो क्रूज ने कहा कि देश के सीमित उत्पादन में से ज्यादातर लोग पूरी तरह से बिजली के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं।

### अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में पाकिस्तान ट्रंप का करेगा समर्थन

इस्लामाबाद,(ईएमएस)। पाकिस्तानी-अमेरिकी पब्लिक अफेयर्स कमेटी ने 2024 के अमेरिका राष्ट्रपति चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन किया है। यह समर्थन उनके द्वारा अमेरिकी-पाकिस्तान संबंधों को सुधारने की प्रतिबद्धता और पाकिस्तान में लोकतंत्र के संकट को हल करने के उनके वादों के आधार पर किया गया है। कमेटी का यह फैसला ट्रंप और हैरिस दोनों के अभियानों से गहन चर्चाओं के बाद लिया गया है।यह कदम मुस्लिम और पाकिस्तानी-अमेरिकी समुदाय के कुछ हिस्सों में बाइडेन-हैरिस प्रशासन की पाकिस्तान को लेकर विदेश नीति से हो रही नाराजगी को भी उजागर करता है।पब्लिक अफेयर्स कमेटी ने ट्रंप के पाकिस्तान के प्रति उनके पिछले कार्यकाल में उठाए गए कदमों की तारीफ की, जिनमें तत्कालीन पीएम इमरान खान के साथ उनकी मुलाकात और पाकिस्तानी मंत्रियों से संपर्क शामिल है। उन्होंने कहा कि हम हर मुद्दे पर ट्रंप से सहमत नहीं हैं, लेकिन हमें यकीन है कि वह अमेरिकी-पाकिस्तान संबंधों को सुधार सकते हैं। समूह ने उम्मीद जताई कि ट्रंप, इमरान खान समेत पाकिस्तान में राजनीतिक बंदियों की रिहाई में मदद करेंगे और देश में चल रहे राजनीतिक संकट को हल करेंगे।वहीं कमेटी ने कमला हैरिस के पाकिस्तान संबंधी दृष्टिकोण पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि बाइडेन-हैरिस प्रशासन ने इमरान खान के खिलाफ तख्तापलट को समर्थन दिया और पाकिस्तान में चुनावी धांधली और राजनीतिक दमन पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। हैरिस के साथ चर्चाओं के बाद पब्लिक अफेयर्स कमेटी ने निष्कर्ष निकाला कि अगर हैरिस राष्ट्रपति बनीं तो मौजूदा नीतियों में कोई खास बदलाव नहीं होगा, जिससे अमेरिकी-पाकिस्तान संबंधों में और खटास आ सकती है।पब्लिक अफेयर्स कमेटी का ट्रंप को समर्थन मुस्लिम अमेरिकी समुदाय के बीच बढ़ते असंतोष का एक हिस्सा है। इससे पहले, मुस्लिम एडवोकेसी समूह ने भी घोषणा की थी कि वह 2024 के चुनाव में हैरिस का समर्थन नहीं करेगा। यह स्थिति दर्शाती है कि मुस्लिम अमेरिकी समुदाय के कुछ हिस्सों में बाइडेन-हैरिस प्रशासन की विदेश नीति को लेकर नाराजगी है, खासतौर पर दक्षिण एशिया और मध्य पूर्व के मुद्दों पर। कई पाकिस्तानी-अमेरिकियों के लिए सबसे बड़ा मुद्दा इमरान खान के सत्ता से हटने के बाद पाकिस्तान में लोकतंत्र के संकट पर बाइडेन-हैरिस प्रशासन की चुप्पी है।

### जापान में सत्तारूढ़ पार्टी के ऑफिस पर हमला, कोई घायल नहीं, संदिग्ध गिरफ्तार

टोक्यो,(ईएमएस)। जापान की सत्तारूढ़ पार्टी के मुख्यालय में शनिवार को एक व्यक्ति ने बम बरसांए जिसके बाद उसे हिरासत में ले लिया गया है। इस हमले में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। पुलिस ने इस घटना के संबंध में कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है और कहा कि मामले की जांच चल रही है।मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि आरोपी को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। इसमें बताया गया कि आरोपी ने अपनी कार पास की बाड़ में घुसा दी थी। अभी यह साफ नहीं हो सका है कि हमले के पीछे उसका मकसद क्या था। सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी संदिग्ध वित्तपोषण और कर चोरी से जुड़े घोटाले के कारण आमजन के बीच तेजी से लोकप्रियता खो रही है। हमले के संबंध में पार्टी ने भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। देश की संसद के निचले सदन के लिए मतदान 27 अक्टूबर को होना है। कुछ दागी नेताओं से सत्तारूढ़ पार्टी ने आधिकारिक रूप से समर्थन वापस ले लिया है लेकिन वे निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। लिबरल डेमोक्रेट्स लंबे समय से जापान में सत्ता पर काबिज है। द्वितीय विश्व युद्ध की तबाही से जापान को आर्थिक महाशक्ति बनाने में उसकी बड़ी भूमिका है। जापान के पूर्व पीएम शिंजो आबे की 2022 में उस समय हत्या कर दी गई थी जब वह संसदीय चुनाव के लिए सत्तारूढ़ पार्टी के एक उम्मीदवार के प्रचार में भाषण दे रहे थे।हत्यारे ने हस्तनिर्मित बंदूक का इस्तेमाल किया था और कहा था कि वह आबे से इसलिए नाराज था क्योंकि उसकी मां ने परिवार का सारा पैसा चर्च को दे दिया था और वह आबे को उस चर्च से जुड़ा मानता था।

### भ्रष्टाचार के आरोप में नेपाल के पूर्व डिप्टी पीएम पार्टी कार्यालय से गिरफ्तार

काठमांडू,(ईएमएस)। नेपाल पुलिस ने पूर्व डिप्टी पीएम रबी लामिछाने को गिरफ्तार किया है। सहकारी समितियों से संबंधित धन की हेराफेरी के मामले में उनकी गिरफ्तारी की गई है। वह राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष भी हैं। केंद्रीय जांच ब्यूरो की तैनात एक पुलिस टीम ने काठमांडू के वनस्थली में उनकी पार्टी कार्यालय से उन्हें गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए उन्हें पोखरा ले जाया जा रहा है क्योंकि मामला कास्की जिला पुलिस ने दर्ज किया था।डिप्टी पीएम लामिछाने ने गिरफ्तारी से पहले अपनी पार्टी के बाहर समर्थकों को भाषण दिया। उन्होंने कहा कि अगर मैंने भी समझौता कर लिया होता तो मेरी यह हालत नहीं होती लेकिन हम किसी भी समझौते के पक्ष में नहीं थे। इससे पहले कास्की जिला अदालत ने सूर्यदर्शन सहकारी निधि गबन मामले में पूर्व डिप्टी पीएम एवं गृह मंत्री के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। संसदीय जांच समिति ने पाया था कि सूर्यदर्शन सहकारी समितियों से संबंधित 1.35 अरब रुपए का घपला किया है। नेपाल पुलिस ने पुष्टि की कि सहकारी निधि के दुरुपयोग के संबंध में लामिछाने के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था।न्यायाधीश कृष्ण जंग शाह की अध्यक्षता वाली कास्की जिला अदालत की पीठ ने डिप्टी पीएम लामिछाने की गिरफ्तारी की इजाजत दी थी। पीठ ने 13 अन्य के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। अरेस्ट वारंट जारी होने के बाद लामिछाने ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में सरकार के खिलाफ अपना गुस्सा दिखाया था। इसके अलावा उन्होंने जांच की प्रक्रिया में सहयोग की प्रतिबद्धता जताई। लामिछाने ने सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि भ्रष्ट नेताओं को संरक्षण दिया जाता है। जबकि उनके जैसे आम नागरिक भ्रष्टाचार के आरोप का सामना करते हैं।डिप्टी पीएम लामिछाने ने कहा कि हम सभी कानूनी परिणामों का सामना करने को तैयार हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा- सरकार मर गई है और हम शोक में हैं। आपकी कलाई घड़ी की कीमत लाखों में है, जबकि मैं हथकड़ी पहनता हूं। आप बिचौलियों की सेवा करते हैं और तस्करों की ओर से उपहार में दिए गए महंगे चश्मे पहनते हैं।

### उत्तर कोरिया में मिला दक्षिण कोरियाई ड्रोन, हमले की दी धमकी

प्योंगयांग,(ईएमएस)। उत्तर कोरिया के प्योंगयांग के एक जिले में एक दक्षिण कोरियाई ड्रोन मिला है। वहीं उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि दक्षिण कोरियाई सैन्य संपत्तियों द्वारा बार-बार घुसपैठ को युद्ध की घोषणा माना जाएगा और जवाबी हमले किए जाएंगे। उत्तर कोरियाई रक्षा मंत्रालय के मुताबिक 13 अक्टूबर को प्योंगयांग में दक्षिण कोरियाई ड्रोन का मलबा मिला था।

# हमास चीफ बनते ही खलील का ऐलान, गाजा में हमले रोके इजराइल, तब छोड़ेंगे बंधक



तेहरान,(ईएमएस)। इजराइली हमले में याह्या सिनवार की मौत के बाद हमास का नया नेता चुन लिया गया है। खलील अल-हैय्या को हमास का नया चीफ बनाया गया है, जो अभी तक हमास का डिप्टी लीडर था। हमास ने एक बयान जारी करते हुए सिनवार की मौत की पुष्टि की गई और अपने नए नेता के तौर पर खलील के नाम का ऐलान किया। नेता चुने जाने के बाद अपने पहले भाषण में खलील ने इजराइली को चेतावनी दी कि वह लड़ाई जारी रखेगा और इजराइली बंधकों को भी अपनी शर्तों पर ही छोड़ेगा।खलील अल-हय्या ने हमास की कमान संभालने के बाद अपने कहा कि शहीद याह्या निडरता से फिलिस्तीनियों की आजादी के लिए लड़े और कुर्बान हो गए। खलील ने कहा कि याह्या की मौत बहादुरी से लड़ते हुए हुई है। आखिरी वक्त की तस्वीरे दिखाती हैं कि उनका सिर ऊंचा था और उन्होंने अपनी बंदूक संभाल रखी थी, वह आखिरी सांस तक इजराइली सेना का मुकाबला करते रहे डर नहीं।खलील ने इजराइल के खिलाफ लड़ाई जारी रखने का एलान किया है। साथ ही बंधकों की रिहाई के लिए इजराइली को गाजा पर हमले करना बंद करना होंगे। इजरायली बंधक तब तक वापस नहीं लौटेंगे जब तक कि गाजा पर हमले बंद नहीं होते और इजराइली सैनिकों की गाजा से पूरी तरह वापसी नहीं हो जाती। साथ ही फिलिस्तीनी कैदियों की इजराइली जेलों से रिहाई भी हमारी शर्त का हिस्सा है। बंधकों को हमारी इन शर्तों के पूरा होने पर ही छोड़ दिया जाएगा।खलील ने कहा कि हमास अपनी जमीन के लिए लड़ रहा है और आगे भी लड़ता रहेगा। ये लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक कि यरूशलम को राजधानी बनाकर पूरी फिलिस्तीनी धरती पर एक आजाद देश की स्थापना नहीं हो जाती। खलील ने कहा कि इजराइल को गाजा से जाना ही होगा, हम इजराइली फौजों के वापस जाने तक लड़ते रहेंगे।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक खलील अल हय्या लंबे समय से हमास से जुड़ा हुआ है, 2007 में गाजा में इजरायली हवाई हमले में उसने अपने पूरे परिवार को खो दिया था। वह गाजा में युद्ध विराम के लिए इजराइल के साथ बातचीत के लिए हमास के वार्ताकारों में भी शामिल रहा है। अभी तक इस्माइल हानिया और याह्या सिनवार की छत्रछाया में काम करने वाले खलील पर अब हमास को मजबूती देने की जिम्मेदारी है। इजराइली हमलों के चलते हमास फिलहाल कमजोर पड़ गया है।

### दक्षिण कोरिया निजी क्लाउड इंडस्ट्री में खुद को करेगा और बेहतर

सोल (ईएमएस)। दक्षिण कोरिया निजी क्लाउड इंडस्ट्री के विस्तार की योजना बना रहा है। विज्ञान मंत्रालय ने कहा है कि द.कोरिया ग्लोबल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस युग में दूसरों के मुकाबले खुद को मजबूत करने प्राइवेट क्लाउड कंप्यूटिंग इंडस्ट्री का विस्तार करने की योजना बना रहा है। विज्ञान और आईसीटी मंत्रालय ने वैश्विक संस्थाओं के साथ रणनीतिक साझेदारी बनाकर स्थानीय क्लाउड कंपनियों को बढ़ावा देने की घोषणा की है। इस साझेदारी का लक्ष्य 2022 से 2027 तक घरेलू क्लाउड बाजार का आकार दोगुना कर 10 ट्रिलियन वॉन (7.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर) करना है। विज्ञान मंत्रालय ने बताया है कि दक्षिण कोरिया की क्लाउड तकनीक ग्लोबल लीडर्स की टेक्नोलॉजी से एक वर्ष से अधिक पीछे है। इसके अलावा, देश में एआई क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर भी अभी तैयार नहीं है। इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्राइवेट क्लाउड सिस्टम को शिक्षा, फाइनेंस, डिफेंस और दूसरे पब्लिक सेक्टर में लेने की योजना पर काम कर रही है।

## अब तक बाबा बेंगा की भविष्यवाणियां सच हुईं 2043 तक यूरोप में स्थापित होगा मुस्लिम शासन



सोफिया(ईएमएस)। बाबा बेंगा की भविष्यवाणियां पूरी दुनिया में चर्चित हैं। अब तक उन्होंने जो भी भविष्यवाणी की है वो अधिकांशतः सही साबित हुई है। एक बार फिर उनकी भविष्यवाणी ने सुर्खियां बटोरी हैं, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि 2043 तक यूरोप में मुस्लिम शासन आ जाएगा। बाबा वेंगा ने अपनी भविष्यवाणियों में यूरोप के भविष्य को लेकर गंभीर चिंताएँ जताई हैं और इस दिशा में कुछ अहम घटनाओं की भविष्यवाणी की है।इसके अलावा, बाबा वेंगा ने भविष्यवाणी की थी कि साल 2025 में यूरोप में एक बड़ा संघर्ष होगा, जो महाद्वीप में तबाही का कारण बनेगा। इस संघर्ष के कारण यूरोप में हालात बिगड़ जाएंगे और यह मानवता के लिए एक संकट का समय साबित होगा। इसके बाद, 2033 में ग्लोबल वार्मिंग के गंभीर परिणामों की भविष्यवाणी भी की गई है। बाबा वेंगा का कहना था कि ग्लेशियरों के पिघलने से समुद्र स्तर बढ़ेगा, जिससे लोगों का जीवन और भी मुश्किल हो जाएगा।हालांकि, बाबा वेंगा की भविष्यवाणियाँ हमेशा सटीक नहीं होतीं, लेकिन जिन घटनाओं का उन्होंने पहले उल्लेख किया था, वे समय के साथ सच साबित हुईं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या यूरोप में 2043 तक मुस्लिम शासन की भविष्यवाणी भी सच साबित होती है या नहीं। इस प्रकार की भविष्यवाणियाँ लोगों के मन में डर और अज्ञात की जिज्ञासा को जन्म देती हैं, लेकिन इन पर विश्वास करने से पहले तथ्यात्मक आधार पर विचार करना जरूरी है। बाबा वेंगा, जिनका जन्म बुल्गारिया में हुआ था, ने अपनी मृत्यु से पहले साल 5079 तक की भविष्यवाणी की थी। उनकी भविष्यवाणियों में कई घटनाएँ पहले ही सही साबित हो चुकी हैं, जैसे सोवियत यूनियन का विघटन और 9/11 के आतंकी हमले। अब उनका दावा है कि 2043 तक यूरोप में मुस्लिम शासन का उदय होगा और पूरे महाद्वीप में नारा-ए-तकबीर गूंजेगा। इस बयान के बाद, कई लोग इसे भारत में हो रही सांप्रदायिक चर्चाओं से जोड़ कर देख रहे हैं, जहां कुछ लोग हिंदू एकता की बात करते हुए मुस्लिम आबादी के बढ़ने को लेकर चिंतित हैं।

## अमेरिका में कौन बनेगा राष्ट्रपति- सट्टा बाजार में किसकी चमक रही है किस्मत

न्यूयॉर्क(ईएमएस)। पूरी दुनिया की नजर अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव पर है। यहां कौन जीतेगा और हारेगा इसको लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। इस पर सट्टा बाजार की भी नजर है। कमला हैरसि और डोनाल्ड दोनों अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। इस बीच कई ओपनियिन पोल्स भी आए हैं, जिनमें ट्रंप-हैरसि के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। लेकिन सट्टा बाजार क्या कह रहा है। सट्टा बाजार को अमेरकिी चुनाव की भवष्यिवाणी में काफी विश्वसनीय माना जाता है। क्योंकि लोग उसमें पैसे लगाते हैं। पहले के सर्वे में माना गया था कि हैरसि ट्रंप से कुछ आगे हैं। लेकिन अब पूरा खेल पलटता नजर आ रहा है। पॉलीमार्केट के अनुसार, 15 अक्टूबर तक पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के जीतने की संभावना 60 प्रतिशत तक थी।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नेशनल सर्वे ट्रैकर की मानें तो 49 प्रतिशत वोटर कमला हैरिस को वोट देने का प्लान बना रहे हैं जबकि सिर्फ 47प्रतिशत वोट ट्रंप के समर्थन में हैं। जबकि सट्टा बाजार इसके बिल्कुल उलट कहानी बयां कर रहा है। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी में डेटा साइंस के प्रोफेसर थॉमस मिलर ने फॉर्च्यून को बताया, सट्टेबाजी पोर्टल सटीक अनुमान लगाते हैं, क्योंकि इनमें लोगों का पैसा लगा होता है। मिलर खुद एक साइट चलाते हैं, जो प्रेडिक्टइट कॉन्ट्रैक्ट कीमतों के आधार पर इलेक्टोरल कॉलेज के नतीजों का अनुमान लगाती है। इससे भी पता चलता है कि ट्रंप भारी मतों से जीत रहे हैं। पॉपुलर सट्टेबाजी प्लेटफार्म प्रेडिक्टइट ने दावा कयिा कि लोग ट्रंप की जीत पर ज्यादा पैसा लगा रहे हैं। अब ट्रंप के जीतने की संभावना 54 प्रतिशत है, जबकि हैरसि के जीतने की संभवना 49 प्रतिशत रह गई है। जुलाई से अब तक ऐसा पहली बार है कि हैरसि को 50 प्रतिशत से कम लोगों का समर्थन मिल रहा है। ज्यादातर सट्टेबाजी प्लेटफार्म ट्रंप को ही जीतते हुए देख रही हैं। बेटफेयर ने ट्रंप की जीत की संभावना लगभग 58 प्रतिशत तक मानी है जबकि कलशी ने 57 प्रतिशत फीसदी। प्रेडिक्टइट 54 प्रतिशत तथा स्मार्केट ने ट्रंप की जीत की संभावना 58 प्रतिशत मानी है। पोल ऑफ पोल करें तो पाएंगे कि ट्रंप के जीतने की संभावना 57 प्रतिशत से ज्यादा है। सितंबर के अंत में यह लगभग 48 प्रतिशत थी। लेकिन उसके बाद से जबरदस्त बदलाव आया है।

### ट्रंप-हैरसि में कौन कतिना आगे

कलशीः ट्रम्प 57 प्रतिशत, हैरिस 43 प्रतिशत

स्मार्केट्सः ट्रम्प 58 प्रतिशत, हैरिस 42 प्रतिशत

पॉलीमार्केटः ट्रम्प 60 प्रतिशत, हैरिस 40 प्रतिशत

प्रेडिक्टइटः ट्रम्प 54 प्रतिशत, हैरिस 49 प्रतिशत

बेटफ़ेयरः ट्रम्प 58 प्रतिशत, हैरिस 42 प्रतिशत

## ट्रूडो की पोल खोल रहे उनके अपने लोग, पूर्व एनएसए ने भी कर दिया कंफ्यूज, सिर्फ कोरे आरोप



ओटावा(ईएमएस)। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा भारत पर लगाए गए बेबुनियाद आरोपों के बाद द्विपक्षीय संबंध अब तक के सबसे निचले स्तर तक पहुंच गए हैं। इस मामले में अब एक नया मोड़ आया है, जब कनाडा की पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉडी थॉमस ने कुछ अहम खुलासे किए हैं। वहीं कनाडा के विपक्षी नेता भी उन्हें लगातार घेर रहे हैं। अब कनाडा के एक विपक्षी नेता ने प्रधानमंत्री ट्रूडो पर अन्य विवादों से ध्यान हटाने के लिए हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। साथ ही सरकार से पिछली प्रशासनिक गलती को सुधारने के लिए खालिस्तानी आतंकवादी की नागरिकता मरणोपरांत छीन लेने को कहा है।जॉडी थॉमस ने हाल ही में कनाडा की विदेश मामलों की जांच समिति के समक्ष पेशी के दौरान कहा कि निज्जर की हत्या के पीछे बदले की भावना थी। उन्होंने बताया कि जब जांच शुरू हुई थी, तो कनाडाई खुफिया एजेंसियों का मानना था कि निज्जर की हत्या रिपुदमन सिंह मलिक की हत्या के प्रतिशोध में की गई थी। रिपुदमन की हत्या के ठीक एक साल बाद, निज्जर को एक गुरुद्वारे में गोली मार दी गई थी। यह वही गुरुद्वारा था, जहां पहले भी एक हाई-प्रोफाइल हत्या हो चुकी थी। पूर्व एनएसए थॉमस ने इस संदर्भ में साल 1985 की एयर इंडिया विमान दुर्घटना का जिक्र किया, जिसमें 300 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि निज्जर इस हादसे के बाद रिपुदमन सिंह मलिक को धोखेबाज मानते थे, और इसी वजह से उनकी हत्या की गई थी। हालांकि, जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी, नए सबूत सामने आए, जिससे यह आशंका और गहरी हुई कि निज्जर की हत्या एक एक्स्ट्रा ज्यूडिशियल किलिंग हो सकती है, जैसा कि पहले जस्टिन ट्रूडो ने कहा था। जॉडी थॉमस ने यह भी स्वीकार किया कि इस मामले में जुटाए गए कुछ अहम सबूत भारत के साथ साझा नहीं किए गए हैं, जिससे अब इस मुद्दे पर दोनों देशों के बीच और भी जटिलताएं बढ़ सकती हैं। सिख समुदाय में इस हत्या को लेकर गंभीर चिंता जताई जा रही है, और इस पर कानूनी एवं राजनीतिक दोनों ही स्तर पर चर्चा तेज हो गई है। इस घटनाक्रम ने कनाडा और भारत के बीच द्विपक्षीय संबंधों को प्रभावित किया है और दोनों देशों के बीच आपसी विश्वास पर सवाल उठाए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पीपुल्स पार्टी ऑफ कनाडा के नेता मैक्सिम बर्नियर ने कहा कि खालिस्तानी आतंकवादी, जो पूरे विवाद का केंद्रीय व्यक्ति है, एक विदेशी आतंकवादी था, जिसे किसी तरह 2007 में नागरिकता प्रदान कर दी गई थी। बता दें कि रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने कहा कि उसने जून 2023 में निज्जर की हत्या में भारत के उच्चायुक्त और पांच अन्य राजनयिकों की पहचान की है।

### नेतन्याहू ने रखी शर्त, हमास मानने को तैयार नहीं, बाइडन बोले बहुत हुआ



वॉशिंगटन(ईएमएस)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, हम युद्ध रोक देंगे, अगर हमास अपने हथियार डाल दे और हमारे सभी बंधकों को रहिा कर दे। इसके कुछ ही घंटे बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का भी बयान आया है। उन्होंने कहा-अब बहुत हो चुका, यह जंग अब थमनी चाहिए। मैं विदेश मंत्री टोनी ब्लिकन को इजरायल भेज रहा हूं, ताकि शांति लाई जा सके। मगर इसके बाद हमास का भी बयान आया। उसने हथयिार डालने से साफ इनकार कर दिया। ये भी कहा कि तब तक हम बंधकों को नहीं छोड़ेंगे, जब तक कि इजरायल फिलिस्तीन पर आक्रमण बंद नहीं कर देता।अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमास से युद्ध को खत्म करने और सभी बंधकों को तुरंत रिहा करने को कहा। बाइडन ने शुक्रवार की सुबह जर्मनी पहुंचने जहां वे जर्मन, फ्रांसीसी और ब्रिटिश नेताओं से यूक्रेन और गाजा के मामले में चर्चा करेंगे। ईरान पर भी बात होगी। बाइडन ने कहा, हम अब यह तय करने जा रहे हैं कि अगले हफ्ते क्या होने वाला है। हम गाजा को कैसे संवारेंगे। इससे पहले नेतन्याहू ने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया। कहा, याह्या सिनवार को रफाह में हमारे बहादुर सैनिकों ने मार गरिाया। हालांकि, यह गाजा में युद्ध का अंत नहीं है, लेकिन यह अंत की शुरुआत है। गाजा के लोगों के लिए सिर्फ मेरा एक ही संदेश है- यह युद्ध कल खत्म हो सकता है। अगर हमास अपने हथियार डाल दे और हमारे बंधकों को वापस कर दे।

## सिनवार की हत्याः पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में हैरान करने वाला हुआ खुलासा

तेल अवीव(ईएमएस)। साउथ गाजा में ग्राउंड ऑपरेशन के तहत हमास चीफ याह्या सिनवार को मारकर बेंजामिन नेतन्याहू ने 7 अक्टूबर 2023 अटैक का बदला भी ले लिया। याह्या सिनवार की मौत कन्फर्म हो चुकी है। मगर उसकी मौत कैसे हुई, इसे लेकर अब पॉस्टमॉर्टम रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट की मानें तो याह्या सिनवार की मौत को कन्फर्म करने के लिए इजरायली सैनिकों ने उसकी उंगली काट दी थी। याह्या सिनवार हमास का पोलित ब्यूरो चीफ था। एक वीडियो में यह देखा गया कि याह्या सिनवार के चहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। उसकी खोपड़ी का कुछ हिस्सा उड़ा हुआ दिखा, जो कि पोस्टमॉर्टिम करने वाले चीफ पैथोलॉडिस्ट के दावों से मिलता है। बता दें कि इजरायली सैनिकों ने नुकसान के आकलन और किसी भी बचे हुए लोगों की तलाश के लिए जमीनी छापेमारी करने से पहले ठिकाने पर एक टैंक से गोला दागा था। गुप्त सूचना के आधार पर दक्षिणी गाजा में की गई एक ग्राउंड रेड में हमास नेता याह्या सिनवार मारा गया।याह्या सिनवार के शव का पोस्टमॉर्टम करने वाले चीफ पैथोलॉजिस्ट की मानें तो हमास चीफ सिनवार की मौत सिर में गोली लगने से हुई है। उन्होंने बताया कि हमास नेता को टैंक के गोले से भी चोटें आई थीं, मगर उन्होंने यकीन से कहा कि याह्या सिनवार की मौत सिर में गोली लगने से ही हुई है। सोशल मीडिया पर याह्या सिनवार का वीडियो वायरल है। उसमें वह मौत से कुछ देर पर सोफे पर बैठा नजर आता है। इजरायली सैनिक ड्रोन से इसकी पुष्टि कर रहे थे। याह्या सिनवार के बाएं हाथ की तर्जनी उंगली कटी हुई थी। वीडियो में बाएं हाथ की सभी उंगलियां पहले थी, मगर बाद में एक उंगली गायब दिखी। वह उंगली डीएनए मैच के लिए थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इजरायली सैनिकों ने उसकी मौत की पुष्टि के लिए उसकी उंगलियां काट दी थी। उसके सिर में गोली मारी गई थी, जिससे उसकी खोपड़ी उड़ गई। उसका हाथ बुरी तरह से घायल हो चुका था। रिपोर्ट में कहा गया है कि इजरायली सैनिक जब सिनवार के ठिकाने में दाखिल हुए तो उन्हें याह्या सिनवार जैसा दिखने वाला एक शव मिला। मगर वे पूरी तरह से कन्फर्म होना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने डीएनए जांच के लिए उसकी उंगली काट दी। दरअसल, याह्या सिनवार इजरायल की जेल में पहले सजा काट चुका था। उसी दौरान इजरायल ने सिनवार का प्रोफाइल बना लिया था। दरअसल, 2011 में एक कैदी-अदला-बदली के तहत रिहा होने तक दो दशकों तक सिनवार इजरायली जेल में बंद था। उस दौरान इजरायली सैनिकों के पास सिनवार का प्रोफाइल था। बता दें कि याह्या सिनवार 7 अक्टूबर के हमले का मास्टरमाइंड था। हमास के उस हमले में इजरायल के 1200 लोगों की मौत हो गई थी।अमेरिका और जर्मनी का दावा कहा, खत्म हो सकता है गाजा संघर्ष खत्म हमास नेता याह्या सिनवार की मौत के बाद अमेरिका और जर्मनी ने बड़ा दावा किया। दोनों देशों का कहना है कि सिनवार की मौत के बाद गाजा पट्टी में संघर्ष खत्म करने की दिशा में सहजता से आगे बढ़ा जा सकता है। जर्मन विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने एक संयुक्त बयान में कहा कि याह्या सिनवार एक निर्दयी हत्यारा और आतंकवादी था, जो इजरायल को खत्म करने और वहां के लोगों को मौत के घाट उतारने पर उतारू था। पिछले साल 7 अक्टूबर को शुरू हुए आतंकवादी हमलों का वह मास्टरमाइंड था, जिसने हजारों लोगों को मौत के घाट उतारा था। बर्लिन में हुई बैठक के बाद दोनों देशों के विदेश मंत्री ने संयुक्त बयान में कहा कि सिनवार ने गाजा में संघर्ष विराम के रास्ते में बाधा डाली थी। उसकी मौत संघर्ष को समाप्त करने के प्रयासों की गति को बढ़ा सकती है। सभी बंधकों को रिहा किया जाना चाहिए। इस दौरान दोनों नेताओं ने गाजा में नागरिकों के लिए मानवीय सहायता बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि मानवीय सहायता बढ़ाए जाने की दिशा में जर्मनी और अमेरिका अपने साझेदारों के साथ मिलकर काम करेंगे।

### सिनवार के बाद खत्म हो जाएगा हमास?

एक वीडियो बयान में हमास के अधिकारी खलील अल-हय्या ने सिनवार की मौत की पुष्टि करते हुए कहा कि समूह अपने महान नेता के नुकसान का शोक मना रहा है। किंग्स कॉलेज लंदन के मध्य पूर्व विश्लेषक एंड्रियास क्रेग ने कहा कि सिनवार की हत्या न केवल एक अत्यंत प्रतीकात्मक घटना थी, बल्कि इस बहुत ही नेटवर्क वाले संगठन में नेतृत्व का शून्य भी पैदा कर दिया।बता दें कि उसकी मौत ईरान में हमास के राजनीतिक प्रमुख इस्माइल हानिया की मौत के दो महीने से कुछ अधिक समय बाद हुई है। हमास और ईरान ने हनिया की मौत के लिए इजरायल को दोषी ठहराया है, हालांकि इजरायल ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। क्रेग ने कहा कि हमास के राजनीतिक नेतृत्व, जो ज्यादातर कतर में निर्वासन में है, और गाजा में सैन्य और परिचालन शाखाओं के बीच मतभेद उभर आए थे। जुलाई में इजरायल ने यह भी कहा था कि उसने गाजा में हमास के सैन्य प्रमुख मोहम्मद दीफ को मार दिया है, जिसे हमास ने नकारा है। क्रेग ने कहा, हमास के विभिन्न सेल लड़ाई जारी रखेंगे, लेकिन आंदोलन के केंद्र में एक शून्य है, और इससे समन्वय करना बहुत मुश्किल हो जाएगा। सिंगापुर के नेशनल यूनिवर्सिटी के मिडिल ईस्ट इंस्टीट्यूट के जेम्स डॉर्सी ने कहा कि सिनवार हमास में एक असाधारण व्यक्ति था। जिसे आंदोलन के राजनीतिक और सैन्य दोनों विंग से व्यापक समर्थन प्राप्त था।

# टीम इंडिया को न्यूजीलैंड से पहला टेस्ट मैच जीतने करनी होगी कड़ी मशक्कत



**बारिश के कारण चौथे दिन का खेल जल्दी समाप्त, न्यूजीलैंड को मिला 107 रन का लक्ष्य**

बेंगलुरु, भारत और न्यूजीलैंड के बीच जारी तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला चौथे दिन बारिश के कारण जल्दी समाप्त हो गया। टीम इंडिया ने मेहमानों को 107 रन का लक्ष्य थमाया है। टॉम लाथम और डेवॉन कॉन्वे क्रीज पर डटे हुए हैं और जसप्रीत बुमराह पारी का पहला ओवर फेंक रहे हैं। शनिवार को सरफराज खान और ऋषभ पंत ने 231/3 के स्कोर से खेलना शुरू किया और भारत का स्कोर 400 रनों के पार पहुंचाया। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए कुल 177 रनों की साझेदारी हुई। बता दें कि, न्यूजीलैंड को चौथे दिन अपना पहला विकेट दूसरे सत्र में मिला। टिम साउदी ने एजाज पटेल के हाथों सरफराज को कैच कराया। वह 150 रनों की दमदार पारी खेलकर पवेलियन लौटे। इसके बाद रुर्के ने पंत को अपना निशाना बनाया और वह नर्वस 90 का शिकार हो गए। वह अपने सातवें शतक से सिर्फ एक रन से चूके। इस मैच में विकेटकीपर बल्लेबाज ने 105 गेंदों में नौ चौकों और पांच छक्कों की मदद से 99 रन बनाए। 81वें ओवर में दूसरी नई गेंद के आने के बाद भारत का बल्लेबाजी क्रम लड़खड़ा गया और 62 रन पर सात विकेट गंवा दिए। इससे पहले टीम का रनरेट पांच का था जबकि 81-99 ओवर के बीच यह 3.18 का ही रह गया। केएल ने 12, जडेजा ने पांच, अश्विन ने 15, कुलदीप ने छह* रन बनाए जबकि बुमराह और सिराज खाता खोले बिना आउट हुए। कीवियों के लिए हेनरी और रुर्के ने तीन-तीन विकेट चटकाए जबकि एजाज को दो विकेट मिले। वहीं, साउदी और ग्लेन फिलिप्स ने एक-एक विकेट चटकाया। भारत ने 106 रनों की बढ़त बनाकर कीवियों के सामने 107 रनों का लक्ष्य रखा है। पांचवां दिन टीम इंडिया के लिए काफी अहम होने वाला है। खराब रोशन के कारण मैच रोक दिया गया है। कवर्स भी मैदान पर आ गए हैं और तेज हवाएं चल रही हैं। भारत ने न्यूजीलैंड को 107 रन का लक्ष्य थमाया है। न्यूजीलैंड की दूसरी पारी शुरू हो चुकी है। टॉम लैथम और डेवोन कॉन्वे क्रीज पर मौजूद हैं। पहला ओवर जसप्रीत बुमराह फेंक रहे हैं।

## पूरे मैदान में घूमे, बल्ला हवा में घुमाया, ऐसा था सरफराज का शतक सेलिब्रेशन



बेंगलुरु (ईएमएस)। सरफराज खान... भारतीय क्रिकेट यह एक ऐसा नाम है, जिन्हें फैंस बेसब्री से टेस्ट में खेलते हुए देखना चाहते थे। इसकी वजह थी घरेलू क्रिकेट में उनका दमदार प्रदर्शन। घरेलू क्रिकेट में रनों का पहाड़ खड़ा करने के बाद भी सरफराज को नजरअंदाज किया जा रहा था। लेकिन सरफराज भी अड़े रहे। हौसला बनाए रखा। उनकी सालों की मेहनत अब रंग लाई। उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में डेब्यू करने का मौका मिला। डेब्यू सीरीज में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं अब सरफराज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने टेस्ट करियर का पहला शतक जड़ दिया। भारत के लिए खेलते हुए शतक जड़ना सिर्फ सरफराज का ही सपना नहीं था बल्कि पूरे खान परिवार का सपना था। उनके पिता नौशाद खान ने अपने दोनों बच्चों (सरफराज और मुशीर खान) को भारत के लिए खिलाने का सपना देखा था। इसके लिए उन्होंने मेहनत भी काफी की। सुबह उठकर बच्चों को मैदान लेकर जाना और आर्मी जैसी ट्रेनिंग कराना। जहां सरफराज भारत के लिए खेल रहे हैं, वहीं छोटे भाई मुशीर घरेलू क्रिकेट में तपकर तैयार हो रहे हैं। जब शतक जड़ने के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ सरफराज ने सेलिब्रेट किया। सरफराज का यह सेलिब्रेशन अपने आप में बहुत कुछ कह रहा था।सरफराज ने 110 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। अपनी सेंचुरी उन्होंने चौके के साथ पूरी की। शतक लगाने के बाद सरफराज खुशी से झूम उठे और भागने लगे। उन्होंने भागते-भागते जोर से अपना बल्ला हवा में घुमाया और सेलिब्रेट किया। उनके सेलिब्रेशन में एक अलग सी खुशी थी। ऐसा लग रहा था कि वे अपने पिता से कह रहे हों कि जैसे पापा मैंने कर दिखाया...सरफराज ने घरेलू क्रिकेट में तमाम शतक लगाए हैं। लेकिन यह उनका पहला इंटरनेशनल शतक था। इसलिए यह पल उनके लिए सबसे ज्यादा खास था, जिसको उन्होंने अच्छे से सेलिब्रेट किया।बता दें कि सरफराज ने शतक तक पहुंचने के लिए अपनी पारी में 13 चौके और 3 छक्के लगाए थे। जब सरफराज बल्लेबाजी करने आए थे। तब बोर्ड कीवी टीम के पास बड़ी लीड थी। रोहित शर्मा आउट हो चुके थे। उन्हें मुश्किल पिच पर विराट कोहली के साथ साझेदारी करनी थी।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में शाकिब की जगह लेगा हसन मुराद

ढाका, (ईएमएस)। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए बाएं हाथ के स्पिनर हसन मुराद को बांग्लादेश की टीम में लिया गया है। टेस्ट स्टर पर अनकैप्ड खिलाड़ी हसन मुराद ने टीम में ऑलराउंडर शाकिब अल हसन की जगह ली है। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) राष्ट्रीय चयन समिति के अध्यक्ष गाजी अशरफ हुसैन ने इसका ऐलान किया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने कहा कि हमें सूचित किया गया है कि शाकिब पहले टेस्ट में नहीं खेलेंगे। वह अपने टेस्ट करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं लेकिन उनके अनुभव के साथ-साथ, हमारे पास अभी भी बल्ले और गेंद दोनों से उनकी जगह लेने वाला कोई ऐसा खिलाड़ी नहीं है।

गाजी अशरफ ने कहा कि हसन ने 2021 में डेब्यू करने के बाद से अपने 30 प्रथम श्रेणी मैचों में 136 विकेट ले चुका है। उन्होंने 2023 में एशियाई खेलों में बांग्लादेश के लिए अपना सफेद गेंद से पदार्पण किया था जहां उन्होंने दो टी-20 मैच खेले थे। उन्होंने कहा कि हसन ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। वह हमारी गेंदबाजी को संतुलन प्रदान करेंगे, खासकर घरेलू परिस्थितियों में। हमें यकीन है कि उनमें अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता है। बंगलादेश और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला का पहला टेस्ट 21 अक्टूबर से ढाका में खेला जाएगा।

बंगलादेश टीमः नजमुल हुसैन शान्तो (कप्तान), शादमान इस्लाम, महमुदुल हसन जॉय, जाकिर हसन, मोमिनुल हक शौराब, मुशफिकुर रहीम, लिट्टन कुमार दास (विकेटकीपर), जकर अली अनिक, मेहदी हसन मिराज, ताइजुल इस्लाम, नईम हसन, तस्कीन अहमद, हसन महमूद, नाहिद राणा, हसन मुराद शामिल हैं।

## पिच पर मिल रहा टर्न, बल्लेबाजों से अच्छी बढ़त की उम्मीद : कुलदीप

बेंगलुरु,(ईएमएस)। स्पिनर कुलदीप यादव ने टेस्ट मैच के तीसरे दिन न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में बल्लेबाजों पर भरोसा जताया कि वे दूसरी पारी अच्छी बढ़त हासिल करेंगे ताकि भारतीय स्पिनरों को प्रभाव डालने का मौका मिल सके। भारत ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक तीन विकेट पर 231 रन बना थे और अब भी न्यूजीलैंड से 125 रन पीछे था।

कुलदीप ने कहा कि जब हम गेंदबाजी कर रहे थे तो स्पिनरों को कुछ मदद मिल रही थी और उम्मीद है कि हम पांचवें दिन और स्पिन मिलेगी लेकिन इसके लिए बचाव करने के लिए हमें अच्छे स्कोर की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारे गेंदबाज के आक्रमण को देखते हुए हम चाहेंगे कि हम लक्ष्य प्रभावी रहे। हम अभी स्कोर की भविष्यवाणी नहीं कर सकते क्योंकि हमें अभी भी बहुत खेलना है।कुलदीप ने उम्मीद जताई थी कि 70 रन पर खेल रहे सरफराज खान स्कोर को बढ़ाते हुए इसे बड़े स्कोर में तब्दील करेंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी ने उनका प्रदर्शन देखा, उन्होंने ईरानी ट्रॉफी के दौरान 200 रन बनाए। हम उम्मीद कर रहे हैं कि वह यहां एक और शतक बनाएंगे। वह जब तक रन बनाते रहेंगे हम उतने ही मजबूत होंगे। कुलदीप ने कहा कि हालांकि वह स्पिनरों के खिलाफ अच्छी तकनीक से खेलते हैं। जिस तरह से वह बाएं हाथ के स्पिनरों का सामना करते हैं, उन्होंने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों को गेंदबाजी कराने पर मजबूर कर दिया है।

## रणजी में सुदर्शन ने लगाया दोहरा शतक, इंडिया टेस्ट टीम में बना सकते हैं जगह



नई दिल्ली,(ईएमएस)। दिल्ली के कप्तान हिम्मत सिंह को परिस्थितियों को सही से नहीं पढ़ पाने का खामियाजा भुगतना पड़ा जिससे तमिलनाडु के बी साई सुदर्शन ने नाबाद दोहरा शतक लगा दिया। ग्रुप-डी रणजी ट्रॉफी मैच के पहले दिन एक विकेट गंवाकर तमिलनाडु ने 379 रन बना लिए थे। सुदर्शन 202 रन बनाकर क्रीज पर डटे है, उन्होंने एन जगदीशन (101 गेंद में 65 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 168 रन और वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 96 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए अभी तक 211 रन की साझेदारियां निभाईं। दिल्ली के कप्तान हिम्मत पिच पर घास होने से सही फैसला नहीं ले सके जबकि यह सपाट निकली। इससे तमिलनाडु के बल्लेबाजों ने दिल्ली के गेंदबाजों की जमकर धुनाई कर दी। नवदीप सैनी ने 17 ओवर में 65 रन देकर एक विकेट और हिमांश चौहान ने 17 ओवर में 50 रन देकर कोई विकेट नहीं ले सके। शुरूआती स्पैल में प्रभाव डाला लेकिन सुदर्शन और जगदीशन ने खराब स्पिन गेंदबाजी पर तेजी से रन बटोरे।

दिल्ली टीम प्रबंधन ने बायें हाथ के स्पिनर सुमित माथुर को अंतिम 11 में नहीं चुना जिन्होंने पिछले सत्र में अपने पदार्पण में नौ विकेट लिए थे। गुजरात टाइटन्स के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी अपने खिलाड़ियों का खेल देख रहे थे और सुदर्शन के स्ट्रोक्स से वह प्रभावित हुए। फिलहाल, सुदर्शन 77 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 202 रन पर नाबाद खेल रहे हैं। उन्होंने अपनी पारी में 23 चौके और 1 छक्का लगाया है। रेड बॉल क्रिकेट में साई लगातार अच्छा कर रहे हैं। अगर इस तरह से वह खेलते रहे। तो जल्द ही वह भारत की टेस्ट टीम में जगह बना सकते है। वहीं सुदर्शन ने भारत के लिए 3 वनडे और 1 टी20 खेला है। वनडे में उन्होंने 63.50 की औसत से 127 रन बनाएं हैं, जिसमें 2 फिफ्टी भी शामिल हैं।

## अब कोच और मेंटोर की भूमिका में नजर आयेंगी रानी

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय महिला हॉकी की पूर्व कप्तान रानी रामपाल अब महिला हॉकी लीग में अब मेंटोर और कोच की भूमिका में नजर आयेंगी। महिला हॉकी लीग के इस पहले सीज़न में रानी पंजाब और हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए सूरमा हॉकी क्लब की कोच होंगी। यह उपलब्धि न केवल उनके लिए एक व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि समग्र रूप से भारतीय महिला हॉकी के लिए एक कदम आगे है। रानी ने कहा कि इससे उनके जीवन का एक नया अध्याय शुरु होगा। रानी कई सालों तक भारतीय महिला हॉकी का चेहरा रहीं। इस दौरान उनका नेतृत्व कौशल और जुनून प्रेरणादायक रहा । रानी टोक्यो ओलंपिक 2021 में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम की कप्तान रही थीं। रानी ने कहा ,'' हॉकी मेरा जुनून है। मैने जितने समय खेला, जुनून के साथ खेला। मेरे दिमाग में हमेशा से यह था कि भारतीय हॉकी से जुड़ने के लिये जो भी मौका मिलेगा, उसे मैं स्वीकार जरूर करूंगी। हॉकी मेरे दिमाग में हमेशा चलती रहती थी।'' रानी ने भारत के लिये 212 मैचों में 134 गोल कर किये हैं और इस प्रकार उन्हें खेल का लंबा अनुभव है। इस खिलाड़ी ने कहा कि पहली बार शुरु हो रही इस महिला लीग से उभरती हई खिलाड़ियों को एक मंच मिलेगा। रानी ने कहा कि मैं एक महिला खिलाड़ी हूं और मैने बहुत संघर्ष झेला है। एक खिलाड़ी हमेशा खिलाड़ी होता है। खेलने की इच्छा कभी खत्म नहीं होती। कई बार आपको कठिन फैसला लेना होता है और इसी लिए लीग में न खेलते हुए ही मैने कोचिंग स्टाफ के साथ जुड़ने का फैसला किया।'' उन्होंने कहा ,'' संन्यास के बारे में बोलना अभी मुश्किल है। अभी लीग में नयी चुनौती का सामना करूंगी और उसके बाद कोई अंतिम फैसला लूंगी।'' साथ ही कहा कि भारतीय हॉकी टीम को अब 2026 एशियाई खेलों और 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक की तैयारी करनी चाहिये।

## महिला टी20 विश्व कप : वेस्टइंडीज को हराकर न्यूजीलैंड फाइनल में पहुंचा




शारजाह,(ईएमएस)। महिला टी-20 विश्वकप 2024 का फाइनल में न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच होगा। दक्षिण अफ्रीका पहले ही ऑस्ट्रेलिया को हराकर फाइनल में पहुंच चुका है। अब न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज टीम को दूसरे सेमीफाइनल में एक रोमांचक मुकाबले में आठ रन से हराकर फाइनल में पहुंचा है। शारजहा के मैदान पर खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में डिएंड्रा डोटिन के चार विकेट की मदद से वेस्टइंडीज ने महिला टी20 विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में शुक्रवार को न्यूजीलैंड को 128 रन ही बनाने दिए। टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के विकेट लगातार गिरते गए। डॉटिन ने आखिर में 22 गेंदों पर 33 रन ठोके लेकिन वह टीम को जीत दिलाने में नाकाफी साबित हुए।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड का फैसला गलत साबित हुआ और आधी टीम 98 रन बनाकर पवेलियन लौट गई। न्यूजीलैंड के लिए जॉर्जिया प्लिमर (33) और सूजी बेट्स (26) रन के बाद कोई भी बल्लेबाज क्रीज पर नहीं टिक सका। इस दौरान ब्रूक के बल्ले से 9 गेंदों पर 18 तो इसाबेल ने 14 गेंदों पर 20 रन बनाए और अपनी टीम का स्कोर 128 रन तक पहुंचाया। वेस्टइंडीज के लिए डोटिन ने 4 ओवर में 22 रन देकर चार विकेट झटके जबकि एफी फ्लेचर ने 2 विकेट लिए।विंडीज टीम जब मैदान पर उतरी तो सधी शुरूआत की। कप्तान हेले 15 तो क्विना 12 रन बनाए। मध्यक्रम में डॉटिन क्रीज पर टिकी रही। उन्होंने 22 गेंदों पर तीन छक्कों की मदद से 33 रन बनाए और टीम को संभाला। 17वें ओवर में उनका विकेट गिरते ही टीम की हालत खराब हो गई। इस दौरान फ्लेचर (17) और जेडा जेम्स (14) ने 21 रनों की पार्टनरशिप की लेकिन जेम्स की विकेट गिरते ही विंडीज मैच जीतने से दूर हो गई। प्लेयर आफ द मैच ईडन कार्सन ने कहा कि मैं वास्तव में भावुक हूं लेकिन मुझे लड़कियों पर गर्व है। जब डिएंड्रा डॉटिन हमें उत्साहित कर रही थी...तो लड़कियों ने विश्वास कर लिया और उसे रोक लिया और हम लाइन पर आ गए। हमें वास्तव में एक और कम स्कोर का बचाव करना था। आज हमने वेस्ट इंडीज के खिलाफ शुरुआती विकेट लेने थे, वे एक खतरनाक टीम हैं। हमने देखा कि वेस्टइंडीज ने किस तरह से गेंदबाजी की, उन्होंने थोड़ी अधिक बैक-ऑफ-द-लेंथ गेंदबाजी की और यह काम कर गई।

## आईपीएल के अगले सत्र के लिए मेगा नीलामी में उतरेंगे राहुल और जुरेल




नई दिल्ली (ईएमएस। भारतीय टीम के अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल और युवा ध्रुव जुरेल के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिए इस साल दिसंबर में होने वाली मेगा नीलामी में उतरने की संभावना है। राहुल और जुरेल अगर आगामी मेगा नीलामी में उतरते हैं तो उनपर ऊंची बोली लग सकती है।

आईपीएल नियमों के अनुसार सभी टीमों के लिए मेगा नीलामी से पहले अपने रिटेंशन को पूरा करने के लिए 31 अक्टूबर तक का समय है। नियम के तहत ही हर फ्रेंचाइजी रिटेंशन और आरटीएम विकल्प के जरिये ज्यादा से ज्यादा छह खिलाड़ियों को बरकरार रख सकती है। छह रिटेंशन या आरटीएम में अधिकतम पांच कैप्ड खिलाड़ी (भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों का संयोजन) और अधिकतम दो अनकैप्ड खिलाड़ी हो सकते हैं। राहुल ने साल 2022 सत्र से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से 38 मैचों में 1410 रन बनाए हैं पर इसके बाद भी उन्हें फ्रेंचाइजी रिटेन करने की जगह पर नीलामी में उतारेगी।

वहीं राहुल भी मेगा नीलामी में उतरना चाहते हैं, क्योंकि टीम उन्हें रिटेन नहीं कर सकती है। रिटेन किए जाने वाले खिलाड़ियों या रिटेंशन की कीमत के बारे में चर्चाओं के बाद अगर राहुल नीलामी में शामिल होते हैं तो इसमें हैरान होने की जरुरत नहीं है।

राहुल ने इससे पहले आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद, पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से खेला हैं। अगर वह मेगा नीलामी में उतरते हैं तो कई टीमें उन्हें अपने सेट-अप में शामिल करने के लिए तैयार रहेंगी क्योंकि उनके पास एक अच्छा खास अनुभव है।

वहीं युवा जुरेल, फ्रेंचाइजी द्वारा रिटेन किए जाने से साफ इनकार करने के बाद मेगा नीलामी में शामिल होने वाले एक और कैप्ड भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं। इस साल भारत के लिए टेस्ट और टी20 में डेब्यू करने वाले जुरेल ने अपने फिनिशिंग स्किल्स के जरिए आईपीएल में प्रभावित किया है। वे फ्रेंचाइजी के लिए उनके मैचों में इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे हैं।

फ्रेंचाइजी हालांकि अभी भी जुरेल को रिटेन करने के लिए उनसे बातचीत कर रही है। पिछली आईपीएल नीलामी में इशान किशन, कुमार कुशाग्र और रॉबिन मिंज जैसे विकेटकीपर बल्लेबाजों ने अपने बेहतरीन कौशल के कारण नीलामी

## शॉ रन बनाए ना बनाए उनका बल्ला शतक ठोंक रहा आयुष म्हात्रे ने बताया

मुंबई (ईएमएस)। युवा सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे के पहले प्रथम श्रेणी शतक और गेंदबाजों के बेहतर प्रदर्शन के दम पर गत चैम्पियन मुंबई ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मैच के पहले दिन महाराष्ट्र पर दबाव बना दिया। 17 साल के म्हात्रे ने अपने तीसरे ही मैच में नाबाद 127 रन बना लिए हैं।उन्होंने 163 गेंदों की अपनी पारी में 17 चौके और 3 छक्के लगाए। मुंबई ने पहले दिन के आखिर में 3 विकेट पर 220 रन बनाए। टीम के लिए तीनों फॉर्मेट खेल चुके पृथ्वी शॉ को कौन नहीं जानता। हालांकि निरंतरता के साथ रन नहीं बनाने के कारण शॉ टीम इंडिया में अपनी जगह पक्की नहीं कर सके। हालांकि शॉ रन बनाए या ना बनाए। उनका बल्ला चल रहा है। जी हां, जिस बल्ले से म्हात्रे ने रणजी ट्रॉफी में अपनी पहली सेंचुरी ठोकी है। बता दें कि आयुष सरफराज के भाई मुशीर खान की जगह खेल रहे हैं। बता दें कि शॉ भी इस मैच में खेल रहे हैं। आयुष ने पृथ्वी के साथ ओपनिंग की। लेकिन भारतीय अंडर 19 टीम के कप्तान रह चुके शॉ सिर्फ 1 रन बनाकर आउट हो गए।रणजी ट्रॉफी में ओपनिंग करते हुए शतक जड़ने वाले आयुष 12वीं क्लास के छात्र हैं। उन्हें 5 साल की उम्र से ही क्रिकेट में इंट्रस्ट था।

## रुतुराज ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ भारत-ए की कर सकते हैं कप्तानी

**31 अक्टूबर को पहला, दूसरा मैच 7 नवंबर को खेला जाएगा**




नई दिल्ली,(ईएमएस)। इस महीने के आखिर में शुरू होने वाले दो चार दिवसीय प्रथम श्रेणी मैचों में रुतुराज गायकवाड़ ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ भारत-ए की कप्तानी कर सकते हैं जिसमें गायकवाड़ के साथ अभिमन्यु ईश्वरन और साई सुदर्शन के शामिल होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में बताया गया है कि कप्तान रोहित शर्मा अगले महीने ऑस्ट्रेलिया में शुरू होने वाली बहुप्रतीक्षित बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले दो टेस्ट मैचों में से एक में नहीं खेलेंगे, जिसके बाद भारत एक रिजर्व ओपनर की तलाश करेगा।

ईश्वरन ने दलीप ट्रॉफी में दो शतक लगाए और इसके बाद ईरानी कप में एक और शतक लगाया। दिल्ली में तमिलनाडु के चल रहे रणजी ट्रॉफी मैच में दोहरा शतक लगाने के साथ ही उनके बल्ले से शतकों की बरसात होने लगी। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो प्रथम श्रेणी मैचों को खिलाड़ियों के लिए अपनी क्षमता साबित करने और पांच टेस्ट के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने का मौका माना जा सकता है। देवदत्त पडिक्कल, बाबा इंद्रजीत और रिकी भुई भारत ए टीम में मध्यक्रम की मजबूत बल्लेबाजी कर सकते हैं। केंद्रीय अनुबंध से बाहर होने के बाद ईशान किशन की पहली बार अंतरराष्ट्रीय टीम में वापसी हो सकती है। युवा बाएं हाथ के इस खिलाड़ी को श्रेयस अय्यर के साथ सूची से हटा दिया गया था, क्योंकि इस बात की चिंता थी कि उन्होंने घरेलू क्रिकेट की तुलना में इंडियन प्रीमियर लीग को प्राथमिकता दी है। अभिषेक पोरेल के साथ वह भारत ए की टीम को विकेटकीपिंग का विकल्प हो सकते हैं। नीतीश कुमार रेड्डी, तनुश कोटियन और मानव सुथार के ऑलराउंडर के रूप में खेलने की उम्मीद है। तेज गेंदबाजों में मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, खलील अहमद और यश दयाल के शामिल होने की उम्मीद है। चार दिवसीय मैच का पहला मैच 31 अक्टूबर को मैके में खेला जाएगा। दूसरा मैच 7 नवंबर को मेलबर्न में होगा। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए संभावित भारत ए टीम : रुतुराज गायकवाड़, अभिमन्यु ईश्वरन, देवदत्त पडिक्कल, साई सुदर्शन, बी इंद्रजीत, अभिषेक पोरेल (विकेट कीपर), ईशान किशन (विकेट कीपर), मुकेश कुमार, रिकी भुई, नितीश कुमार रेड्डी, मानव सुथार, नवदीप सैनी, खलील अहमद, तनुश कोटियन, यश दयाल।

## क्रिकेट जगत की ये त्रिमूर्ति इंटरनेशनल मास्टर्स लीग का नियमों और संचालन को देखेगी

मुंबई (ईएमएस)। इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) ने अपनी गवर्निंग काउंसिल के गठन की घोषणा कर दी है, इसमें तीन महान क्रिकेट खिलाड़ी और मास्टर्स शामिल होने हैं। लीग कमिश्नर सुनील गावस्कर, सर विवियन रिचर्ड्स और शॉन पोलक। यह त्रिमूर्ति आईएमएल की रणनीतिक दिशा, नियमों और संचालन की देखरेख करेगी, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि लीग खेल प्रेमियों के लिए एक प्रमुख मंच बनी रहे, जहां खेल की विरासत और मनोरंजन का संगम हो, और दुनिया भर के प्रशंसकों को दिग्गजों के खेल का अद्वितीय रोमांच मिल सके।इंटरनेशनल मास्टर्स लीग का उद्घाटन संस्करण 17 नवंबर से 8 दिसंबर 2024 तक आयोजित होगा है। नवी मुंबई के डी. वाई. पाटिल स्टेडियम में उद्घाटन मैच खेला जाएगा। इसके अलावा लखनऊ और रायपुर में भी मैच आयोजित होने है। समापन मैच की मेजबानी रायपुर करेगा।भारतीय क्रिकेट के महानतम खिलाड़ियों में से एक गावस्कर अपनी उत्कृष्ट क्रिकेट समझ और खेल की शुचिता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कहा, गवर्निंग काउंसिल के सदस्य के रूप में हमारा ध्यान यह सुनिश्चित करने पर होगा कि इंटरनेशनल मास्टर्स लीग क्रिकेट की भावना के प्रति सच्ची रहे, जबकि दुनिया भर के प्रशंसकों को मनोरंजन प्रदान करे। आईएमएल न केवल खेल के दिग्गजों को सम्मान देने का मंच है, बल्कि उन प्रशंसकों के लिए भी एक उत्सव है, जो आज भी अपने नायकों का सम्मान करते हैं।"वहीं रिचर्ड्स, जो क्रिकेट इतिहास के सबसे विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक माने जाते हैं, 1970 और 1980 के दशक में वेस्टइंडीज टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा थे, जिसने उस समय क्रिकेट जगत पर अपना दबदबा कायम रखा। इतना ही नहीं सर विवियन रिचर्ड्स की कप्तानी में वेस्टइंडीज ने एक भी टेस्ट सीरीज नहीं हारी।

आईएमएल की गवर्निंग काउंसिल में शामिल होने पर रिचर्ड्स ने कहा, "आईएमएल एक अद्भुत मंच है, जहां खेल के पूर्व दिग्गजों को फिर से एक्शन में देखने का अनोखा रोमांच खेल प्रशंसकों को मिलेगा। मैं गवर्निंग काउंसिल का हिस्सा बनकर और इस नवाचारी लीग को सफल बनाने में मदद करने के लिए उत्साहित हूं।

"शॉन पोलक, पूर्व दक्षिण अफ्रीकी कप्तान और सर्वकालिक सफल ऑलराउंडर्स में से एक, आईएमएल गवर्निंग काउंसिल के सदस्य के रूप में अपने अनुभव और बहुमुखी प्रतिभा को सामने लाएंगे। उन्होंने कहा, "क्रिकेट के महान खिलाड़ियों के साथ गवर्निंग काउंसिल का हिस्सा बनना शानदार है।




जर्मनी के डॉर्टमंड में बोरूसिया डॉर्टमंड और एफसी सेंट पॉली के बीच जर्मन फर्स्ट डिवीजन बुंडेसलीगा फुटबॉल मैच के दौरान गेंद पास करते बोरूसिया डॉर्टमंड के सेरहो गुइरासी (दाएं)।

## आज फाइनल में भिड़ेंगे न्यूजीलैंड-साउथ अफ्रीका

**महिला टी20 वर्ल्ड कप में बनेगा इतिहास**

नई दिल्ली,(ईएमएस)। न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच महिला टी20 वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला 20 अक्टूबर यानी रविवार को खेला जाएगा। इस मुकाबले को जीतने वाली टीम पहली बार वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रचेगी। न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को हराकर 14 साल बाद फाइनल में पहुंची है। वहीं साउथ अफ्रीका टीम लगातार दूसरी बार विश्व कप के खिताबी मुकाबला खेलेगी। न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल में वेस्टइंडीज को हराया वहीं साउथ अफ्रीका ने मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराया था। दोनों टीमों में से कोई भी टीम अभी तक यह टूर्नामेंट नहीं जीत सकी है। जो टीम इसे जीतेगी उसके नाम पहली बार टी20 विश्व कप ट्रॉफी होगी। भारतीय समय के मुताबिक यह मैच शाम 7:30 बजे दुबई में खेला जाएगा।3 अक्टूबर को महिला टी20 वर्ल्ड कप का आगाज हुआ था जिसमें कुल दस टीमों ने हिस्सा लिया। इस दौरान कई मैचों का फैसला आखिरी ओवर में हुआ। हालांकि खिताब की प्रबल दावेदार और मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की हार टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफेर थी। साल 2009 के बाद पहली बार विश्व कप फाइनल ऑस्ट्रेलिया के बगैर खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया टीम सबसे ज्यादा 6 बार यह ट्रॉफी अपने नाम कर चुकी है। वहीं फाइनल में पहुंची साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड में ना तो उनकी पुरुष टीम और ना ही महिला टीम इस ट्रॉफी को अभी तक जीत सकी है।न्यूजीलैंड ने मौजूदा टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर फाइनल में पहुंची है। टी20 विश्व कप में उतरने से पहले इस टीम ने साल 2024 में खेले 13 टी20 मैचों में से सिर्फ एक मैच जीता था। इसके बाद विश्व कप में उसने जो प्रदर्शन किए उससे फैंस भी हैरान है। अब यह टीम खिताब से एक कदम की दूरी पर है। साउथ अफ्रीका को 'चोकर्स' कहा जाता है, क्योंकि यह टीम बड़े मुकाबलों में हार जाती है। पुरुष और महिला टीम पर यह टैग सटीक बैठता है। साउथ अफ्रीकी टीम लगातार दो बार उप विजेता रही है। इसकी पुरुष टीम हाल में भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप फाइनल में हार गई थी। हलांकि महिला टीम के पास अब खिताब जीतकर इस मिथक को तोड़ने का बेहतरीन मौका है।

## एसईसीएल की एक भी खुली कोयला खदान 5 स्टार में शामिल नहीं

### भूमिगत कोयला खदानों में एसईसीएल की हल्दीबाड़ी को प्रथम और भटगांव को मिला द्वितीय स्थान

### एसईसीएल की तीन, एनटीपीसी की और जेपीएल की एक-एक खदान शामिल



कोरबा (ईएमएस) कोयला और लिग्नाइट खदानों के प्रदर्शन को लेकर कोयला मंत्रालय द्वारा दी जाने वाली 5 स्टार रेटिंग में इस बार एसईसीएल की एक भी खुली मुहाने की कोयला खदान जगह बनाने में कामयाब नहीं रही। कोयला मंत्रालय के अधीन काम करने वाले कोल कंट्रोलर ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के प्रदर्शन का आंकलन किया था। इस आधार पर कोयला खदानों की स्टार रेटिंग सूची जारी हुई है। कोयला मंत्रालय द्वारा 21 अक्टूबर को नई दिल्ली में स्टार रेटिंग अवार्ड सेरेमनी आयोजित ।बेस ईअर 2022-23 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कोयला खदानों के प्रबंधन को अवार्ड प्रदान होगा। 2022-23 में 10 भूमिगत तथा 17 खुली खदानों को स्टार रेटिंग से नवाजा गया। वहीं कुल 10 भूमिगत और 33 खुली खदान को स्टार रेटिंग और अचीवर अवॉर्ड के योग्य पाया गया है। 21 अक्टूबर को आयोजित स्टार रेटिंग अवार्ड सेरेमनी में कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी, कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे सहित सीआईएल के आला अधिकारी सम्मिलित होंगे। एसईसीएल की कोरबा जिले में भूमिगत व ओपन कोयला खदानें हैं किंतु कोई भी स्टार रेटिंग नहीं पा सकी। एसईसीएल की पड़ोसी जिले में स्थित हल्दीबाड़ी ने पहला और भटगांव ने दूसरा स्थान अंडरग्राउंड माइंस के रूप में फाइव स्टार रेटिंग को हासिल किया है। वहीं केवल गेवरा खुली खदान को अचीवर अवॉर्ड मिला है। पड़ोसी रायगढ़ जिले में संचालित एनटीपीसी की तलाईपाली और जिंदल पावर लिमिटेड की गारे पाल्मा भी अचीवर अवॉर्ड हासिल करने में सफल रही है।

# ऑक्सीजन सिलेंडर चोर गिरोह पकड़ाया, 10 लाख के 103 सिलेंडर जब्त



दुर्ग(ईएमएस)। जिले के जामुल पुलिस ने शहर के एक बड़े ऑक्सीजन सिलेंडर चोर गिरोह को पकड़ा है। गिरोह के सदस्य औने पौने दाम में सिलेंडर बेचकर पार्टी करते थे। पुलिस ने इस गिरोह के पास से 10 लाख रुपए से ज्यादा कीमत के 103 सिलेंडर जब्त किया है। पुलिस ने 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इस मामले में पुलिस को दो अन्य आरोपियों की अभी भी तलाश है। मिली जानकारी के अनुसार ऑक्सीजन सिलेंडर चोरी की शिकायत ऑक्सीजन रिफलिंग फैक्ट्री के संचालक राकेश शर्मा ने दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनके फैक्ट्री से पिछले कई महीनों से लगातार ऑक्सीजन सिलेंडर चोरी हो रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू की। चोरों का पता लगाने के लिए पुलिस ने आसपास पतासाजी की। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी में कंपनी का एक कर्मचारी शामिल है जो यहां सिलेंडर ले जाने वाली गाड़ियों के चालकों के साथ यह सारा खेल करत है। क्लू मिलने के बाद पुलिस ने कंपनी के कर्मचारी को हिरासत में लिया और पूछताछ की। पूछताछ में उसने सारी सच्चाई उगल दी। कंपनी का कर्मचारी गाड़ी में चोरी से सिलेंडर अधिक लोड करता था। इसके बाद वह उसे ले जाकर बाहर औने पौने दाम में बेच देते थे। आरोपी 10 हजार रुपए का सिलेंडर 200 रुपए में बेचता था और उन पैसों के साथ पार्टी करते थे। आरोपी इन सिलेंडर को रायपुर के एक व्यापारी को बेचते थे। व्यापारी इन सिलेंडर को हॉस्पिटलों में खपा देता था। पुलिस को अभी दो मुख्य आरोपियों की तलाश है। पुलिस ने अब तक 103 सिलेंडर जब्त किए हैं जिनकी कीमत 10 हजार 32 हजार रुपए है। पकड़े गए आरोपियों में ज्ञानेंद्र गुप्ता (40) निवासी उरला रायपुर, पंचराम यादव, निवासी जामुल भिलाई, चैन सिंह देवांगन निवासी मुड़पार थाना जामुल भिलाई, रविशंकर यादव, निवासी जामुल भिलाई, नकुल विश्वकर्मा (40) निवासी शंकर नगर क्रांति चौक थाना जामुल, मुन्नालाल (38 ) निवासी जामुल, अरुण पटेल (34) निवासी मंगल बाजार जामुल, नरेश कुमार (40) निवासी घासीदास नगर जामुल, राकेश पाल (35) निवासी नारधा थाना जामुल और सोनू शर्मा (35) निवासी जामुल शामिल हैं।

## नदी में गिरी 53 सवारियों से भरी बस, 3 की मौत, 7 घायल

### साइकिल सवार को बचाने की कोशिश में हुआ हादसा

सिद्धार्थनगर (ईएमएस)। यूपी के सिद्धार्थनगर में एक दर्दनाक हादसा हो गया है। यहां 53 सवारियों से भरी बस अचानक पुल से पलटकर शारदा नदी में जा गिरी। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि, लगभग 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इसके साथ ही अन्य लोग भी घायल हो गये हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि एक साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में बड़ा हादसा हो गया। घटना सिद्धार्थनगर के बढ़नी ब्लॉक के मोहनकोला गांव की है। यहां देवीपाटन मंदिर से वापस आते समय चरगवां पुल पर एक बस पलट गई। इस हादसे में लगभग 50 से अधिक यात्री घायल हुए हैं और 3 व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। बस में सवार लोग बलरामपुर स्थित देवी पाटन मंदिर पर मुंडन कार्यक्रम में गए थे और वापस आते समय यह हादसा हुआ। बस में यात्रियों की संख्या अधिक थी, जिससे हादसे की गंभीरता बढ़ गई। घायलों को तत्काल प्राथमिक स्वस्थ्य केंद्र बढ़नी अस्पताल ले जाया गया। जहां घायलों का इलाज किया जा रहा है। कुछ घायलों को जिला अस्पताल लेकर आया गया है, जबकि अन्य को सीएससी सेंटर बढ़नी में भर्ती किया गया है। मृतक की पहचान खुरहुरिया के रहने वाले मंगनीराम के रूप में हुई है, जो साइकिल से यात्रा कर रहे थे। उनकी साइकिल बस के नीचे आ गई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा अजय शर्मा उम्र 14 साल और गामा उम्र 65 साल की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी, एसपी और एडिशनल एसपी समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। बस के पलटने के कारणों की जांच की जा रही है और ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया है।

## प्रशिक्षण के बाद बहरीन से लौटी भारतीय नौसेना

नई दिल्ली(ईएमएस)। नौसेना की पहली प्रशिक्षण स्क्वाड्रन बहरीन के मनामा से अपनी लंबी दूरी की तैनाती पूरी कर स्वदेश लौटी है। इसमें बल का आईएनएस तीर और तटरक्षकबल का वीरा युद्धपोत शामिल हुआ था। नौसेना ने बताया कि इस यात्रा के दौरान भारतीय पोतों का नेतृत्व कैप्टन अंशुल किशोर ने किया। जबकि बहरीन से मेजर जनरल सलमान मुबारक और कमांडर इब्राहिम बहामुद शामिल हुए। दोनों पक्षों के बीच क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा चुनौतियों और प्रशिक्षण व अभियानों में सहयोग के विकल्पों पर विचार किया गया। भारतीय युद्धपोतों का बहरीन के अलावा अन्य मित्र देशों के नौसैन्य कर्मियों ने भी दौरा किया। इसका उद्देश्य साझा क्रियाकलापों सहित भावी संयुक्त युद्धाभ्यासों के दौरान सहयोग को बढ़ावा देना है। वहीं, भारतीय दल ने बहरीन में नौसैन्य सहयोग सुविधा का दौरा किया। इसमें टास्क फोर्स 59 भी शामिल है। दोनों पोत की इस यात्रा का समापन बहरीन की नौसेना के साथ हुए एक समुद्री युद्धाभ्यास के साथ हुआ। इससे दोनों समुद्री बलों के बीच संबंधों को मजबूती मिलेगी।

## हरा और भूरी पूंछ वाला बंबू ग्रीन पिट सांप बहुत खतरनाक, ऐसे कभी ना छेड़ें



नई दिल्ली,(ईएमएस)। सांपों की दुनिया में हजारों प्रजातियां हैं, जिनमें से कुछ बेहद जहरीली और खतरनाक हैं। हरे रंग के सांप अक्सर विषहीन माने जाते हैं, लेकिन ये धारणा गलत भी हो सकती है। बांस के हरे रंग के वाइपर जैसे सांप बेहद जहरीले होते हैं और इनके काटने से मौत भी हो सकती है। दुनिया भर में सांपों की 2500 से 3000 प्रजातियां हैं, जिनमें से कई हरे रंग की होती हैं। ज्यादातर हरे रंग के सांप विषहीन होते हैं और अपने हरे रंग का इस्तेमाल पत्तेदार परिवेश में छिपने के लिए करते हैं।बंबू ग्रीन पिट वाइपर ऐसा सांप है, जो बेहद जहरीला है। वैसे भारत में सांपों की 300 से ज्यादा प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से 60 से ज्यादा जहरीली हैं। ये सांप काले, लाल, हरे, भूरे और नारंगी रंग के होते हैं। हरे रंग के सांपों को अक्सर विषहीन माना जाता है। बांस का हरा वाइपर बिहार के वाल्मिकीनगर समेत पश्चिमी बंगाल, तमिलनाडु और मेघालय जैसे राज्यों में पाए जाते हैं। पूंछ पर भूरा रंग हरे सांप के जहरीले होने की पहचान होती है।बंबू ग्रीन पिट वाइपर के अलावा हरे रंग के सांपों में खुरदुरा हरा सांप, चिकना हरा सांप, घास का सांप, हरा चाबुक सांप, उद्यान सांप, बेल सांप और कीलदार हरा सांप शामिल हैं। इनमें से ज्यादातर सांप विषहीन होते हैं, लेकिन बांस का हरा वाइपर बेहद जहरीला होता है। इसके काटने से इंसान के टिशू प्रभावित होते हैं और उसकी मौत हो सकती है। ये रात में ज्यादा सक्रिय होता है। पहाड़ के तराई इलाकों में हरे रंग की घास या खेतों के झाड़ियों में इसे पाया जाता है।बांस के हरे वाइपर का जहर मुख्य रूप से न्यूरोटॉक्सिक होता है, जो आपके केंद्रीय तंत्रिका तंत्र पर हमला करता है। यह आपके शरीर के ऊतकों या रक्त कोशिकाओं को भी नुकसान पहुंचा सकता है। दुनिया भर में हर साल करीब 45-54 लाख लोग सांप के काटने का शिकार होते हैं। इनमें से 18 लाख से 27 लाख लोग बीमार हो जाते हैं और 81 हजार से 1 लाख 38 हजार लोग अपनी जान गंवा देते हैं। इसलिए, अगर आपको कोई हरा सांप दिखाई दे, तो उसे छेड़ने से बचें और उससे दूरी बनाए। यह याद रखना भी जरूरी है कि अगर आपको सांप काट ले, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

# खादी महोत्सव के तहत आईएनए दिल्ली हाट में विशेष खादी प्रदर्शनी का उद्घाटन



नई दिल्ली(ईएमएस)। देशभर में मनाए जा रहे 'खादी महोत्सव' के अंतर्गत त्योहारों के मौसम में आयोजित प्रदर्शनी का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को बढ़ावा देना और खादी कारीगरों की आय को बढ़ाना है। राज्य कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, नई दिल्ली द्वारा इस विशेष खादी प्रदर्शनी का 31 अक्टूबर तक आयोजन किया जा रहा है।सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने मुख्य अतिथि के तौर पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष मनोज कुमार की उपस्थिति में आईएनए दिल्ली हाट में आयोजित विशेष खादी प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

प्रदर्शनी में दिल्ली, राजस्थान, बिहार, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा, मध्य प्रदेश, बंगाल, हरियाणा, जम्मू सहित देश के विभिन्न राज्यों से 55 खादी संस्थानों और 102 ग्रामोद्योग इकाइयों के 157 स्टॉल लगाए गए हैं। जहां खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की एक विशाल श्रृंखला प्रदर्शित की जा रही है। प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार की साड़ियां, रेडिमेड वस्त्र, हस्तशिल्प वस्तुएं, हर्बल और आयुर्वेदिक उत्पाद, चमड़े के सामान, हस्तनिर्मित कागज उत्पाद, अचार, मसाले, साबुन, शैंपू, शहद इत्यादि बिक्री के लिए अलग-अलग स्टॉलों में प्रदर्शित किये जा रहे हैं।प्रदर्शनी में भाग लेने वाले कारीगर और शिल्पकार खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की अपनी विविध श्रृंखला का सजीव प्रदर्शन भी कर रहे हैं। केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी ने सभी देशवासियों से खादी और लोकल उत्पादों को अधिक से अधिक खरीदने की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने दिल्लीवासियों से विशेष आग्रह किया कि वे त्योहारों की खरीदारी के लिए इस खादी प्रदर्शनी में पधारें और स्वदेशी खादी उत्पादों की खरीदारी कर प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप 'वोकल फॉर लोकल' एवं 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान का हिस्सा बनें।

## खालिस्तानियों से ट्रूडो का प्रेम बढ़ा और भारत से रिश्तों में आई दरार



नई दिल्ली(ईएमएस)। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो खालिस्तानी समर्थकों के मोहपांस में बंध गए हैं। उन्हे लगता है कि इन समर्थकों की दम पर उनकी राजनीति चमकती रहेगी। लेकिन ऐसा बिलकुल नहीं है। वजह ये है कि वहां बड़ी संख्या सांसद ट्रूडो के विरोध में खड़े हो गए हैं। खालिस्तान प्रेम में भले ही जस्टिन ट्रूडो को कनाडा में सिख राजनीति चमकाने में कामयाबी दिख रही हो, लेकिन वो यह भूल गए कि ऐसा करने के लिए उन्होंने दो देशों के बीच अंतरराष्ट्रीय संबंधों को ताक पर लगा दिया है। ऐसे में वो अब कनाडा की बहुसंख्यक आबादी की आंख का रोडा बनने लगे हैं। अपने ही सांसद ट्रूडो से सवाल पूछ रहे हैं कि बिना ठोस सबूत के वो बार-बार हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड में भारत को क्यों मोहरा बना रहे हैं। कनाडा के इस गंदे खेल में भारत में खालिस्तान आतंकवाद और ऑर्गेनाइज्ड क्राइम भी तेजी से पनपने लगा है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर बार-बार भारत को लेकर जस्टिन ट्रूडो ये यूटर्न वाली राजनीति क्यों कर रहे हैं। इसकी वजह है कनाडा में सिखों का वर्चस्व और ट्रूडो की गठबंधन सरकार। दुनिया के दूसरे हिस्सों से आने वाले ज़्यादातर अप्रवासियों की तुलना में सिखों के पास कनाडा में ज़्यादा ताकत है।

कनाडा में सिखों की आबादी पिछले 20 सालों में करीब दोगुनी हो गई है। खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की मौत के बाद उपजा भारत-कनाडा विवाद इस वक्त एक बार फिर अपने चरम पर है। साल 2023 में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर निज्जर की मौत का इल्जाम लगाते हुए बड़े विवाद को जन्म दिया था। इसके बाद ट्रूडो कितनी बार पलटी मार चुके हैं, शायद यह बात को खुद उन्हें भी नहीं पता होगी। एक तरफ वो अपने उल-जलूल आरोपों के बाद भारत के एक्शन पर बिलबिलाते नजर आते हैं और दूसरे ही पल वो भारत को कनाडा का अहम साझेदार देश बताने से भी नहीं चूकते। अब सवाल यह है कि खालिस्तान प्रेम में चूर जस्टिन ट्रूडो क्यों भारत-कनाडा संबधों की कब्र खोदने में लगे हुए हैं।

हद तो तब हो गई जब एक साल पहले भारत पर निज्जर की हत्या का आरोप लगाने के बाद अब ट्रूडो ने इस मर्डर केस की जांच के दायरे में कनाडा में भारतीय दूतावास के अधिकारियों को भी जोड़ दिया। इसके बाद वो अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों को भारत के खिलाफ लामबंद करने में लग गए। अमेरिका और ब्रिटेन की तरफ से भी भारत को यह नसीहत दे दी गई कि वो कनाडा की जांच में सहयोग करे। फिर एक बड़ी पलटी मारते हुए कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने बुधवार को यह कहकर हर किसी को चौंका दिया कि हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारत की भूमिका के संबंध में कोई सबूत नहीं सौंपे गए हैं। केवल कनाडाई खुफिया एजेंसी के इनपुट की कोरी जानकारी भारत को दी गई है, जिसमें इस हत्या में भारत के एजेंट का हाथ होने की बात सामने आई है।

# 21 राज्यों की महिलाओं से राहुल गांधी ने किया संवाद



नई दिल्ली(ईएमएस)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 21 राज्यों की महिलाओं के साथ संवाद किया। इस मौके पर राहुल गांधी ने जोर देकर कहा कि आज राजनीति में संघर्ष सिर्फ पारंपरिक विपक्षी दलों के खिलाफ नहीं, बल्कि एक व्यापक वैचारिक लड़ाई है। उन्होंने कहा, आज राजनीति में हमारी लड़ाई सिर्फ सत्ता के लिए नहीं है, बल्कि प्रतिनिधित्व के लिए भी है। ये दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, जैसे कुछ लोग सोचते हैं, वैसे अलग-अलग नहीं हैं। उन्होंने महिलाओं को प्रतीकात्मक पदों को अस्वीकार करने और सार्थक प्रभावशाली स्थानों के लिए संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, महिलाओं को यह समझना चाहिए कि वे केवल सांकेतिक राशि या पदों को स्वीकार न करें, बल्कि अपने अधिकारों के लिए लड़ें जिनके वे हकदार हैं। गांधी ने शक्ति अभियान के साहसिक प्रयासों की सराहना की, जो महिलाओं को नेतृत्व करने, संगठित होने और अपने समुदायों में राजनीतिक विमर्श को नया रूप देने के लिए स्थान प्रदान कर रहा है।

कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गाँधी ने शक्ति अभियान - इंदिरा फेलोशिप की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक के पहले दिन भाग लिया और देशभर की महिला नेताओं के साथ गहन विचार-विमर्श किया। 21 राज्यों से आई सभी प्रतिभागी अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली महिलाएं थीं, जिन्होंने जमीनी स्तर पर महिलाओं के सामने आने वाली पितृसत्ता की गहरी चुनौतियों का सामना करने की प्रतिबद्धता जताई।इंदिरा फेलोशिप द्वारा संचालित शक्ति अभियान एक राष्ट्रीय पहल है जिसका उद्देश्य भारतीय राजनीति में महिलाओं के समान प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करना है। यह आंदोलन ग्रामीण और शहरी समुदायों की उच्च प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को चुनाव लड़ने, नेतृत्व की भूमिका निभाने और स्थानीय और राष्ट्रीय शासन में गहरे पितृसत्तात्मक मानदंडों को चुनौती देने के लिए सशक्त बनाता है। 21 राज्यों में सक्रिय शक्ति अभियान ने महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को बढ़ाया है और उन्हें पंचायतों, नगर पालिकाओं और अन्य शासी निकायों में पदों के लिए चुनाव लड़ने के लिए तैयार किया है। शक्ति अभियान की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक अगले दो दिनों तक जारी रहेगी, जिसमें आंदोलन के विस्तार और भारत में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को मजबूत करने के लिए भविष्य की कार्य रणनीतियों पर चर्चा की जाएगी।

## नशेले ने बच्चे को कुएं में फेंका, युवक ने बचाई जान तो पुलिस ने किया सम्मान

### जान बचाने 40 फीट गहरे कुएं में लगाई छलांग, सकुशल निकाला

गोरखपुर(ईएमएस)। खजनी इलाके के रामपुर पांडेय गांव में एक सिरफिरे ने छह वर्षीय बच्चे को कुएं में फेंक दिया। बच्चे के डूबने की सूचना पर गांव के एक साहसी युवक ने तत्काल 40 फुट गहरे कुएं में छलांग लगा दी और बच्चे को सकुशल निकाल लाया। पुलिस ने बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराने के साथ ही आरोपित के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने युवक की पीठ थपथपाई और पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। एसएसपी ने उसे एक हजार रुपये नकद और प्रशस्ति पत्र देकर उसके काम की सराहना की और 26 जनवरी को वीरता पुरस्कार की सिफारिश की बात कही। साथ ही सरकारी मद से उसकी वीरता पर प्रोत्साहन के लिए डीएम से भी बातचीत की है। एसएसपी डॉ.गौरव ग्रोवर ने कहा कि कुएं में कूदकर बच्चे को बचाना साहस का काम है। प्रमोद को सम्मानित किया गया है। अगर उसने देरी की होती तो बच्चे की जान जा सकती थी।मनीष चौहान का छह साल का बच्चा अरुण गुरुवार की शाम को घर के बाहर खेल रहा था। इस दौरान गांव का ही सिरफिरा अतुल कुमार पांडेय नशे की हालत में आया और बच्चे को उठाकर पास स्थित कुएं में फेंक दिया। महिलाएं उसकी हरकत देख चिल्लाने लगीं। शोर सुनकर गांव का प्रमोद आया और बच्चे के डूबने की जानकारी पाते ही वह कुएं में कूद गया। उसने डूब रहे बच्चे को बाहर निकाला। इस बीच सूचना पाकर खजनी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बच्चे को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया। आरोपित को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## अनुपम खेर ने दिया हीरो नं. 1 का हेल्थ अपडेट

मुंबई (ईएमएस)। कुछ दिनों पहले बॉलीवुड एक्टर गोविंदा के पैर पर उनकी लाइसेंसी रिवॉल्वर से गलती से गोली चल गई थी, जिसकी वजह से वह घायल हो गए। उन्हें आनन-फानन में अस्पताल में एडमिट कराया गया, जहां उनका इलाज चला। खैर, सर्जरी के बाद वह दो-तीन दिनों में ही हॉस्पिटल से डिस्चार्ज हो गए थे। इस बीच अनुपम खेर ने गोविंदा का हेल्थ अपडेट दिया है। उनका कहना है कि गोविंदा की हेल्थ में तेजी से सुधार हो रहा है। अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया है।

दिग्गज एक्टर ने वीडियो में बताया कि उनकी पार्क में गोविंदा के बड़े भाई और डायरेक्टर कीर्ति कुमार से मुलाकात हुई। दोनों ने कई सारी बातें कीं। अनुपम खेर ने भी बताया कि कीर्ति कुमार ने उन्हें गोविंदा की हेल्थ की भी जानकारी दी है। वीडियो को पोस्ट करते हुए अनुपम खेर ने कैप्शन में लिखा, पार्क में मुलाकात! लंबे समय बाद कीर्ति कुमारजी से मिलकर बहुत खुशी हुई। कीर्तिजी ने मेरी पसंदीदा फिल्मों में से एक हत्या का डायरेक्शन किया था। हमने कई विषयों पर बात की, जिसमें मेरे दोस्त और उनके छोटे भाई गोविंदा के पैर पर लगी चोट भी शामिल थी। यह जानकर राहत मिली कि उनकी तबीयत में सुधार हो रहा है। अनुपम खेर ने आगे लिखा, हमने साथ बिताए समय, 90 के दशक का सिनेमा और जीवन में दयालु होने के महत्व के बारे में भी बात की।

# अचानक ट्रेन के सामने आया हाथियों का झुंड, एआई के जरिए टला हादसा



गुवाहाटी,(ईएमएस)। अत्याधुनिक तकनीक का सही तरह से इस्तेमाल किया जाए तो उससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता है। इसकी बानगी असम में दिखाई दी है। जहां एआई के जरिए कई हाथियों की जान बची है। समय रहते एआई ने ट्रेन ड्राइवर को अलर्ट कर दिया और ड्राइवर ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर गाड़ी रोक दी। इससे सैकड़ों हाथियों का झुंड ट्रेन से टकराने से बच गया।

बता दें कि रेलवे ट्रैक्स के इस सेक्शन में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर बेस्ड इंट्रक्शन डिटेक्शन सिस्टम (आईडीएस) लगाया गया है। इसका बड़ा फायदा रेलवे को मिला है और इतना बड़ा हादसा टल गया। अब पूर्व मध्य रेलवे अपने क्षेत्र के सभी एलिफेंट कॉरिडोर्स में इस सिस्टम को लगाने जा रहा है। पिछले काफी समय से यह सिस्टम यहां के रेलवे ट्रैक पर आने वाले हाथियों के लिए वरदान बना हुआ है। पूर्व मध्य रेलवे ने एआई सिस्टम की बदौलत 2024 में 414 और इस साल जनवरी से 16 अक्टूबर तक 383 हाथियों की जान बचाई है।

यह वाकया 16 अक्टूबर को हवाईपुर और लमसखांग स्टेशनों के बीच का है। यह ट्रेन गुवाहाटी से लुमडिंग जा रही थी। रात करीब 8 बजकर 30 मिनट पर कामरूप एक्सप्रेस हादसे का शिकार होने से बची। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो अपलोड किया गया है। इसमें ट्रेन का ड्राइवर अपने उच्च अधिकारी को हाथियों के झुंड की जानकारी दे रहा है। वीडियो देखकर लग रहा है कि हाथियों के झुंड में कम से कम 100 हाथी रहे होंगे।ट्रेन ड्राइवर जेडी शाह और उनका असिस्टेंट उमेश कुमार कामरूप एक्सप्रेस को लेकर जा रहे थे। तभी हवाईपुर और लमसखांग के बीच हाथियों का झुंड रेलवे ट्रैक को पार कर रहा था। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आधारित इंट्रक्शन डिटेक्शन सिस्टम (आईडीएस) ने ट्रेन के चालक और सह-चालक को अलर्ट कर दिया। इसके बाद दोनों ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया। इससे एक बड़ा हादसा टल गया, अन्यथा हाथियों का झुंड ट्रेन से टकरा जाता। वहीं, हाथियों के ट्रैक से गुजरने के बाद कुछ लोग वहां पर रेलवे ट्रैक पर जाकर शोर-शराबा करते नजर आ रहे हैं।

## जेलों में मनेगा करवा चौथ, महिला कैदी पति संग मना सकेंगी त्यौहार

लखनऊ (ईएमएस)। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता चौहान ने जेल में बंद महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। अब जेल में बंद महिला कैदी भी करवा चौथ का पर्व अपने पति संग मना सकेंगी। राज्य महिला आयोग ने इस संबंध में प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजा है, जिसमें कैदी महिलाओं को करवा चौथ के दिन अपने पति के दर्शन करने की अनुमति देने की बात कही गई है। इसके साथ ही, पुरुष कैदियों की पत्नियां भी जेल में आकर इस त्योहार को मना सकेंगी।महिलाओं के लिए विशेष अवसर करवा चौथ भारतीय संस्कृति में महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जिसमें वे अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं। इस विशेष अवसर पर महिला कैदी भी अब अपने पति के साथ यह त्योहार मना सकेंगी। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता चौहान ने इस पहल से यह सुनिश्चित किया है कि जेल में बंद महिलाएं भी करवा चौथ के मौके पर अपने पति के दर्शन कर सकेंगी और पर्व की रस्में पूरी कर सकेंगी।

जेल में होंगे विशेष इंतजाम यूपी की जेलों में अब महिला कैदियों को करवा चौथ पर व्रत रखने और उनके पतियों से मिलने की सुविधा दी जाएगी। इसके अलावा, पुरुष कैदियों की पत्नियों को भी विशेष अनुमति दी जाएगी ताकि वे जेल में अपने पति के साथ इस पर्व को मना सकें। इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं ताकि त्योहार को पारंपरिक ढंग से मनाने की व्यवस्था की जा सके।त्योहार और व्रत के लिए विशेष व्यवस्था इससे पहले भी राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबिता सिंह चौहान ने जेलों में महिला कैदियों के त्योहार और व्रत संबंधी आवश्यकताओं का ध्यान रखने के निर्देश दिए थे। नवरात्रि के दौरान भी व्रत रखने वाली महिलाओं के लिए फलाहार की विशेष व्यवस्था की गई थी। इसी तरह करवा चौथ पर भी महिला कैदियों को उनके पतियों से मिलने और पर्व की पूजा करने की पूरी व्यवस्था कराई जाएगी।

# नगर आयुक्त ने सोशल मीडिया इनफ्लुएंसरों के साथ की बैठक

### सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों की टीम मतदान के प्रति करेगी जागरूक



धनबाद, आसन्न विधानसभा चुनाव 2024 के निमित्त वोट प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से आज दिनांक 19 अक्टूबर 2024 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह नगर आयुक्त, रविराज शर्मा ने जिले के प्रमुख सोशल मीडिया इनफ्लुएंसरों के साथ कार्यालय कक्ष में एक बैठक की।बैठक में नगर आयुक्त ने कहा कि लोगों तक किसी भी संदेश को पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया एक बहुत ही शक्तिशाली एवं प्रभावशाली उपकरण है तथा एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और व्हाट्सएप जैसे मंचों पर बड़ी संख्या में उपयोगकर्ता हैं, जिन तक पहुंचने की जरूरत है।उन्होंने कहा की इन्फ्लुएंसर की यह बैठक हमें वोट प्रतिशत बढ़ाने, युवा मतदाताओं को प्रेरित करने के साथ साथ कम मतदान वाले क्षेत्रों में विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर प्रचार और प्रसार में हमारी मदद करेगी। स्वीप कोषांग के तहत किये जा रहे कार्यक्रमों के बारे में उन्हें जानकारी दी गई, साथ हीं उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने को भी आमंत्रित किया।इस दौरान सभी इनफ्लुएंसर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सभी ने अपने विचार रखे। रोचक कहानी के माध्यम से, ब्लॉगर के माध्यम से, तो किसी ने लघु फिल्म के माध्यम से जागरूक करने का सुझाव दिया। नगर आयुक्त ने चुनाव के इस महापर्व में सभी इनफ्लुएंसरों को अपनी-अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु अपील की । उन्होंने कहा कि देश के सम्मानित नागरिक का कर्तव्य निभाएं एवं सभी से वोट करने की अपील भी करें। सोशल मीडिया में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु तरह-तरह के कंटेंट का निर्माण कर पोस्ट करने हेतु भी अपील की गई।उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर युवाओं के साथ जुड़ने और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इतना ही नहीं विभिन्न क्षेत्रों के लोकप्रिय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों की एक टीम बनाई है जो मतदान के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करेंगे।मौके पर नगर आयुक्त, रवि राज शर्मा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनिता कुजूर, डीपीएम जेएसएलपीएस, शैलेश रंजन, सहायक नगर आयुक्त, प्रकाश कुमार, एसएमपीओ सुश्री विनीता कुमारी, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर जिशान कादरी, सनातन महतो, शांभवी कुमारी, समेत अन्य मौजूद रहें।

# जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

### लो टर्न आउट वाले बूथों पर स्वीप कोषांग की है विशेष फोकस



धनबाद, आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, माधवी मिश्रा के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है।जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार विधानसभा आम चुनाव 2024 में स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 19 अक्टूबर 2024 को विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न बूथों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।लो वोट टर्न आउट वाले क्षेत्र में स्वीप की गतिविधियां तेज करते हुए जगह-जगह चौक चौराहा आदि पर मतदाता शपथ ग्रहण समारोह, हस्ताक्षर अभियान, सेल्फी पॉइंट, रंगोली , मेहंदी, फ्लोर गेम, नुक्कड़ नाटक, रैली आदि के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।साथ ही पूरे धनबाद जिला में स्वीप कोषांग अंतर्गत मतदाता जागरुकता के तहत चुनाव से संबंधित फ्लोर गेम, क्विज प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, जागरूकता रैली, समेत कई अन्य गतिविधियां की गई एवं लोगों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान स्वीप कोषांग द्वारा शपथ ग्रहण करवाते हुए निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु मतदान के दिन अपने अपने मत का प्रयोग करने हेतु सभी से अपील की ।

## इंटर स्टेट चेक पोस्ट पर 2 वाहनों से 11.38 लाख रुपए बरामद



धनबाद, बीती रात मैथन स्थित इंटर स्टेट चेक पोस्ट से 2 अलग-अलग वाहनों से क्रमशः 1 लाख 38000 रुपए एवं एक अन्य वाहन से 10 लाख रुपए की बरामदगी की गई है।10 लाख रुपए की जब्ती की सूचना इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को दे दी गई है। वहीं बीती रात की जब्ती को लेकर मैथन इंटर स्टेट चेक पोस्ट से 18 अक्टूबर को कुल 16 लाख 5 हजार 440 रुपए एवं 30 बोतल बियर की बरामदगी हुई है।उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा तथा वरीय पुलिस अधीक्षक श्री हृदीप पी जनार्दनन ने विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से धनबाद जिले की परिधि में 11 इंटर स्टेट चेक पोस्ट तथा 5 इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट स्थापित किए हैं। जहां जिले में प्रवेश करने वाले वाहनों की सघन जांच की जा रही है।

## कोयला चोरी में वर्चस्व स्थापित करने को लेकर दो गुटों में हुई मारपीट व चली गोली



धनबाद, बरारी बगडिगी में चल रहे शुशी आउटसोर्सिंग में कोयला चोरी में वर्चस्व स्थापित करने को लेकर दो गुटों में मारपीट एवं गोली चलाने की घटना शनिवार की दोपहर घट गई। गोली चलाने की घटना में आउटसोर्सिंग में कार्यरत शेरू अंसारी नामक व्यक्ति घायल हो गया। हालांकि शेरू के बाए पैर को छूते हुए गोली निकल गई। जिससे वह घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से शेरू का इलाज निजी नर्सिंग होम में कराया जा रहा है 1 वही घटना में आधा दर्जन राउंड फायरिंग होने की खबर है। घटना की सूचना जोड़ापोखर पुलिस को मिली। पुलिस घटना स्थल पर पहुँचकर मामले की जाँच में जुट गई है।जोरापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने कहा कि घटना स्थल से खोखा बरामद नही हुआ है , आउटसोर्सिंग में ओबी डंपिंग को लेकर दो गुटों में मारपीट हुई है, पुलिस मामले की जाँच कर रही है।

## थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा के नेतृत्व में बीएसएफ एवं जोरापोखर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



जोड़ापोखर (धनबाद ),झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जोरापोखर और झरिया में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। विशेष रूप से जोरापोखर क्षेत्र में फ्लैग मार्च आयोजित किया गया ताकि चुनाव के दौरान शांति और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। ज्ञात हो की चुनाव आयोग ने जोरापोखर क्षेत्र में कुल 346 बूथ निर्धारित किए हैं, जहां मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस क्षेत्र में सुरक्षा बलों की उपस्थिति से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी अप्रिय घटना न हो।झारखंड में चुनाव दो चरणों में, 13 और 20 नवंबर 2024 को होंगे, और मतगणना 23 नवंबर को होगी।

## पहली रोटी गाय की, परंपरा जीवित रखने को अभियान चला रही गोशाला : रागिनी



झरिया, (धनबाद), बस्ताकोला स्थित श्री झरिया गोशाला की घर की पहली रोटी गाय के नाम कार्यक्रम का आज तीन साल कुछ माह हो गया है। शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी गोशाला पहुंचकर गाय माता को रोटी ओर गुड़ चना खिलाया।इस मौके पर रागिनी ने तुला दान में अपने शरीर के वजन के बराबर गाय का गौ भोजन गौशाला में दान किया। इस दौरान रागिनी सिंह कमिटी के द्वारका प्रसाद गोयनका, मुरलीधर पोद्दार, अनील खेमका, निशांत गोयनका, हरिराम गुप्ता सहित अन्य सदस्यों से मिले। रागिनी सिंह ने कहा कि सनातन धर्म में परंपरा रही है कि परिवार में बनने वाली पहली रोटी गाय के हिस्से की होती है। बस्ताकोला गोशाला ने इस परंपरा को जीवंत करने की कोशिश की है और वर्तमान में यह एक अभियान का रूप ले चुका है। जब तक जीवित रहेंगे रहेंगे, तब तक गोमाता को सेवा करते रहेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि हम लोग अपने जन्मदिन या दोस्तों को पार्टी मनाने के लिए बड़े-बड़े होटल एवं रेस्टोरेंट में पैसा खर्चा कर चले आते हैं। यही जन्मदिन अगर गोशाला में आकर गो सेवा किया जाए, इससे बड़ा पुण्य कुछ नही होगा। वही पहली रोटी गाय का संस्थापक अनिल खेमका ने कहा कि तीन साल कुछ माह पूरा हो गया है। आगे भी इसी तरह लोगों को जोड़कर इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाएंगे। आज स्थिति ये है कि गौ भक्तों की लंबी सूची बन चुकी है।

# गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल में भव्य अलंकरण समारोह आयोजित

### छात्र परिषद में निष्ठा समर्पण निष्पक्षिता के साथ कर्तव्यों का पालन करने की ली शपथ



धनबाद, बैंक मोड़ स्थित, जीजीपीएस धनबाद में शनिवार को वार्षिक अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ सुंदर स्वागत गीत तथा नृत्य से किया गया । तदनंतर प्राचार्य, सुदीप कुमार ठाकुर ने नए स्टूडेंट काउंसिल के सदस्यों को शपथ दिलाई । तत्पश्चात मंच पर चारों सदनों पवन, पानी, धरत, आकाश के कप्तान, विद्यालय के हेड बॉय हेड गर्ल तथा नवगठित कार्यकारी समिति को बैज और सैसे से औपचारिक रूप से अलंकृत किया गया । तत्पश्चात प्राचार्य ने अपने प्रेरक भाषण के द्वारा छात्र परिषद को अपने कर्तव्यों के निर्वहन में निष्पक्ष और ईमानदार रहने की सलाह दी ।उन्होंने कहा कि पद के साथ स्वयं के प्रति तथा अपने स्कूल और साथियों के प्रति जिम्मेदारी आती है। विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, दायित्व बोध तथा आत्मविश्वास विकसित होते हैं।इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं तथा विद्यार्थी मौजूद रहे । कार्यक्रम को सफल बनाने में गतिविधि समन्वयक श्रीमती सोमा मजूमदार, सीनियर कोऑर्डिनेटर, शिव कुमार, खेल शिक्षक, राजीव सिन्हा का योगदान सराहनीय रहा । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया ।स्टूडेंट काउंसिल के सदस्यों के नाम इस प्रकार है, राजू डांगुरिया (हेड बॉय) ब्यूटी घोष (हेड गर्ल) चारों सदनों के कप्तानो के नाम क्रमशः इस प्रकार है- अंकित राज, फलक सिंह (पवन हाउस), सुमित मंडल, शालिनी राय (पानी हाउस), यशवीर कुमार शर्मा, पूजा मित्तल (धरत हाउस ), आयुष राज, आफरीन फिरदौस (आकाश हाउस), रमनदीप सिंह, तृष्णा दास स्पोर्ट्स कैप्टन, लक्षित बवेजा - कल्चरल कैप्टन, सिद्धि भाटिया -लिटरेरी कैप्टन चयनित हुए। इसके साथ ही चारों सदनों के चुने गए 1 प्रीफेक्ट्स के नाम क्रमशः इस प्रकार हैं, अवनी सोनी, कृष कुमार सिंह, गुंजन कुमारी (पवन हाउस) कृष वर्मा, श्वेता कुमारी (पानी हाउस), आयुष कुमार, मुस्कान तबस्सुम (धरत हाउस), त्रिपुरारी राजवार, निशा कुमारी (आकाश हाउस ) 1

# धनबाद प्रेस क्लब के सदस्यों ने पत्रकार स्व. अजय तिवारी को दी श्रद्धांजलि



धनबाद, शनिवार को धनबाद प्रेस क्लब में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर पत्रकार स्व.अजय तिवारी को उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर, उनके तस्वीर पर उपस्थित अखबार के संपादकों प्रेस क्लब के पदाधिकारीओं व सदस्यों ने बारी-बारी से पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी ।रद्धांजलि सभा में धनबाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव झा ने कहा अजय तिवारी बहुत ही मिलनसार एवं मृदु स्वभाव के व्यक्ति थे। पत्रकारिता के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों में भी उनकी सहभागिता रहती थी। इस दुख की घड़ी में समस्त धनबाद प्रेस क्लब स्वर्गीय अजय तिवारी के परिवार के साथ खड़े है। वहीं उन्होंने समस्त पत्रकार साथियों से दो पहिया वाहन चलाते समय आवश्यक रूप से हेलमेट का प्रयोग करने की अपील की। ज्ञात हो विगत गुरुवार की देर रात सड़क हादसे में दैनिक भास्कर अखबार के पत्रकार अजय तिवारी (गोमो) निवासी की मौत हो गयी थी। जानकारी के अनुसार वह अपने कार्यालय से काम खत्म होने के बाद मध्यरात्रि अपने निवास स्थान कोयलांचल सिटी जा रहे थे। इसी क्रम में 8 लेन रोड स्थित लेमन चिली के पास किसी जानवर के आ जाने से अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर गिर गये और फिर अचेत हो गये 1 जब उन्हें अस्पताल ले जाया गया,तो डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनके निधन से पत्रकार जगत में शोक की लहर है। श्रद्धांजलि सभा में धनबाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव झा, महासचिव, अजय प्र ० , उपाध्यक्ष शशी भूषण राय, कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा,उपाध्यक्ष प्रतीक पोपट, कोयलांचल संवाद के वरिष्ठ पत्रकार सह ब्यूरो चीफ, आर एन चौरसिया, बलवंत कुमार, सुरेंद्र यादव, सचिव संजय चौरसिया, चंदन पाल, कार्यकारिणी सदस्य बिपिन रजक, रोशन सिन्हा, शिल्पा सिंह, ज्ञानवर्धन मिश्रा, रामजी यादव,अजय सिन्हा, शैलेश रावल, अशोक कुमार,कन्हाई लाल,श्रवण सिंह,नवनीत नमन जगदेव गुप्ता मनोज जेडी दा,अरुण तिवारी, अभिषेक सिंह,संजय मिश्रा,अनिल कुमार, लखन यादव,उमेश पासवान, दिनेश पासवान,अमित रंजन, वाजिद खान,प्रकाश कुमार,दिलीप कुमार ज्योति राय,शब्बीर हुसैन,सुभोजित, महेश पासवान, रणजीत सिंह,नीरज राउत,राजेश साव, मिथिलेश कुमार,निकुंज,विजय रजक, सूरज सिंह,अमित विश्वकर्मा प्रकाश कुमार,वरुण बैध राजेश कुमार, जितेंद्र कुमार,आशीष अम्बस्ट,महफूज आलम रबिंद्रनाथ चौरसिया,मोहम्मद अफ़रोज़ ,संदीप सिंह,नरेंद्र निषाद, सिथून मोदक,राकेश कुमार, विजय रवानी, धर्मवीर गोप, उत्तम श्रीवास्तव संतोष कुमार,राज कुमार जायसवाल,जितेंद्र कुमार जीतू अजय मिश्रा,विजय मिश्रा,मोहम्मद ऐनूल विश्वजीत चटर्जी,अम्बर कलश समेत धनबाद प्रेस क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# चिरकुंडा नगर परिषद के सुंदर नगर में बीसीसीएल वाटर पंप हाउस से लगभग 20 टन की हुई लोहा चोरी



चिरकुंडा, (धनबाद ), बीती रात चिरकुंडा के सुंदर नगर स्थित बीसीसीएल के वाटर पंप हाउस जो नदी किनारे में मौजूद है। यह पंप हाउस पूरा लोहे का बना हुआ था, जिसे चोरों ने कटिंग सेट से काटकर पूरा पंप हाउस को ही चोरों ने लगभग 20 टन लोहा की चोरी की है।वाटर पंप हाउस का मोटर को ढंकने के लिए लोहा का मोटे प्लेट का बना हुआ घर था।यह खबर आग कि तरह चिरकुंडा में फैल गई । लोहा चोरी की खबर को सुनकर ।समाजसेवी रंजीत रवानी ने कहा की बीसीसीएल के अधिकारी, पदाधिकारी सुरक्षाकर्मी अपनी सामान की सुरक्षा करने में बिफल है।वहीं श्री रवानी ने कहा मैं चिरकुंडा पुलिस प्रशासन से अनुरोध करता हूं की इस तरह से कटिंग सेट से लोहा काट कर चोरी करने वाले चोरों को अति शीघ्र उद्वेदन करने की कोशिश करें ।क्योंकि चोरों का मन इतना बढ़ गया है की कटिंग सेट से लोहा को काटकर चोरी कर रहे हैं।इससे प्रतीत होता है की लोहा चोरों को पुलिस प्रशासन से डर नहीं है। चोर निर्भय होकर चिरकुंडा में चोरी करने में लगा हैं ।इस स्थिति में किसी भी हाल में चिरकुंडा के लोग सुरक्षित नहीं है।ज्ञात हो की चिरकुंडा के पंचेत रोड़ में कई सड़क के किनारे लोहे के कई अवैध दुकाने खुली हुई है।साथी ही चिरकुंडा के घनी आबादी में कई लोहा के गोदाम भी हैं।जिसके कारण चिरकुंडा क्षेत्र में चोरियां बढ़ गई है। इन लोहे के अवैध दुकानदारों पर अंकुश लगानें की जरुरत हैं।

## बीसीसीएल प्रबंधन अपने दायित्व से नहीं मुकरे : रागिनी सिंह



झरिया, ( धनबाद) भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह शनिवार को झरिया विधानसभा के बस्ताकोला बंगाली कोठी, सात नंबर ओर बस्ताकोला शिव मन्दिर के लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुई। रागिनी सिंह ने कहा कि आप लोगों की जो भी समस्याएं हैं, उसको हल करने का काम किया जाएगा। लोगों को बुनियादी अधिकार देना होगा, चाहे वह कोई भी हो। खासकर बीसीसीएल प्रबंधन अपने दायित्व से नहीं मुकरे। नियमानुसार जो भी सुविधाएं हैं, उसे लोगों को देने का काम करें।

## तेली साहू महासभा दुमका की और से बबलु मंडल को बनाया तेली समाज का जिलाध्यक्ष

दुमका:अखिल भारतीय तेली साहू महासभा नई दिल्ली के सबंद्धता झारखंड तेली साहू सभा के प्रदेश अध्यक्ष महेश महतो ,प्रदेश महासचिव मदन कुमार एंव छतीसगढ़ के पूर्व विधायक छतीसगढ़ पिछड़ा आयोग के चेयरमैन डॉ सियाराम साहू संताल परगना के दौरे पर दुमका आये तथा समाज के प्रबुद्ध लोगो के साथ सामाजिक बैठक कर समाज के प्रति समर्पण, समाजिक निष्ठा को देखते हुए बबलु मंडल को दुमका का जिलाध्यक्ष घोषित किया है।आगे चेयरमैन ने कहा कि समाज को संगठित कर हर क्षेत्र में समाज की भागीदारी सुनिश्चित हो।प्रदेश अध्यक्ष महतो ने कहा कि झारखंड में तेली समाज समय के अनुसार संगठित होने की आवश्यकता है तभी झारखंड में तेली समाज का अस्तित्व बचेगा।तेली समाज अब बंधुवा वोटर नही रहेगा अपनी हक की लड़ाई समाज खुद लड़ेगी, महासचिव मदन कुमार ने कहा कि बबलु मंडल समाज के जिलाध्यक्ष के रूप में पूर्व में भी अपनी सक्रिय योगदान दिया है बबलु मंडल के जिलाध्यक्ष बनने पर समाज मे एकजुटता आएगी और संगठित होगी। मौके पर तेली साहू सभा युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप साहू,अधिवक्ता संजीव गोराई,अधिवक्ता शुभंकर मंडल अशोक मंडल, नयन मंडल, सपन मंडल,नरेश मंडल,मिथलेश मंडल,सहित अन्य मौजूद थे।

## पीएनबी बैंक ने बाजार समिति चेंबर में कैंप लगाकर कटे फटे पुराने नोट को बदला

धनबाद, बाजार समिति चेंबर के द्वारा पीएनबी बैंक के सहयोग से कैंप का आयोजन किया गया। सभी व्यापारियों के सहयोग से कैंप सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पीएनबी एवं आरबीआई की पूरी टीम को बहुत-बहुत आभार जिन्होंने 1,17,000 का कटे फटे पुराने नोट को बदला एवं करीब 3 लाख का करेंसी नोट एवं सिक्के का वितरण किया। अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल ने कहा पुनः चेंबर के द्वारा व्यापारियों के सुविधाओं के लिए इस तरह का अन्य आयोजन भी किया जाएगा।

## जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

दुमका:गोटा भारोत सिदो कान्हू हूल बैसी द्वारा जरमुण्डी प्रखण्ड अन्तर्गत चमराबहियार पंचायत के ग्राम बेदिया में जैविक खेती की एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न किया गया।बैसी के पुर्व सचिव सुलेमान मराण्डी ने उपस्थित किसानों एवं सामूदायिक नेताओं को जैविक खेती के लाभ की विस्तृत जानकारी दी।

# कांसेप्चुअल ब्लॉकचेन पर पांच दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का हुआ उद्घाटन



धनबाद, झारखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी से संबद्ध विभिन्न तकनीकी संस्थानों के 57 संकाय सदस्यों ने आईआईटी,आईएसएम के कंप्यूटर विज्ञान इंजीनियरिंग विभाग में एकत्रित होकर ब्लॉकचेन टेकनोलॉजी के विभिन्न पहलुओं के बारे में सीखा, जो एक डेटाबेस मैकेनिज्म है, जो लेन देन को रिकॉर्ड करने और संपत्ति पर नज़र रखने में मदद करता है ।यह अवसर कॉन्सेप्चुअल ब्लॉकचैन पर पांच दिवसीय फैकल्टी डेवेलोपमेंट प्रोग्राम का उद्घाटन दिवस था, जो इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार की एक प्रायोजित परियोजना के रूप में आईआईटी, आईएसएम के कंप्यूटर विज्ञान इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित एप्लिकशन पोर्टफोलियो है ।पांच दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागी ब्लॉकचेन की मूल अवधारणाओं को समझने के अलावा के ब्लॉकचेन टेकनोलॉजी विभिन्न अनुप्रयोगों के बारे में भी जानेंगे।आईआईटी, आईएसएम के कंप्यूटर विज्ञान इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर और एफडीपी के समन्वयक प्रो. धारावत रमेश ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य वित्त, स्वास्थ्य देखभाल, आपूर्ति श्रृंखला आदि में ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी के विशाल अनुप्रयोगों के बारे में ज्ञान के साथ संकाय सदस्यों को सशक्त बनाना है।कंप्यूटर विज्ञान इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. सचिन त्रिपाठी ने कहा कि संकाय विकास परियोजना इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सूचना सुरक्षा शिक्षा और जागरूकता आई. एस. ई. ए. का हिस्सा है 1 साथ ही उन्होंने कहा कि यह परियोजना सूचना सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं से संबंधित है और आई. आई. टी.,आई. एस. एम. ने परियोजना के विभिन्न चरणों के माध्यम से विभिन्न सेमिनार, सम्मेलन, वेबिनार आदि का आयोजन किया ।प्रो. त्रिपाठी ने कहा, आईएसईए के तहत की जाने वाली गतिविधियों का उद्देश्य सूचना सुरक्षा के बारे में जागरूकता और नेटवर्क सुरक्षा और मल्टीमीडिया सुरक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि आईएसईए के तीसरे चरण के तहत सूचना सुरक्षा से संबंधित 10 व्यापक विषयों की पहचान की गई है, जैसे कि ब्लॉकचेन, क्रिप्टोग्राफी, आईओटी और सीआई-आधारित सुरक्षा, और तदनुसार इन सूचना सुरक्षा पहलुओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए संस्थानों के समूहों की पहचान की गई है।प्रो. चिरंजीव कुमार, प्रमुख, कंप्यूटर विज्ञान इंजीनियरिंग विभाग, ने प्रतिभागियों को अपने संबोधन के दौरान, इतिहास और विभाग द्वारा पेश किए जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों का विवरण प्रस्तुत किया ।

## रंगोली बनाकर मतदान की तिथि की जानकारी दी गई



दुमका:विधानसभा चुनाव के दौरान जिले के मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से निर्वाचन विभाग की ओर से स्वीप कोषांग के तहत प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रम चलाया जा रहा है। स्वीप कार्यक्रम के तहत आज शनिवार को सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में रंगोली बनाकर मतदान की तिथि की जानकारी दी गई। इसी क्रम में दुमका प्रखंड के नकटी आंगनवाड़ी केंद्र में स्वीप के तहत आयोजित कार्यक्रम में सहायक समाहर्ता अभिनव प्रकाश ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य आप सभी के माध्यम से विभिन्न गतिविधि आयोजित कर लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करना है। इससे मतदान प्रतिशत में भी बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि रंगोली प्रतियोगिता के जरिए मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ताकि हर मतदाता जागरुक, जिम्मेदार बने और अपने मताधिकार का सही उपयोग सुनिश्चित कर सकें। इस दौरान सभी ने मतदाता शपथ ग्रहण किया, और चुनाव संबंधी संदेश से भरे पोस्ट को विभिन्न स्थलों पर अधिष्ठापित किया।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com ▶समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।